रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 12 मई 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 260 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### पीएम मोदी ने भूटान के प्रधानमंत्री से बात की



**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भूटान के प्रधानमंत्री डॉ. लोटे त्शेरिंग के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। मंगलवार को हुई बातचीत के दौरान भूटान के प्रधानमंत्री ने कोविड-19 महामारी की मौजूदा लहर से लड़ने में भारत और भारतवासियों के साथ एकजुटता दिखाई। श्री मोदी ने भूटान सरकार और भूटानवासियों को उनकी सद्भावनाओं और समर्थन के लिये धन्यवाद दिया। उन्होंने भूटान नरेश के नेतृत्व में महामारी के खिलाफ जंग में भूटान की भूमिका की सराहना की और महामारी के खिलाफ किये जाने वाले प्रयासों के लिये उन्हें शुभकामनायें दीं। दोनों नेताओं ने सहमति व्यक्त कि मौजूदा संकट से भारत और भूटान के बीच विशेष मैत्री को और बढ़ावा दिया जा सकता है। दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण सम्बंध आपसी समझ, आपसी सम्मान, साझा सांस्कृतिक विरासत और लोगों के बीच सौहार्द पर आधारित हैं।

### वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं का अभिनंदन किया नायडू ने

**नयी दिल्ली।** उप राष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने विज्ञान, वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं का अभिनंदन करते हुए कहा है कि वे समाज में खुशहाली, स्वास्थ्य और समृद्धि लाए हैं। श्री नायडू ने मंगलवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर जारी एक संदेश में कहा कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार प्रगति के प्रतीक हैं। श्री नायडू ने कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर देश के वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं का मैं हार्दिक अभिनंदन करता हूँ। विज्ञान प्रौद्योगिकी और नवाचार ही आज की प्रगति के पर्याय हैं। हमारे शोधकर्ता समाज में खुशहाली, स्वास्थ्य और समृद्धि लाए, इस दिशा में आपकी भावी सफलताओं की कामना करता हूँ।

### रूस के स्कूल में गोलीबारी, 11 की मौत

**मॉस्को।** रूस में कजान शहर में एक स्कूल में मंगलवार को दो हमलावरों ने गोलीबारी की जिससे नौ बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गयी और 32 अन्य घायल हो गये। न्यूज एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि एक हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि दूसरे को पुलिस ने मार गिराया।

# छत्तीसगढ़ में कोरोना अब ढलान पर, संक्रमण की रफ्तार धीमी हुई

## ऑक्सीजन और अस्पतालों में बिस्तरों की उपलब्धता बढ़ी, हर वर्ग का टीकाकरण अब तेज रफ्तार से

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर अब ढलान पर है। राज्य में संक्रमण की दर में कमी आयी है साथ ही कोविड से मृत्यु की संख्या भी कम हुई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व और निर्देशन पर राज्य के अस्पतालों में आक्सीजन और बिस्तरों की उपलब्धता भी बड़ी है साथ ही प्रदेश में अब हर वर्ग का टीकाकरण भी तेजी से जारी है।

**पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में कमी-** कोविड-19 महामारी की दूसरी लहर में प्रदेश में पॉजिटिव प्रकरणों में कमी देखी जा सकती है। जहां 24 अप्रैल को राज्य में करीब 17 हजार धनात्मक प्रकरण थे वहीं 26 अप्रैल को 15 हजार 84 तथा 29 अप्रैल को 15 हजार 804, 4 मई को 15 हजार 785 वो अब धीरे-धीरे घटकर 8 मई को 12 हजार 239, 9 मई को 9 हजार 120 तथा 10 मई को 11 हजार 867 रही।

**दैनिक पॉजिटिविटी दर 31 से घटकर पहुंची 18 के करीब-** प्रदेश में कोविड-19 दैनिक धनात्मकता दर में भी काफी कमी आयी है। 23 अप्रैल को जहां यह 31.4 थी वह क्रमशः घटते हुए 26 अप्रैल को 27.8, 30 अप्रैल को 25.2, 3 मई को 26.1, 6 मई को 22.6, 8 मई को 19.8, 9 मई को 18.7 और 10 मई को 18.3 पहुंच गई है।

**दैनिक मृत्यु की संख्या में भी कमी-** कोविड-19 के तहत होने वाली दैनिक मृत्यु की संख्या में भी कमी देखी जा सकती है। 5 मई को जहां 253 मृत्यु दर्ज हुई थी वह 7 मई को 208, 9 मई को 198 और 10 मई को 172 दर्ज हुई है।

डेडिकेटेड कोविड अस्पताल एवं कोविड केयर सेंटर में 31 हजार 295 बिस्तरों की व्यवस्था- वर्तमान में 11,719 सामान्य, 6,284 आक्सीजन बेड, 684 एचडीयू, 783 आईसीयू और 297 वेंटिलेटर बेड है रिक्त कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए छत्तीसग? में वर्तमान में डेडिकेटेड कोविड अस्पताल एवं कोविड केयर सेंटरों में



कुल 31 हजार 295 बिस्तरों की व्यवस्था है। जिसमें 2 हजार 953 आई.सी.यू., एक हजार 570 एच.डी.यू. बिस्तर तथा 9 हजार 954 ऑक्सीजनयुक्त बेड शामिल है। वर्तमान में खाली बेडों की बात की जाए तो 11 हजार 719 सामान्य बेड, 6 हजार 284 आक्सीजन बेड, 684 एचडीयू, 783 आईसीयू और 297 वेंटिलेटर खाली है।

कोविड केयर सेंटरों की बात करें तो यहां कुल 5 हजार 294 कुल बेड है जिसमें 554 आई.सी.यू., 515 एच.डी.यू. और 2 हजार 516 ऑक्सीजनयुक्त बिस्तर है। इसी तरह कोविड केयर सेंटरों में कुल 16 हजार 405 बिस्तर है जिसमें 3 हजार 43 ऑक्सीजनयुक्त है। प्रदेश के निजी कोविड अस्पतालों की बात करें तो यहां कुल 9 हजार 596 बेड है जिसमें 2 हजार 399 आई.सी.यू., एक हजार 55 एच.डी.यू. और 4 हजार 395 ऑक्सीजनयुक्त बिस्तर है।

**हर वर्ग का तेजी से हो रहा टीकाकरण-** कोविड-19 महामारी से बचाव के लिए प्रदेश में हर वर्ग का टीकाकरण का कार्य तेजी से जारी है। 18 से 44 आयु वर्ग के टीकाकरण के तहत 9 मई तक एक लाख 93 हजार 894 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। इसमें 36 प्रतिशत एपीएल, 31 प्रतिशत बीपीएल, 29 प्रतिशत अंत्योदय और 4 प्रतिशत अग्रिम पंक्ति के लोग शामिल है। इसी तरह राज्य में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रथम डोज में 89 प्रतिशत और द्वितीय डोज में 63 प्रतिशत तथा अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ता को प्रथम डोज में 100 प्रतिशत तथा द्वितीय डोज में 61 प्रतिशत कव्हरेज हो चुका है। 45 वर्ष से अधिक नागरिकों के टीकाकरण में 43 लाख 32 हजार लोगों को प्रथम डोज तथा 4 लाख 99 हजार लोगों को द्वितीय डोज लगाया जा चुका है।

### पर्याप्त मात्रा में कोविड दवाओं की उपलब्धता

कोविड-19 महामारी के उपचार के लिए राज्य में वर्तमान में पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता है। इसमें यदि एजिथ्रोमाईसिन टेबलेट की बात करें तो जिलों में 4 लाख 45 हजार 271 और सीजीएमएससी में 52 हजार 800 टेबलेट उपलब्ध है। इसी तरह हाईड्रोक्सी क्लोरोक्वीन जिलों में 13 लाख 83 हजार 280 तथा सीजीएमएससी में 4 लाख 10 हजार 880, आईवरमेक्टीन जिलों में 11 लाख 19 हजार 278, सीजीएमएससी में 90 हजार 100, विटामिन सी जिलों में 12 लाख 57 हजार 554, सीजीएमएससी में 3 हजार 200, जिंक जिलों में 24 लाख 9 हजार 21, सीजीएमएससी में 64 लाख 71 हजार, इंजेक्शन रेमडीसिविर जिलों में 9 हजार 816 तथा सीजीएमएससी में 7 हजार 374, इंजेक्शन इनोक्सापेरिन जिलों में 7 हजार 389 तथा सीजीएमएससी में 10, फेविपीरावीर जिलों में 14 हजार 107 तथा इंजेक्शन डेक्सामीथासोन जिलों में 51 हजार 543 तथा सीजीएसएससी में 93 उपलब्ध है।

# सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकवादी ढेर



वार्ता < श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू-कश्मीर में अनंतनाग जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्करे तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गये। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर राष्ट्रीय राइफल्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पुलिस के विशेष अभियान समूह ने सुबह अनंतनाग से करीब 30 किलोमीटर दूर वैलू कोकरनाग के जंगल इलाकों में संयुक्त घेराबंदी और तलाश अभियान छेड़ा। वैलू में सभी निकासी स्थलों को सील करने के बाद सुरक्षा बल के जवान लक्षित इलाके की ओर बढ़ रहे थे, तभी वहां छुपे आतंकवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गोलियां चलायीं। दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गये। मृत आतंकवादियों की पहचान इलयास अहमद डार उर्फ समीर, उबैद शफी उर्फ अब्दुल्ला और अकिब अहमद लोन उर्फ साहिल के रूप में की गयी है। उन्होंने बताया कि पुलिस रिकार्ड के मुताबिक तीनों आतंकवादी लश्करे तैयबा समूह से जुड़े थे और सुरक्षा बलों एवं सुरक्षा प्रतिष्ठानों पर कई हमलों को अंजाम देने वालों में शामिल थे। मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 राअफल , दो पिस्तौल और विस्फोटक सामग्रियों समेत हथियार भी बरामद हुए हैं। इस बीच, पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर वृत) विजय कुमार ने पुलिस और सुरक्षा बलों को अभियान की सफलता के लिए बधाई दी है। उन्होंने दिशाभ्रमित युवकों को समाज की मुख्यधारा में वापस लौटने के लिए प्रेरित करने के वास्ते उनके अभिभावकों से भी अपील की।

# कोरोना के खिलाफ लड़ाई में लोगों को गुमरह कर रही कांग्रेस : भाजपा

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी ) में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रस्ताव के बाद भारतीय जनता पार्टी( भाजपा ) ने पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस कोरोना के खिलाफ जारी देश की लड़ाई में लोगों को गुमराह करने और भय का झूठा माहौल पैदा करने में लगी हुई है। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को इस संदर्भ में चार पृष्ठों की चिट्ठी लिखी। उन्होंने पत्र में लिखा है कि संकट के इस दौर में राहुल गांधी सहित उसके नेताओं के व्यवहार को छल कपट और नकारात्मक राजनीति के लिए याद किया जाएगा। उन्होंने राहुल गांधी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के हाल के बयानों की निंदा की और कहा कि आज के समय में कांग्रेस का आचरण दुखी करने वाला हैं, लेकिन आश्चर्य नहीं हुआ। आपकी पार्टी के कुछ सदस्य लोगों की मदद करने में सराहनीय काम कर रहे हैं, उनकी मेहनत को पार्टी के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा फैलाई गयी नकारात्मकता से ग्रहण लग जाता है। भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेसी मुख्यमंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं पर वैक्सीन को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह स्थिति ऐसे समय में पैदा की गई जब देश संकट से जूझ रहा है और वह भी सदियों में एक बार आने वाली महामारी से। उन्होंने कहा कि आज के समय में जब भारत कोरोना के खिलाफ अत्यंत साहस के साथ लड़ रहा है, हर कोई चाहेगा कि कांग्रेस के शीर्ष लोग , जनता को गुमराह करने, झूठी दहशत पैदा करने और सिर्फ राजनीतिक स्वार्थ के चलते अपने बयानों से विरोधाभास पैदा करना बंद कर दें।

# वैक्सीन की कमी देश के लिए बड़ी चुनौती : केजरीवाल

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश में कोविड-19 वैक्सीन की कमी को एक बड़ी चुनौती बताते हुए केंद्र को सुझाव दिया कि इसकी मांग को पूरा करने के लिए केवल दो ही नहीं बल्कि और अधिक कंपनियों के भी टीका बनाये जाने के साथ ही इसका फार्मूला साझा किया जाना चाहिए। श्री केजरीवाल ने मंगलवार को यहां डिजिटल प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में महज दो कंपनियां वैक्सीन बना रही है। ये दोनों कंपनियां प्रत्येक माह में केवल छह-सात करोड़ वैक्सीन बना रही हैं। इस स्थिति में पूरे देश के लोगों के टीकाकरण में दो साल से अधिक समय लगेगा। तब तक कोरोना की और कितनी लहर आयेंगी तथा कितना नुकसान झेलना पड़ेगा, ये हम नहीं जानते। उन्होंने कहा कि देश में टीकों के उत्पादन को समुचित स्तरों पर बढ़ाने के अलावा अगले कुछ महीनों के भीतर प्रत्येक व्यक्ति के टीकाकरण के लिए एक राष्ट्रीय नीति तैयार करनी चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि जब तक सभी को टीके नहीं लगाये जाते हैं, तब तक लड़ाई नहीं जीती जा सकती। उन्होंने कहा कि आज मैं एक सुझाव देना चाहता हूं कि टीका बनाने का काम केवल दो कंपनियों द्वारा नहीं किया जाना चाहिए तथा और भी कंपनियों को टीके के उत्पादन में लगाया जाना चाहिए। केंद्र सरकार को चाहिए कि वह इन दोनों कंपनियों से वैक्सीन बनाने का फॉर्मूला लेकर उन सभी कंपनियों के साथ साझा करवाने की पहल करें, जो सुरक्षित रूप से वैक्सीन बना सकें। मुख्यमंत्री ने कहा,÷वर्तमान में कई भारतीय कंपनियां पीपीई किट बना रही हैं और यही कारण है कि हम पीपीई किट के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं हैं। देश में कई बड़े उद्योगपति हैं। हमारे पास दुनिया की कुछ सबसे बड़ी फार्मा कंपनियां हैं। हमारे पास विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक हैं। मैं यह बात गारंटी के साथ कह सकता हूं कि अगर उन्हें मौका दिया जाता है, तो वे पूरा साथ देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वैक्सीन उत्पादक कंपनियों को मिलने वाले लाभ का एक हिस्सा उन कंपनियों को रॉयल्टी के रूप में दिया जा सकता है, जिनके पास मूल फॉर्मूला है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इस तरह हम अगली लहर से पहले देश के प्रत्येक नागरिक को एक सुरक्षा प्रदान करने में सक्षम होंगे।

# पेट्रोल-डीजल जीएसटी के दायरे में लाये सरकार : कांग्रेस

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों मे बेतहाशा बढ़ोतरी को लेकर सरकार पर हमला करते पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में लाकर इन पर उत्पाद शुल्क वापस लेने की मांग की है। कांग्रेस के महासचिव एवं संचार विभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला मंगलवार को यहां जारी एक वक्तव्य में भाजपा को 'भारतीय जनलूट पार्टी' करार देते हुए कहा कि पांच राज्यो के विधानसभा चुनाव ख़त्म होते ही उसने तेल की लूट का खेल शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पिछले आठ दिन में पेट्रोल 1.40 रुपए और डीजल 1.63 प्रति लीटर महंगा कर दिया है। उनका कहना था कि इस सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क क्रमशः 23.78 और 28.37 रुपए प्रति लीटर बढ़ाया है और देश की जनता के हित में इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। प्रवक्ता ने कहा कि मई 2014 में मोदी सरकार ने पहली बार सत्ता संभाली थी तो तब पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क 9.20 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 3.46 रुपये प्रति लीटर था लेकिन इस सरकार के कार्यकाल में यह पेट्रोल पर 23.78 प्रति लीटर और डीजल पर 28.37 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि 2014-15 से अब तक सरकार ने 12 बार पेट्रोल और डीजल पर करों में वृद्धि की और जनता से साढ़े छह साल में 21.50 लाख करोड़ रुपए वसूले हैं। कोरोना काल में भी पेट्रोल -डीजल कीमतों में बार-बार बढ़ोतरी कर मुनाफाखोरी की जा रही है और इस काल में ही पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क बढ़ाया गया है।

## देश में रिकवरी रेट बढ़कर 16.16 प्रतिशत हुई

# देश में घटकर 37, 15, 221 पर पहुंचे कोरोना के सक्रिय मामले

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




देश कोरोना वायरस (कोविड-19) की रफ्तार धीमी पड़ने तथा इससे ठीक होने वाले लोगों की संख्या संक्रमण के नए मामलों की तुलना में अधिक होने के कारण सक्रिय मामले घटकर 37, 15, 221 रह गए हैं। इस बीच देश में पिछले 24 घंटों के दौरान 25,03, 756 लोगों को टीकाकरण हुआ। इसके बाद अब तक 17 करोड़ 27 लाख 10 हजार 066 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से मंगलवार की सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना 3,29,942 नये मामले आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर दो करोड़ 29 लाख 92 हजार 517 हो गया। वहीं इस दौरान 3,56,082 लोग इस महामारी से ठीक हुए, जिसके बाद कोविड-19 को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 1,90,27,304 हो गयी। देश में इस समय कोरोना के सक्रिय मामलों में की संख्या 37,15,221 है। इसी अवधि में 3,876 मरीज अपनी जान गंवा बैठे और इसके बाद इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,49,992 हो गयी है। देश में रिकवरी रेट बढ़कर 82.75 फीसदी और सक्रिय मामलों की दर घटकर 16.16 प्रतिशत हो गयी है, वहीं मृत्युदर अभी 1.09 फीसदी है।

महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों के दौरान सक्रिय मामले 24920 घटकर 5,93, 150 पर आ गए हैं। इस दौरान राज्य में 61,607 और मरीजों के ठीक होने के बाद कोरोना को मात देने वालों की तादाद बढ़कर 44, 69,425 हो गयी है जबकि 549 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 76, 398 हो गया है।

### दुनियाभर में अब तक 15.89 करोड़ से ज्यादा लोग संक्रमित

विश्वभर में कोरोना के लगातार बढ़ते प्रकोप के बीच इसके संक्रमितों की संख्या 15.89 करोड़ से अधिक हो गई और करीब 33.04 लाख लोगों की मौत हुई है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केंद्र (सीएसएसई) की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार दुनिया के 192 देशों एवं क्षेत्रों में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 15 करोड़ 89 लाख 57 हजार 220 हो गयी है, जबकि 33 लाख 03 हजार 877 लोगों की मौत हो चुकी है। वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना वायरस की रफ्तरा थोड़ी धीमी पड़ी है तथा यहां संक्रमितों की संख्या तीन करोड़ 27 लाख 44 हजार 100 हो गयी है जबकि 5.82 लाख से ज्यादा मरीजों की इस महामारी से मौत हो चुकी है। दुनिया में कोरोना संक्रमितों के मामले में भारत दूसरे स्थान पर और मृतकों के मामले में तीसरे स्थान पर है। पिछले 24 घंटों में कोरोना 3,29,942 नये मामले आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर दो करोड़ 29 लाख 92 हजार 517 हो गया। वहीं इस दौरान 3,56,082 लोग इस महामारी से ठीक हुए, जिसके बाद कोविड-19 को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 1,90,27,304 हो गयी। देश में इस समय कोरोना के सक्रिय मामलों में की संख्या 37,15,221 है। इसी अवधि में 3,876 मरीज अपनी जान गंवा बैठे और इसके बाद इस महामारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,49,992 हो गयी है। ब्राजील संक्रमितों के मामले में अब तीसरे स्थान पर है। देश में कोरोना संक्रमण के मामले फिर से बढ़ रहे हैं और अभी तक इससे करीब 1.52 करोड़ लोग प्रभावित हुए हैं जबकि 4.23 लाख लोगों की मौत हो चुकी है। ब्राजील कोरोना से मौतों के मामले में विश्व में दूसरे स्थान पर है।

# निर्माण कार्य लोगों की सुविधा के लिए न कि संसद को लेकर : केंद्र

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि कोरोना लॉकडाउन के दौरान मध्य दिल्ली राजपथ और इसके आस पास हो रहा निर्माण सेंट्रल विस्टा के लिए नहीं बल्कि शौचालय ब्लॉक, पार्किंग स्थल तथा राहगीरों के अंडरपास जैसी जन सुविधाओं के वास्ते हो रहा है। न्यायालय कोविड-19 महामारी के बढ़ते मामलों के बीच सेंट्रल विस्टा के सभी निर्माण कार्यों पर रोक लगाने संबंधी याचिका पर सुनवाई कर रहा है। केंद्र के हलफनामे में कहा गया है, परियोजना के लिए कार्य का दायरा वह नहीं है जिसे बोलचाल की भाषा में सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट कहा जाता है। याचिकाकर्ता अन्या मल्होत्रा और सोहेल हाशमी ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार द्वारा आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के परिपत्र का उल्लंघन किया गया है क्योंकि केवल आपातकाल या आवश्यक सेवाओं को लॉकडाउन के दौरान अनुमति दी जाती है। इसके अलावा, याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि दिशानिर्देशों के अनुसार, सभी निर्माण गतिविधियों को बंद करना होगा सिवाय उन सभी को छोड़कर जहां मजदूर कार्यस्थल पर रहते हैं। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि करोल बाग, कीर्ति नगर और सराय काले खां से बस के जरिए विस्टा परियोजनाओं के मजदूरों को लाया और वापस भेजा जाता है। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की पीठ ने मामले को बुधवार के लिए स्थगित कर दिया क्योंकि केंद्र सरकार का जवाब रिकॉर्ड नहीं हो सका था। अदालत ने इससे पहले कोई आदेश पारित किए सुनवाई के लिए 17 मई की तारीख मुकर्रर की थी। इसके बाद याचिकाकर्ताओं ने उच्चतम न्यायालय से गुहार लगाई थी। शीर्ष अदालत ने हालांकि हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, लेकिन याचिकाकर्ताओं को दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष इस मामले की जल्द सुनवाई के लिए आग्रह करने का छूट दी थी। सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत एक नया संसद भवन, एक नया आवासीय परिसर, जिसमें प्रधानमंत्री और उप राष्ट्रपति के निवास शामिल होंगे, कई कार्यालयों के सरकारी भवन और मंत्रालय के कार्यालयों को समायोजित करने के लिए एक केंद्रीय सचिवालय, राजपथ क्षेत्र और उसके आसपास के इलाकों में पुनर्निर्माण किया जाएगा।

# कांग्रेस ने भाजपा से पूछे पांच सवाल

# झूठी बयानबाजी, झूठे आरोप को ही भाजपा विपक्ष का धर्म समझ बैठी : सुशील आनंद

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि झूठो बयान बाजी और झूठे आरोप लगाने को ही भाजपा विपक्ष का धर्म समझ बैठी है। यह दुःखद है की वैश्विक महामारी के इस दौर में भी प्रदेश की विपक्षी पार्टी सिर्फ राजनैतिक प्रोपोगंडा में लगी है। कोरोना के दूसरी लहर की शुरुआत में राज्य में कोरोना का संक्रमण तेजी और भयावह रूप से बड़ा। राज्य सरकार और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सूझबूझ से आज छत्तीसगढ़ में टेस्टिंग से लेकर इलाज तक की सारी सुविधाएं व्यवस्थित है। राज्य में ऑक्सीजन बेड से ले कर वेंटिलेटर पर्याप्त उपलब्ध है। रिकवरी दर बढ़ी है संक्रमण दर घटी है। देश भर के अन्य राज्यो के भयावह हालात की तुलना में राज्य अपने नागरिकों को बेहतर चिकित्सा उपलब्ध करवा रहा है। ऐसे समय भी भाजपाई आरोप लगाने की घटिया राजनीति से ऊपर नही उठ पा रहे है।

**कांग्रेस के प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा से पांच सवाल पूछा है -**

1-पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह राज्य सरकार से पूछते है हर महीने 25 लाख वेक्सीन कहा से आएगी? राज्य सरकार ने तो दोनों ही कम्पनियों को 75 लाख डोज का ऑर्डर दे दिया है और ऑर्डर देने की तैयारी है ।15 करोड़ का अग्रिम भुगतान भी हो गया है। रमन सिंह राज्य सरकार से सवाल तो पूछ रहे लेकिन केंद्र से उन्होंने राज्य को वैक्सीन दिलवाने में के लिये पत्राचार फोन आदि कोई प्रयास क्यो नहीं किया? रमन सिंह जब भाजपा नेताओं के साथ राज्यपाल से मिलने गए तो उन्होंने राज्यपाल से प्रदेश के द्वारा ऑर्डर की गई 75 लाख वैक्सीन की डिलवरी जल्दी करवाने की केंद्र से पहल करने का अनुरोध क्यों नहीं किया?

2 भाजपा के नेता मुख्यमंत्री से वर्चुवल मीटिंग करने क्यों तैयार नहीं हुए? यदि उनके पास वास्तव में कोरोना से निपटने के कोई ठोस महत्वपूर्ण सुझाव थे उसे नहीं देकर क्या भाजपा अपनी विपक्ष की जिम्मेदारी से भाग नहीं रही? भाजपा ने प्रेस कांफ्रेंस ले कर जो सुझाव दिया उन सुझावो को केंद्र को क्यो नही देते?

3 -कोरोना काल मे जब सोशल डिस्टेंसिग महत्व पूर्ण और आवश्यक है तब सोशल डिस्टेंसिग के बजाय प्रत्यक्ष मीटिंग करके भाजपा क्या संदेश देना चाहती थी? मुख्य मंत्री द्वारा वर्चुवल मीटिंग का प्रस्ताव यदि विपक्ष का अपमान है तो क्या मोदी जी लगातार जो मुख्यमंत्रियों से वर्चुवल मीटिंग कर रहे। केंद्रीय मंत्री मंडल की वर्चुबल बैठक लिए क्या यह सब उन सबको अपमानित करने के लिए कर रहे है ?

4- राज्य में कोरोना वैक्सीन की कमी है इस कारण वेक्सिनेशन प्रभावित हो रहा भाजपा के लोकसभा के 9 सांसदों राज्य सभा के 2 सांसदों और केंद्रीय राज्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ को वैक्सीन की आपूर्ति दिलवाने के लिए क्या प्रयास किये राज्य को सस्ता वैक्सीन दिलवाने के लिए कब क्या प्रयास किया।

5-नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक कहते है छत्तीसगढ़ ने पीएम केयर से खराब वेंटिलेटर खरीदे है ।राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि छत्तीसगढ़ ने पीएम केयर से कोई वेंटिलेटर नही खरीदा। केंद्र ने पीएम केयर के फंड से वेंटिलेटर भेजे थे जिनमें से 70 खराब को बनवाया गया उनमें से 4 सुधर भी नही पाए। जब कि यह स्पष्ट हो गया केंद्र ने छत्तीसगढ़ को घटिया वेंटिलेटर भेजे थे। राज्य पर आरोप लगाने वाले नेता प्रतिपक्ष ने केंद्र से पूछा कि राज्य को इस आपदा के समय घटिया वेंटिलेटरो की सप्लाई कर राज्य की जनता के प्राणों को संकट में क्यो डाला गया?

### भाजपा का सवाल –गंगाजल हाथ में लेकर पूर्ण शराबबंदी की कसमें खाने वालों को होम डिलीवरी करने में शर्म महसूस क्यों नहीं हो रही?



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्त ा संजय श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ में घर-घर शराब पहुंचाकर बेचने के प्रदेश सरकार के फैसले को लेकर भाजपा के मुखर विरोध और व्यापक जना ोश से बौखलाए एक कांग्रेस प्रवक्त ा आरपी सिंह के बयान पर पलटवार करके कहा है कि भाजपा शासित राज्यों में शराब बिक्री का हवाला देकर चापलूस 'पंजेड़ियों' को अपने पापों से कतई मुक्ति नहीं मिल पाएगी। श्रीवास्तव ने कहा कि गंगाजल हाथ में लेकर छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबबंदी की कसमें खाने वाले पंजेड़ियों को अब प्रदेश में शराब की होम डिलीवरी करने में जरा भी शर्म महसूस क्यों नहीं हो रही है? भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीवास्तव ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ को कोरोना संक्रमण की इस दूसरी भयावह लहर के गर्त में धकेलकर अपनी हर जिम्मेदारियों से मुंह चुराती प्रदेश की कांग्रेस सरकार सियासी लफ्फाजियां करने में मशगूल हो जाए, इस प्रदेश सरकार के मुखिया क्रिकेट मैच और मेला-महोत्सव कराके प्रदेश को कोरोना की अंधी गली में भटकने, लाखों लोगों को इस महामारी से अकेले जूझने व हजारों लोगों को कोरोना की मौत देने और असम में जाकर अपने झूठी राजनीतिक उपलब्धियों के लिए अपने मुंह मियां मिट्ठू बनने में कोई शर्म महसूस नहीं हो तो प्रदेश की जनता के दुःख-दर्द में उनके साथ भाजपा के खड़े होने पर 'पंजेड़ियों' को क्यों बौखलाहट हो रही है? श्रीवास्तव ने कहा कि जब प्रदेश को कोरोना संक्रमण से मुकाबले के लिए पर्याप्त जांच केंद्र, कोविड अस्पताल, दवाइयाँ, क्वारेंटाइन सेंटर्स और कोविड सेंटर्स में पुख्ता इंतजाम की जरूरत है तब प्रदेश सरकार को दारू बेचते हुए देखकर भाजपा के विरोध से कांग्रेस के लोग खंभा नोचने क्यों लग जाते हैं?

### 'मोदी और अमित शाह देश में कोरोना फैलाने के जिम्मेदार'

छत्तीसगढ़ में कोरोना की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कांग्रेस सांसदों, विधायकों की बैठक ली। इस दौरान पीसीसी चीफ मोहन मरकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कोरोना से कैसे लड़ें इस पर चर्चा हुई है। हर जिले की रिपोर्ट ली गई है. कई अहम बिंदु सरकार के संज्ञान में लाए गए। इसके अलावा मोहन मरकाम ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में कोरोना फैलने के जिम्मेदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह हैं।



**मोहन मरकाम ने भाजपा पर साधा निशाना**

मोहन मरकाम ने कहा कि देश में लाखों की भीड़ जुटाकर रैलियां करते रहे. कुम्भ कराते रहे. आज गंगा में शव बह रहे हैं. इससे भयावह स्थिति देश ने कभी नहीं देखा. उन्होंने कहा कि देश में लॉकडाउन लगाया जाएगा तो छत्तीसगढ़ में संभव है कि इसे बढ़ाया जाएगा। मोहन मरकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कोरोना से अब हालात सुधर रहे हैं। ऑक्सीजन बेड, वेंटिलेटर की स्थिति सुधरी है।

**मरकाम का पटलवार**

इस दौरान मरकाम ने शराब की होम डिलीवरी पर बीजेपी के सवालों पर कहा कि क्या ये शराब की जगह अमृत पंहुचा रहे थे?. छत्तीसगढ़ 7 राज्यों से घिरा है। अवैध रूप से शराब आ रहा है। इसे रोकने के लिए सरकार यदि ऑनलाइन शराब बेच रही है, तो इनके पेट में दर्द क्यों हो रहा है. बीजेपी नेताओं का चाल चरित्र चेहरा अलग अलग है। यूपी, कर्नाटक, हरियाणा जैसे अन्य राज्यों में शराब बिक रही है। यहां बीजेपी को सिर्फ राजनीति करनी है।

मरकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कोरोना से कैसे लड़े इस पर चर्चा हुई है। हर जिले की रिपोर्ट ली गई है। कई अहम बिंदु सरकार के संज्ञान में लाए गए हैं। छत्तीसगढ़ में हालात सुधर रहे हैं. आक्सीजन बेड, वेंटिलेटर की स्थिति सुधरी है. आंध्रप्रदेश को लेकर कहा जाता था कि अच्छी स्वास्थ्य सुविधा है, लेकिन वहां भी ऑक्सीजन की कमी से लोग मर रहे हैं. जबकि छत्तीसगढ़ देश के 9 राज्यों को ऑक्सीजन दे रहा है। बीजेपी झूठ की राजनीति कर रही है. बीजेपी के नेता संवेदनशील होते तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 12 तारीख को वर्चुअल बैठक के लिए वक्त दिया था। देश में कोरोना बढ़ने के लिए प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह जिम्मेदार हैं. लाखों की रैलियां करते रहे, कुम्भ कराते रहे।

**गंगा में शव बह रहे हैं इससे भयावह स्थिति देश ने कभी नहीं देखा**

मोहन मरकाम ने कहा कि रायगढ़, जांजगीर चाम्पा में सं मण के मामले अभी अधिक हैं। रायपुर, दुर्ग और राजनांदगांव जहां केसेज ज्यादा आ रहे थे वहां अब कम केस आ रहे हैं. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने 70 लाख से ज्यादा वैक्सीन के आर्डर दिए हैं. इससे लोगों को फ्री वैक्सीन मिलेगा।

# शराब की होम डिलीवरी को लेकर दिल्ली तक गरमाई राजनीति




पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में शराब की ऑनलाइन बिक्री को लेकर शुरू हुई सियासत थमने का नाम नहीं ले रही है. अबकी बार पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने ट्वीट के जरिए छत्तीसगढ़ सरकार के इस कदम पर सवाल उठाते हुए राहुल गांधी को निशाने पर लिया है। इस पर कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश में वाराणसी के शराब दुकान खोलने का हवाला देते हुए पलटवार किया है। डॉ. रमन सिंह ने राहुल गांधी को टैग करते हुए ट्वीट किया है कि राहुल गांधी जी छत्तीसगढ़ भी इसी देश का हिस्सा है, काश आपको यहां की बदहाली और अव्यवस्था भी दिखती। टेस्टिंग के लिए लाइन, अस्पताल के लिए लाइन, ऑक्सीजन के लिए लाइन, इंजेक्शन, दवाई के लिए लाइन, वैक्सीन के लिए लाइन, बस दारू ऑनलाइन, यही है कांग्रेस की पहचान। लगातार हमला झेल रही कांग्रेस ने भी इस पर पलटवार करते हुए ट्वीट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी के कलेक्टर के शराब दुकान को खोलने वाले आदेश का हवाला दिया है। कांग्रेस ने रमन सिंह और छत्तीसगढ़ भाजपा से सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में जिस तरह से आदेश जारी करवा कर शराब की दुकानें खोली गई, वैसी छत्तीसगढ़ में खोली जाए।

### केंद्रीय मंत्री ने कसा तंज, देखिए कांग्रेस पार्टी का पाखंड!

कोरोना काल में प्रदेश सरकार के शराब की होम डिलीवरी के निर्णय की रायपुर से लेकर दिल्ली तक निंदा हो रही है। ताजा कड़ी में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए इस निर्णय को कांग्रेस पार्टी का पाखंड करार दिया है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने ट्वीट कर कहा कि ऐसे समय में जब लोगों की जान पर बन आई है और ऑक्सीजन सप्लाई, सिलेंडर, स्वास्थ्य उपकरण, हॉस्पीटल बेड और दवा की आपूर्ति युद्ध स्तर पर करते हुए लोगों की जान बचाने में लगे हुए हैं, ऐसे समय में छत्तीसगढ़ की प्राथमिकता शराब की घर पहुंच सेवा मुहैया कराना है। राज्य सरकार ने 10 मई से शराब की होम डिलवरी शुरू करने का निर्णय लिया है. पहले ही दिन शौकिनों का उत्साह देखने को मिला. ऑनलाउन बुकिंग शुरू होते ही भारी दबाव की वजह से चंद मिनटों में ही सर्वर बैठ गया. किसी तरह के इंजीनियरों ने व्यवस्था को दुरुस्त किया और ऑनलाइन बुकिंग व्यवस्था फिर से बहाल हुई. जानकारी के मुताबिक, पहले दिन सर्वर में आई दिक्क त के बाद भी 4.30 करोड़ रुपए की शराब की ऑनलाइन बुकिंग हुई है।

**केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी पर साधा निशानाः** कांग्रेस ने केवल रमन सिंह ही नहीं केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी के ट्वीट पर भी पलटवार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में शराब दुकानों में लगी कतार की फोटो चस्पा कर दी है। रोचक अंदाज में लिखे गए ट्वीट में केंद्रीय मंत्री को कहा गया कि साहेब के प्रति आपका ट्रू लव काम न आया। आपके नरेंद्र मोदी साहेब तो सीधा दारू की दुकानें खुलवा दिए।

### मोदी और भाजपा भूपेश सरकार से सीखें किसानों की कैसे मदद की जाती है –मोहन मरकाम

# उर्वरकों के दाम में बढ़ोतरी आपदा काल में मोदी सरकार की किसानों से लूट : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने खेती में काम आने वाले खाद और उर्वरकों के दामो की गयी बढ़ोतरी को आपदा काल मे मोदी सरकार के द्वारा की जा रही लूट बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि 2022 तक किसानों की आय को दुगुनी कर के सत्ता में आई मोदी सरकार किसानों की आय दुगुनी करने के बजाय खेती और किसानों को ही समाप्त करने का षड्यंत्र रच रही है।पहले किसानों के खिलाफ तीन काले कानून बनाया गया अब खेती किसानी की सबसे महत्वपूर्ण आवस्यकता खाद और उर्वरकों के दामो को ड्योढ़ा से अधिक 58 फीसदी तक बढ़ा दिया गया है। इंडियन फार्मर फर्टिलाइजर कारपोरेशन (इफको) ने विनियंत्रित खादों के दाम 45 से 58 फीसदी तक बढ़ा दिए हैं। इस वृद्धि के साथ डीएपी के 50 किलोग्राम बैग की कीमत 1,200 रुपये से करीब 58 फीसदी बढ़कर 1,900 रुपये हो गई है। हाल के दशकों में खाद कीमतों में यह अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि है। इफको के मुताबिक, एनपीके 10-26-26 की कीमत 1,175 रुपये बढ़ाकर 1,775 रुपये प्रति बैग, एनपीके 12-32-16 की कीमत 1,185 रुपये से बढ़ाकर 1,800 रुपये और एनपीएस 20-20-0-13 की कीमत 925 रुपये से बढ़ाकर 1,350 रुपये प्रति बोरी कर दी गई है। एनपीके 15-15-15 की कीमत भी बढ़कर 1,500 रुपये प्रति बैग हो गई है। इसके अलावा, कृभको, एमसीएफएल, जुआरी एग्रो केमिकल्स और प्रदीप फॉस्फेट्स ने भी डीएपी की कीमतें बढ़ाकर 1,700 रुपये कर दी है। चंबल फर्टिलाइजर एंड केमिकल्स लिमिटेड ने दाम बढ़ाकर 1,600 रुपये और इंडोराम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 1,495 रुपये प्रति बैग कर दिए हैं। सभी कंपनियों की कीमतें 1 अप्रैल, 2021 से प्रभावी हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार के उर्वरक मंत्री झूठ बोल रहे कि अभी बढ़ोतरी नही होगी जबकि देश की सहकारी क्षेत्र की सबसे ब?ी उर्वरक निर्माता कंपनी इफको ने बढ़े हुए दामों को उर्वरकों की बोरियों में छपवाना भी शुरू कर दिया गया है। इफको का कहना है कि उसके पास अभी 11.26लाख टन कॉम्पेक्स खादों का पुराना स्टॉक है जो पुराने रेट पर बेचा जाएगा उसके बाद नए रेट लागू हो जायेगे । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार उर्वरकों के दामो में की गई बढ़ोतरी के चौतरफा विरोध के बाद किसानों को लूटने के लिये पिछले दरवाजे से नीति बना रही है।



### सैलून दुकानदार की बेदम पिटाई, आरोपित फरार

**रायपुर।** गंज इलाके के भाठापारा, फाफाडीह में मेन्स पार्लर के संचालक के भाई की हाकी, राड से अधमरा करने तक पिटाई का मामला सामने आया है। मारपीट में घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अपराध कायम कर लिया है। फिलहाल आरोपितों की गिरफ्तारी नही की गई है। गंज पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार भाठापारा,फाफाडीह निवासी रवि सुरेशा (35) की खमतराई में मेन्स पार्लर है। रविवार की शाम छह बजे वह घर पर था, तभी पड़ोस के दीपक सेन उर्फ चेंदा आया और उसे बुलाकर साथ ले गया। कुछ देर बाद मोहल्ले युवकों ने घर आकर रवि के भाई राजेश सुरेशा भवानी (40) को बताया कि रवि ओवर ब्रिज फाफाडीह भाठापारा में मनोहर किराना के पास घायल हालत में पड़ हुआ है।

# सबकी सहभागिता से हारेगा कोरोना : मंत्री रूद्रकुमार

**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री ने सामाजिक संस्था श्रीराधाकृष्ण संस्कार मंच द्वारा निर्मित कोविड सेंटर का किया निरीक्षण**

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने दुर्ग जिले के जामुल नगर पालिक परिषद अंतर्गत सामाजिक संस्था श्रीराधाकृष्ण संस्कार मंच द्वारा निर्मित कोविड सेंटर का निरीक्षण किया। एवं संस्था के पदाधिकारियों व मेडिकल टीम से सौजन्य मुलाकात कर इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर सामाजिक संस्था, समाजसेवी संस्था, स्वयंसेवी संस्था, उद्योगपति और जनप्रतिनिधियों ने कोरोना की लड़ाई में बढ़-चढ़कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सबकी सहभागिता से ही कोरोना को हराने में सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए जरूरी है कि राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का सख्ती से पालन करें और लोगों में जनजागरूकता लाएं। तत्पश्चात मंत्री गुरू रुद्रकुमार ने जामुलनगर पालिका परिषद एवं एसीसी ट्रस्ट द्वारा जामुल नगर पालिक परिषद में 24 × 7 कोविड सहायतार्थ एम्बुलेंस का लोकार्पण किया और विभिन्न महिला स्व-सहायता समूह की 54 महिलाओं को कोरोना किट भी प्रदान की। एसीसी ट्रस्ट द्वारा सुरडुंग सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को 50 लीटर सेनेटाइजर और एक ऑटोमेटिक सेनेटाइजर मशीन दी है। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने एसीसी ट्रस्ट द्वारा दी गई सहायता की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में कोरोना संक्रमण को नियंत्रित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। कोरोना का यह संक्रमण काल अभी समाप्त नहीं हुआ है। आने वाले समय में कोरोना के बढ़ते प्रभाव से निपटने में सामाजिक संस्था, समाजसेवी संस्था, स्वयंसेवी संस्था, उद्योगपति और जनप्रतिनिधियों की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान कोरोना वारियर्स को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरोजनी चन्द्राकर, एसीसी ट्रस्ट के एचआर मैनेजर अनिल सिंह, एसडीएम विनय पोयाम, सीएमओ राजेन्द्र नायक सहित नगर पालिका परिषद के अधिकारी और नागरिकगण उपस्थित थे।





# कोरोना की तीसरी लहर को मात देने जैन संवेदना ट्रस्ट ने की व्यूह रचना

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



विशेषज्ञों द्वारा वैश्विक महामारी कोरोना की अब तीसरी लहर आने की आशंका व्यक्त की जा रही है. जिसके मद्देनजर जैन संवेदना ट्रस्ट एवं भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति सहित जैन समाज ने मिलकर तीसरी लहर के कोरोना को चारों खाने चित्त करने व्यूह रचना तैयार कर ली है. इसका सामना करने एकजुट होकर पूरी क्षमता व सावधानी-सतर्कता के साथ कार्य किया जाएगा. इसके लिए एक संयुक्त केंद्रीय समिति का गठन भी किया गया है. इस केंद्रीय समिति के प्रमुख सेवाभावी सदस्य हैं- महेन्द्र कोचर, विजय चोपड़ा, कमल भंसाली, चंद्रेश शाह, प्रवीण जैन,मोती जैन निर्मल गोलछा, व महावीर कोचर बचाव के हर उपायों के प्रति सतत् सजग करेगी युवाओं की टीम इस आठ सदस्यीय केंद्रीय समिति ने संयुक्त रूप से बयान जारी करते बताया कि इस संदर्भ में हाल ही में एक वेब मीटिंग लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं. जिसके तहत जागरुकता अभियान के माध्यम से सभी सजग रहने की अपील की जाएगी. शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए जनजागृति लाने युवाओं की टीम तैयार की जा रही है. व्यापारिक जनों को घर से बाहर न निकलकर अन्य माध्यम से व्यापार संचालित करने अथवा पूरी सावधानी बरतते हुए व्यापार संचालन की अपील की जाएगी. साथ ही वर्षभर सभी सामाजिक-धार्मिक आयोजन शासकीय गाइडलाइन के अनुसार केवल पांच-दस लोगों की उपस्थिति में ही संपन्न कराए जाएंगे. इसके अलावा वैवाहिक -सांस्कृतिक व शोक आदि के कार्यक्रम भी केवल परिवारजनों के बीच ही कराने का निर्णय सर्वसहमति से किया गया है. इन सभी दायित्वों को निर्वहन करने राजधानी के पूरे क्षेत्रों को विभिन्न जोन में विभाजित कर युवाओं की टीम को कार्य सौंपा जा रहा है।

### रायपुर सराफा एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लिखा पत्र

# कोरोनाकाल में कारोबार चौपट, सीएम से गुहार, सारे व्यापार खोलने की दें अनुमति

**कारोबारियों को राहत दे, आर्थिक संकट का दिया हवाला**

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com







पिछले डेढ़ साल से कोरोना संक्रमण के चलते हुए लाकडाउन और अनलॉक के बीच कपड़ा, सराफा किराना सहित अन्य व्यापार पूरी तरह चौपट हो चुका है। अब नए सिरे से कारोबारियों को तत्कालीक राहत की गुहार लगाते हुए सारे कारोबार खोलने की मांग पत्र का माध्यम कारोबारियों के संगठन ने की है। लॉकडाउन के कारण इन दिनों व्यापार-उद्योग जगत पूरी तरह प्रभावित है। कारोबारियों की कमर टूट गई है। बैंक की किश्त और ब्याज चुकाने तक व्यवस्था नहीं हो पा रही है। ऐसे में कारोबारियों का कहना है कि अब लाकडाउन से राहत मिलना जरूरी है और सभी व्यापार खोले जाने चाहिए। रायपुर सराफा एसोसिएशन ने इस संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र लिखा है। कारोबारियों का कहना है कि लाकडाउन के बाद सारे व्यापार खोले जाए और सभी व्यापार को दो शिफ्ट में बांटा जाए। एसोसिएशन के अध्यक्ष हरख मालू ने बताया कि मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए किए गए लाकडाउन की वजह से आर्थिक गतिविधि पूरी तरह से सुस्त हो गई है। छोटे व मध्यमवर्गीय व्यापारियों की आर्थिक स्थिति और खराब होते जा रही है। पत्र में मांग की गई है कि लाकडाउन के बाद सभी व्यापार खोलने की अनुमति दी जाए। भले ही सारे व्यापार दो शिफ्ट के अनुसार खोले जाएं। आवश्यक जीवन उपयोगी वस्तुओं के लिए सुबह छह से दोपहर 12 बजे तक का समय दिया जाए और बाकी कारोबार के लिए दोपहर 12 से शाम छह बजे तक का समय दिया जाए। साथ ही यह ध्यान रखा जाए कि कोरोना गाइडलाइन के नियमों का पालन हो। व्यापारी पूरी तरह से कोरोना नियमों का पालन करते हुए व्यापार करेंगे।

**छीन ली सराफा की चमक**

पिछले साल की तरह इस साल भी लाकडाउन ने सराफा की चमक पूरी तरह छीन ली है। शादी सीजन होने के बाद भी कारोबारी पूरी तरह से धड़ाम हो गया है। अब तो आने वाले तीन-चार महीनों के बाद ही कारोबार की रफ्तार थोड़ी जोर पकड़ेगी।

# मजबूत हो महामारी प्रबंधन प्रणाली : पगारिया

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया ने कहा है कि महामारी प्रबंधन प्रणाली मजबूत होनी चाहिए और कोरोनाकाल के संकट के समय लोगों को जागरुक होना भी आवश्यक है। सूचना प्रोद्योगिकी और तकनीकी के बेहतर इस्तेमाल से आनलाइन शिक्षा पद्धति को सफल बनाया जा सकता है। मैट्स विश्वविद्यालय वर्ष 2020 से कोरोनाकाल के संकट को देखते हुए विद्यार्थियों की आनलाइन कक्षाओं के साथ परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन कर रहा है। मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया ने यह बातें राज्यपाल अनुसुइया उइके की अध्यक्षता में कोरोनाकाल में विश्वविद्यालयों की भूमिका विषय पर आयोजित वेबिनार में कहीं। इस बैठक में मैट्स विश्वविद्यालय की उपकुलपति डॉ. दीपिका ढांढ, कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा सहित प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति प्रमुख रूप से उपस्थित थे। पगारिया ने इस बैठक सुझाव दिया कि सभी सार्वजनिक सामाजिक संस्थाओं द्वारा सामूहिक और व्यक्तिगत रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जाना चाहिए ताकि बड़े पैमाने पर लोग इसे अपने जीवन का हिस्सा बना सकें। लोगों को योग और अन्य अपनाकर खुद को फिट रखने की हमारी सदियों पुरानी पारंपरिक पद्धति को समझने के लिए शिक्षित करना आवश्यक है। साथ ही महामारी प्रबंधन प्रणाली को मजबूत किया जाना चाहिए। पगारिया ने इस बैठक में बातया कि विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापकों व कर्मचारियों सहित विद्यार्थियों को वेक्सीन लगाने के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

## क्विक न्यूज

### बचेली /किरंदुल /बारसूर में भी शुरू हो वैक्सीनेशन गर्भवती महिलाओं को कोरोना ड्यूटी से वंचित रखा जाए : कुणाल ठाकुर

**बचेली।** भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर ने जिला प्रशासन को एक सुझाव पत्र सौंपा है जिसमें उन्होंने उल्लेख किया है कि बचेली, किरंदुल व बारसुर में भी 18 वर्ष से अधिक आयु वालों का टीकाकरण जल्द से जल्द शुरू किया जाए। साथ ही साथ हमारी जिला प्रशासन से एक और निवेदन है कि समस्त विभाग के गर्भवती महिलाओं को व उन महिलाओं को जिनके बच्चे छोटे हैं स्तनपान कर रहे हैं ऐसे महिलाओं को कोरोना ड्यूटी से वंचित रखा जाए ।ऐसे महिलाओं की केवल कार्यालय में ही ड्यूटी लगाई जाए ताकि मां और बच्चे दोनों संक्रमण से बचे और स्वस्थ रहें।

### विधायक चंदन कश्यप ने राशन की दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**कोण्डागांव।** छतीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड अध्यक्ष व विधायक चंदन कश्यप ने शनिवार को नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बोड़नपाल, आमाबाल, मुंडागांव, घोटिया, कुरूषपाल रतेंगा मांदलापाल, कावड़गांव, कुंगारपाल, बाकेल, कई गांवों का दौरा कर सेनेटाईजर व मास्क वितरण किया, इस दौरान आमजन से कोरोना से बचने, स्वयं को सुरक्षित रखने, लोगो को जागरुक बनाएं रखने की अपील की। विधायक चंदन कश्यप ने कहा कि कोरोना से घबराए नहीं सावधानी बरते व चिकित्सा व जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए लॉक डाऊन के नियमो का पालन करें। वही साथ में सैनेटाइजर रखने हेतु जागरूकता दिलवाई। लोगों को भी दिन में कई बार सैनिटाइजर या साबुन से हाथ धोने की जानकारी

# पहली बारिश में निर्माणाधीन नाली ढहने व गुणवत्ताहीन सड़क की खुली पोल

- **कुछ महीने पहले हुए नाली निर्माण व डामर सड़क निर्माण पर उठ रहे सवाल**

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




गुणवत्ता की अनदेखी करने से महज तीन से चार महीने में ही पहली बारिश में निर्माणाधीन नाली ढहने व गुणवत्ताहीन डामरीकरण सड़क निर्माण का मामला सामने आया, बता दे नाली व डामर सड़क निर्माण मेसर्स आलोक बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड 10 कादम्बरी नगर दुर्ग (छ ग) द्वारा किया जा रहा है। जिले के विकासखंड फरसगांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ेडोंगर में फरसगांव से छेरीबेड़ा पहुंच मार्ग पर बड़ेडोंगर बस स्टैंड से अंधयारी कोट तक मेसर्स आलोक बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड 10 कादम्बरी नगर दुर्ग (छ ग) द्वारा डामर स?क व नाली निर्माण कार्य किया गया है, सड़क किनारे निर्माणाधीन सीसी नाली पहली बारिश में ही क्षतिग्रस्त होकर पांच छः जगहों से ढह गई है, साथ ही फरसगाव से लेकर छेरीबेडा तक डामरीकरण सड़क चौड़ीकरण निर्माण कार्य के दौरान की गई लापरवाही को भी उजागर कर रही है। गत दिनों फरसगांव से छेरीबेड़ा पहुंच मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य किया गया है, घटिया निर्माण के चलते पहली ही बारिश में ग्राम पतोड़ा के पास बनाए गए सड़क धस गया जो लापरवाही व घटिया निर्माण को दर्शाता है । वहीं ग्राम बडेडोंगर में नाली निर्माण का कार्य किया गया। मुख्य सड़क के किनारे नालियों की अव्यवस्था के चलते अब नागरिकों का पैदल चल पाना भी दूभर हो जाएगा साथ ही इस निर्माण कार्य में नियमों की अनदेखी कर नाली निर्माण के लिए लाखों रुपयों का खर्च करने के बाद भी नागरिकों को सुविधा नहीं मिल रही है। नाली के खराब निर्माण कार्य से वाहनों के पहिए नाली में धंसने का अंदाजा लगाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में चालकों को वाहन निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ सकती है। वहीं इससे राहगीरों को हादसे की आशंका बनी हुई है। रहवासियों ने बताया निर्माण एजेंसी द्वारा बीना छड़ के हल्के व कम गुणवत्ता वाली सामाग्री के उपयोग के कारण वर्तमान में नाली के उपयोग से पहले ही क्षतिग्रस्त हो गई। निर्माणाधीन नाली ढह जाने से इसके गुणवत्ता की पोल खुल गई जिसकी उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की गई। इस विषय पर पंचायत के जनपतिनिधियों का कहना है कि बड़ेडोंगर में केवल सड़क निर्माण का टेंडर ही हुआ था पानी के कारण सड़क जल्दी खराब होने को ध्यान में रखते हुए ग्राम पंचायत द्वारा नाली निर्माण का आवेदन भी दिया गया। नाली का निर्माण तो हुआ लेकिन निर्माणाधीन नाली ढहने से उसके गुणवत्ता पर सवाल उठना लाजिमी है। इस विषय पर पीडब्ल्यूडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर बीएल कापसे से बात करने हेतु फ़ोन से संपर्क करने पर उन्होंने फोन रिसीव करना जरूरी नहीं समझा।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का 50 लाख का बीमा हो

- **पूर्व विधायक संतोष बाफना ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लिखा पत्र**

पायनियर संवाददाता ✓ जगदलपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व विधायक बाफना ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिका बहनों को फ्रंटलाईन वर्कर्स की सूची शामिल करने व कोरोना महामारी की इस विभीषिका में सभी को टीकाकरण में प्राथमिकता देने के निर्णय को सराहनीय पहल बताते हुए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया है। किन्तु सरकार से सवाल करते हुए यह भी कहा है कि केवल टीकाकरण में ही प्राथमिकता का लाभ देने के अलावा उन सभी का 50 लाख रूपये का जीवन बीमा योजना व उन्हें अन्य सुविधाओं से वंचित क्यो रखा गया है? जबकि, छत्तीसगढ़ को कुपोषण राज्य मुक्त बनाने के लिए कोरोना संक्रमण में समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका बहनें कोरोना के प्रति लोगों को जागरूक करने, वरिष्ठ लोगों का सर्वे करने, टीकाकरण के लिए घर-घर जाकर लोगों को प्रेरित करने, सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखने एवं पोषण आहार वितरण की योजना व सरकार की अनेक योजनाओं को बिना किसी सुरक्षा के समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए अपनी ड्यूटी पूरी जिम्मेदारी से निभां रही हैं। लेकिन सरकार ने अब तक उन्हें पूरी तरह से अनदेखा किया है जबकि वर्ष 2020 के लॉकडाउन से लेकर अनलॉक तक और अब पुनः महामारी के दूसरी लहर के कारण लगे लॉकडाउन में जब लोग घरों में बंद है तब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं जमीन पर बहादूरी से काम करती हुई फ्रंटलाइन पर डटी हैं। विधानसभा चुनाव 2018 के बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं की मांगों को पूरा करने का वायदा किये हुए लगभग 3 वर्ष होने को हैं किन्तु सरकार अब तक इस मामले को लेकर खामोश बनी हुई है।

## कलेक्टर ने केशकाल चेकपोस्ट पर स्वयं खड़े होकर बेवजह घूमने वालों पर लगाया जुर्माना

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

संपूर्ण जिले में लॉकडाउन लागू होने के बाद जिले की सीमाएं पूर्णतः सील कर दी गई थी। इसके तहत आज लॉकडाउन का निरीक्षण हेतु कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा केशकाल दौरे पर पहुंचे। जहां उन्होंने सर्वप्रथम केशकाल की शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए टीकाकरण केंद्र का मुआयना किया। जहां कलेक्टर द्वारा टीकाकरण केंद्र में आए हितग्राहियों के लिए स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं खड़े होने के लिए छायादार स्थान एवं बैठने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए साथ ही टीकाकरण केंद्र में भीड़ नियंत्रण के द्वारा लोगों को



सुरक्षित रखने के लिए टोकन व्यवस्था को प्रारंभ करने को कहा। इसके अतिरिक्त टीकाकरण केंद्र के अधिकारियों को केंद्र में व्यवस्था निर्माण हेतु निर्देशित करते हुए उन्होंने टीकाकरण स्थल को भी परिवर्तित करवाया एवं अधिकारियों को ऑनलाइन टीकाकरण हेतु पंजीयन करवाने वाले लोगों को प्राथमिकता देते हुए ऑनलाइन पंजीयन कराने वाले हितग्राहियों का पहले टीकाकरण करने तथा केंद्र में आकर ऑफलाइन पंजीयन द्वारा टीकाकरण चाहने वालों को टोकन प्रदान कर टोकनों के आधार पर उनका टीकाकरण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात कलेक्टर द्वारा केशकाल नगर के अंतर्गत बार-बार लॉकडाउन के नियमों के उल्लंघन की प्राप्त जानकारियों के अनुसार बाजार स्थल एवं शहर के मुख्य मार्गों पर पहुंच उनका अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने बस स्टैंड पर बनाए गए चेक पोस्ट एवं कोरोना टेस्टिंग केंद्र का भी अवलोकन किया। जहां चेकपोस्ट पर उन्होंने मार्ग पर आने जाने वाले प्रत्येक वाहन को पुलिस के दल की सहायता से रुकवा कर उनसे पूछताछ की। इस दौरान कलेक्टर ने बेवजह घूमने वालों के विरुद्ध जुर्माना भी लगवाया एवं उन्हें समझाइश देते हुए कहा कि कोरोना काल में बेवजह बाहर आकर वे ना सिर्फ स्वयं अपितु दूसरों को भी खतरे में डाल रहे हैं।

## प्रदेश में शराब की होम डिलीवरी देना, दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय : रूपेन्द्र कोर्राम

पायनियर संवाददाता ✓ केशकाल
www.dailypioneer.com

वर्तमान समय में पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश भर में शुरु हुऐ देशी,विदेशी शराब की आनलाईन बिक्री को लेकर (युवा गाण्डा समाज एकता मंच छत्तीसगढ़) के प्रदेश कार्यकारणी अध्यक्ष रूपेन्द्र कोर्राम ने छ.ग.राज्य सरकार द्वारा लिया गया इस निर्णय को दूर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय बताया। उन्होंने आघे कहा है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश ही नहीं बल्कि समूचे देश में ऐसा कोई राज्य नहीं होगा जो परिवार विघटन के अनेक कारणों में एक कारण शराब का सेवन है जिसे घर-घर पहुंचाया जाना छत्तीसगढ़ वासियों के लिए बेहद शर्मनाक निर्णय हैं । शासन के इस निर्णय का घोर विरोध होना चाहिए और शासन



द्वारा इस पर पुनर्विचार कर आम जनता के हित में कोरोना जैसी महामारी को देखते हुए कोई अच्छा निर्णय लेकर कार्य किया जाना चाहिए। रूपेन्द्र कोर्राम ने मोबाईल फोन के माध्यम से बताया की पूरा देश आज कोरोना की कहर से जूझ रहा है सैकड़ों लोग इलाज के अभाव में मृत्यु को गले लगा रहे है वही पूरे देश मे कोरोना कहर में छत्तीसगढ़ प्रदेश भारत देश में दूसरे स्थान पर है आये दिन संक्रमितों की संख्या बढ़ती जा रही है ना व्यवस्था है ना वैक्सीन लगाने के कार्य जोरो पर है और नही इलाज ठीक से हो पा रहे है।

**जनता सांसों के लिए तरस रही है और सरकार शराब बेचने में व्यस्त है** – हमारे संवाददाता को रूपेन्द्र कोर्राम ने बताया कि सरकार आम जनता के प्रति गंभीर नही है आम जनता को आर्थिक तंगी में सहयोग देने के बजाय शराब की घर पहुच सुविधा देकर लोगो को आर्थिक संकट में धकेल रही है और स्वयं आपदा मे अवसर ढूढंकर राज कोष को भरने में लगे हैं वो भी ऐसे समय मे जब लोगो के पास राशन के लेने को पैसे नही हैं। लोग राशन सामग्री लेने के लिए तरस रहे है एक तरफ दुकानदारों के अधिक मूल्य में राशन देने की मार वही दूसरी तरफ शराब को लोगो के घर पहुँचा कर आर्थिक तंगी से मार रही है।

## नक्सलियों ने की पुलिस मुखबिरी के शक में ग्रामीण की हत्या, क्षेत्र में दहशत

पायनियर संवाददाता ✓ अन्तागढ़
www.dailypioneer.com



संवेदनशील क्षेत्र आमाबेड़ा में नक्सलियों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है, नक्सलियों ने बीती रात पालूरमेटा गांव में एक ग्रामीण को पुलिस मुखबिरी के शक में बीती रात आकर घर से सुखधर गावड़े को उठाकर ले गए और मुखबिरी का आरोप लगाकर लाठी डंडा से मारकर हत्या करके शव को ग्राम कोरनहर जाने के रास्ता पर फेंक दिया । आमाबड़ा थाना प्रभारी बी आर ध्रुव ने घटना की पुष्टि की है पालूरमेटा गांव की तरफ बीती रात 15 से 20 नक्सली पहुचे थे जिसमें से 3 नक्सली गांव में घुसे और सुखधर गावड़े को घर से निकालकर ले गए और उस पर पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए जन अदालत लगाकर बेरहमी से हत्या कर दिए नक्सल वारदात के बाद गांव में दहशत का माहौल है, ग्रामीणों ने किसी तरह पुलिस को घटना की जनाकारी दी है, लेकिन जिले में बीती रात से मूसलाधार बारिश हो रही है, जिसके चलते पुलिस मौके पर नही पहुच पा रही थी। घटनानस्थल आमाबेड़ा से 35 किलोमीटर दूर है। बता दे हाल ही में नक्सली आमाबेड़ा क्षेत्र में जमकर उत्पात मचा रहे है, दो दिन पूर्व कांकेर आमाबेड़ा मार्ग पर आईईडी ब्लास्ट किया था वही इसी जगह बैनर बांधकर सड़क निर्माण कार्य बंद करने की चेतावनी भी दी थी, आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के पालूरमेटा गांव की घटना है।

## भानुप्रतापपुर नगर पंचायत के पार्षदों ने लगवाया वैक्सीन का डोज



**भानुप्रतापपुर।** कोरोना महामारी को लेकर प्रशासन द्वारा की जा रही है वैक्सीनेशन मे नगर पंचायत उपाध्यक्ष व पार्षदों द्वारा स्वयं टीकाकरण करवा कर लोगों को दिया जा रहा संदेश की अफवाहों पर ध्यान ना दें प्रशासन व सरकार द्वारा महामारी को लेकर की जा रही,टीकाकरण करवा कर कोरोना मुक्त अपने गांव और शहर को बनाना है नगर पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश गावडे व पार्षद व पत्रकार मनीष साहू ,फ्रंटलाइन कोरोना वारियर्स द्वारा टीकाकरण स्थल सामुदायिक भवन व मंगल भवन जहां कोरोना महामारी का कोविड टीकाकरण किया जा रहा जहां पहुंचकर स्वयं कोविड टिका लगा कर लोगों को संदेश दिया।एक ओर शहरों में टीका लगाने की होड़ मची हुई है वही दूरस्थ अंचल गांव सहित कुछ शहरी क्षेत्र में टीके को लेकर लोगों में अफवाह फैला हुआ है जिसके चलते लोग आगे नहीं आ पा रहे हैं। छत्तीसगढ़ को छोड़ कई ऐसे राज्य हैं जहां लोग पैसे देकर खरीदना चाहते हैं पर उन्हें टीका उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

## समाचार संकलन करने गए पत्रकार के साथ कलेक्टर ने किया अनापेक्षित व्यवहार

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

सोमवार को जिला कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा बस स्टैंड में कवरेज करने के लिए गए वरिष्ठ पत्रकार के साथ किये गए अनुचित व्यवहार को लेकर केशकाल के पत्रकारों द्वारा मंगलवार को एक बैठक रखी गयी। बैठक में पत्रकारों ने एक स्वर में कलेक्टर के द्वारा केशकाल के वरिष्ठ पत्रकार के साथ किये गये अनापेक्षित व्यवहार पर आपत्ति और चिंता जाहिर करते हुए कहा की इस हाल में पत्रकार अपना फर्ज कैसे निर्वाह कर पायेंगे।

**डीएम ने कहा आप लोगो को तो नही बुलवाया कवरेज के लिए, फिर कैसे..** आपको बता दें कि बीते सोमवार को कोंडागांव कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा केशकाल नगर के दौरे पर थे। इस दौरान कलेक्टर बस स्टैण्ड के पास स्थापित जांच चौकी का निरीक्षण करने पहुंचे थे। कलेक्टर के आने की सूचना मिलते ही वहां समाचार



संकलन करने के लिए पंहुचे वरिष्ठ पत्रकार मो. असलम से कलेक्टर ने अनुचित व्यवहार किया था। केशकाल के अन्य पत्रकार साथियों को इस बात की जानकारी मिली तब पत्रकारों ने केशकाल एसडीएम दीनदयाल मंडावी से अनुमति लेकर मंगलवार को एक बैठक आयोजित किया। बैठक में कोरोना गाइडलाइंस का पालन करते हुए केशकाल एवं बडेराजपुर ब्लाक के पत्रकार गण सहभागी बने। बैठक में सर्वप्रथम मामले की जानकारी लिया गया जिस पर मो.असलम ने आपबीती बताया वही प्रत्यक्षदर्शी रहे दूसरे पत्रकार ने भी जो देखा जो सूना वो बताया। जिसे सुन कर उपस्थित सभी पत्रकारों ने हैरानी जाहिर करते हुए कहा की कम से कम कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा से यह उम्मीद नहीं किया जा सकता परन्तु उन्होंने जिस भी स्थिति परिस्थिति वश वरिष्ठ पत्रकार से बर्ताव किया उसे कदापि सही नहीं माना जा सकता।

**क्या पत्रकारों को कवरेज पर जाने से पहले प्रशासन से अनुमति लेनी पड़ेगी–** जब कलेक्टर को यह मालूम हो गया और वरिष्ठ पत्रकार द्वारा उनके द्वारा मांगे जाने पर अपना प्रेस कार्ड दिखा दिया गया था तब उनका कहना कि हमने तो मीडिया वालों को नहीं बुलवाया है, अच्छा आप लोग अब फ्रि हैं, जा सकते हैं। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने यह सवाल खड़ा किया कि क्या- अब कलेक्टर के बुलवाने पर ही या उनकी अनुमति लेने के बाद ही पत्रकार समाचार संकलन के लिए कही जा पायेंगे।

### पीएम मोदी और भाजपा भूपेश सरकार से सीखें किसानों की कैसे मदद की जाती है : मोहन मरकाम

## उर्वरकों के दाम में बढ़ोतरी आपदा काल में मोदी सरकार की किसानों से लूट : कांग्रेस

- **मोदी खाद के दाम बढ़ा रहे भूपेश न्याय योजना से किसानों को मदद दे रहे**

पायनियर संवाददाता ✓ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कांग्रेस ने खेती में काम आने वाले खाद और उर्वरकों के दामो की गयी बढ़ोतरी को आपदा काल मे मोदी सरकार के द्वारा की जा रही लूट बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि 2022 तक किसानों की आय को दुगुनी कर के सत्ता में आई मोदी सरकार किसानों की आय दुगुनी करने के बजाय खेती और किसानों को ही समाप्त करने का षड्यंत्र रच रही है। पहले किसानों के खिलाफ तीन काले कानून बनाया गया, अब खेती किसानी की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता खाद और उर्वरकों के दामो को ड्यो?ा से अधिक 58 फीसदी तक बढ़ा दिया गया है। इंडियन फार्मर फर्टिलाइजर कारपोरेशन (इफको) ने विनियंत्रित खादों के दाम 45 से 58 फीसदी तक बढ़ा दिए हैं। इस वृद्धि के साथ डीएपी के 50 किलोग्राम बैग की कीमत 1,200 रुपये से करीब 58 फीसदी बढ़कर 1,900 रुपये हो गई है। हाल के दशकों में खाद कीमतों में यह अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि है। इफको के मुताबिक, एनपीके 10~26~26 की कीमत 1,175 रुपये बढ़ाकर 1,775 रुपये प्रति बैग, एनपीके 12~32~16 की कीमत 1,185 रुपये से बढ़ाकर 1,800 रुपये और एनपीएस 20~20~0~13 की कीमत 925 रुपये से बढ़ाकर 1,350 रुपये प्रति बोरी कर दी गई है। एनपीके 15~15~15 की कीमत भी बढ़कर



1,500 रुपये प्रति बैग हो गई है। इसके अलावा, कृभको, एमसीएफएल, जुआरी एग्रो केमिकल्स और प्रदीप फॉस्फेट्स ने भी डीएपी की कीमतें बढ़ाकर 1,700 रुपये कर दी है। चंबल फर्टिलाइजर एंड केमिकल्स लिमिटेड ने दाम बढ़ाकर 1,600 रुपये और इंडोराम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने 1,495 रुपये प्रति बैग कर दिए हैं। सभी कंपनियों की कीमतें 1 अप्रैल, 2021 से प्रभावी हैं।

**बढ़े हुए दामों को उर्वरकों की बोरियों में छपवाना किया शुरू** – प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार के उर्वरक मंत्री झूठ बोल रहे कि अभी बढ़ोतरी नही होगी जबकि देश की सहकारी क्षेत्र की सबसे बड़ी उर्वरक निर्माता कंपनी इफको ने बढ़े हुए दामों को उर्वरकों की बोरियों में छपवाना भी शुरू कर दिया गया है। इफको का कहना है कि उसके पास अभी 11.26लाख टन कॉम्पेक्स खादों का पुराना स्टॉक है जो पुराने रेट पर बेचा जाएगा उसके बाद नए रेट लागू हो जायेंगे ।

**स्वाभाविक है सोसायटियों से किसानों को बढ़ी कीमत पर ही खाद मिलेगी** – प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार उर्वरकों के दामो में की गई बढ़ोतरी के चौतरफा विरोध के बाद किसानों को लूटने के लिये पिछले दरवाजे से नीति बना रही है। इफको कहती है बढ़े दाम किसानों पर नही लागू होंगे संस्थाओं पर लगेंगे। छत्तीसगढ़ जैसे राज्य जहाँ किसान मार्कफेड और सोसायटियों से खाद खरीदते हैं उनको तो बढ़ी हुई कीमत पर खाद मिलने वाली है ।

## कोरोना की बढ़ते मद्देनजर सर्व आदिवासी प्रमुखों ने वैक्सीन लगवाने लोगों से की अपील

पायनियर संवाददाता ✓ केशकाल
www.dailypioneer.com

कोरोना की बढ़ते संक्रमण फैलाव कि चलते अनुविभाग केशकाल के विश्रामपुरी, केशकाल एवं धनोरा क्षेत्र में भी दिनों दिन कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या में निरंतर वृद्धि होने का समाचार ग्रामीण सूत्रों से प्राप्त हो रहा है कोरोना रोकथाम के लिए शहर से लेकर ग्रामीण स्तर के लोगों में खौफ बढ़ता जा रहा है बल्कि वर्तमान में जिला कोडागांव में संपूर्ण लाक डॉऊन व कनटेमेंट जोन घोषित किया गया है! जिस पर जिला प्रशासन से लेकर स्थानीय प्रशासन टीम द्वारा सघन निगरानी के साथ क्षेत्र में कोरोना रोकथाम के लिए अब सर्व आदिवासी समाज



प्रमुख इकाई बड़ेराजपुर ( विश्रामपुरी) के अध्यक्ष तिरुमाल सोनसाय मरकाम व तिरुमाल लक्ष्मण सलाम सचिव द्वारा जनमानस संदेश जारी करते हुए सभी लोगों से निकटतम शासकीय कोरोना सेंटर में पहुंचकर कोरोना वैक्सीन लगवाने की अपील किया गया है दोनों समाज प्रमुखों ने अपने अपील में जनमानस को जागरुक करते हुए कहा है कि देश व प्रदेश में कोरोना संक्रमण एक महामारी का रूप धारण कर तबाही मचाई हुई है जिससे करोड़ों लोगों का जान लेकर कई परिवारों का घरों से खुशियां छिना जा रहा । इस लिए जिसका उम्र 18+ से 44 वर्ष हो चुका है उन सभी हमारे भाई एवं बहनों से विशेष रुप प्रार्थना है कि इस विषम परिस्थितियों में करोना जैसे महामारी से जंग जीतना है तो शासन - प्रशासन के द्वारा बचाव हेतु चलाई जा रही टीकाकरण अभियान में सम्मिलित होकर जीवन रक्षक टीका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुरी में 110.30 बजे पहुंच कर जरुर लगावें । किसी के बहकावे या भ्रमित में ना आयें ।

# अब कोरोना से डरने का नहीं लड़ने का समय, भारत में निर्मित कोरोनावैक्सीन सबसे सुरक्षित : दुलीकेशन साहू

पायनियर संवाददाता ᐸ पिथौरा
www.dailypioneer.com



विश्व को अपनी चपेट में लेने वाले कोरोना वायरस से लड़ने के लिए हमारे देश के वैज्ञानिकों और डॉक्टरों ने कोरोना वैक्सीन का ईजात कर लिया है. जिसके बाद 16 जुलाई से भारत में देश के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान की शुरुआत की शुरुआत की गई, जिसके बाद 1 मई 2021 से पूरे देश में 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के टीकाकरण की भी शुरुआत हो चुकी है।

इसी कड़ी में आज भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री दुलीकेशन साहू ने कोरोना वैक्सीन लगवाई। इस अवसर उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण ने वैश्विक स्तर पर सबको झकझोर कर रख दिया. हमारे देश में भी कोरोना संक्रमण की वजह से बहुत ही क्षति हुई लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में सही समय पर उठाए गए सार्थक कदम व उपाय से भारत में कोरोना के संक्रमण को काफी हद तक रोकने में हम कामयाब हुए हैं. इस प्रयास में हमारे फ्रंट वारियर्स का भी बहुमूल्य योगदान रहा।

## वैक्सीनेशन ड्राइव हमारे लिए अवसर है

दुलीकेशन साहू ने कहा कि हमें अपने सरकार और वैज्ञानिकों पर भरोसा रखना चाहिए। क्योंकि ट्रायल और औपचारिकताएं पूरी करने के बाद ही वैक्सिनेशन ड्राइव की शुरुआत हुई है. ये डरने का नहीं बल्कि अपने डर और कोरोना से लड़ने का समय है. ये वैक्सीनेशन ड्राइव हमारे लिए अवसर है, जिसका फायदा हमें उठाना चाहिए. हमारे देश के वैज्ञानिकों और डॉक्टरों की कड़ी मेहनत और परिश्रम से हमने भारत में ही कोरोना संक्रमण से लड़ने के लिए वैक्सीन का निर्माण किया है जिसके लिए हमें गर्व है।आज हमारा भारत आत्मनिर्भर भारत की ओर अग्रसर है और कोरोना काल में भी भारत ने अन्य देशों के मुकाबले जिस सामर्थ्य के साथ मुकाबला किया है उसे देखकर हर कोई हैरान है यह सभी केंद्र की मोदी सरकार की सही निति और सटीक समय पर त्वरित व सही फैसलों की वजह से ही हुआ है भारत में निर्मित कोरोना वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है. हमारे वैज्ञानिकों ने दिन-रात कड़ी मेहनत करके हमारे व हमारे परिवार की सुरक्षा के साथ ही देश की आन्तरिक सुरक्षा के लिए कोरोना वैक्सीन का निर्माण किया है और सभी तरह के आवश्यक जांच व प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही इस टीकाकरण के महाअभियान की शुरुआत हुई है। हमें अपने वैज्ञानिकों पर पूर्ण रूप से भरोसा रखते हुए कोरोना वैक्सीन लगवाना चाहिए और किसी भी प्रकार के दुष्प्रचार व भ्रांतियों में नहीं आना चाहिए. खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इन भ्रांतियों से दूर रहने की अपील करते हुए कोरोना वैक्सीन लगवाई है। इसलिए हम सभी का भी यह दायित्व बनता है कि कोरोना वैक्सीन से जुडी किसी भी प्रकार की झूठी अफवाहों से दूर रहें और दूसरे लोगों को भी प्रेरित करें. दुलीकेशन साहू ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने कोरोना संक्रमण में छत्तीसगढ़वासियों को उचित स्वास्थ्य सुविधा के लिए तोहफा देते हुए पीएम केयर फंड से देश के 551 सरकारी अस्पतालों में ऑक्सीजन स्थापित किए जाने को मंजूरी दी है। जिसके तहत केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के 14 जिलों में ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना करेगी. वहीं गरीब परिवारों को भूखा न सोना पड़े और उनके पोषण का ध्यान रखते हुए मई और जून दो माह तक उन्हें निःशुल्क राशन वितरण करने का सराहनीय निर्णय लिया है जिसके लिए प्रधानमंत्री और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन का मैं आभार व्यक्त करता हूँ। साहू ने 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों से की अपील, कि वे भी अपने नजदीकी वैक्सीनेशन सेंटरों में जाकर कोरोना टीकाकरण जरुर करवाएं और घर पर रहें सुरक्षित रहें।

# भाजपा ने मुख्यमंत्री के नाम 9 सूत्रीय सुझाव कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ᐸ गरियाबंद
www.dailypioneer.com





सोमवार को भाजपा ने 9 सूत्रीय विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष राजेश साहू एवं जिला महामंत्री पुनीत सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति भयावह होते जा रही है। इस संकटकाल में भारत में ही बने दोनो टीके फिलहाल हमारे लिए आशा की एकमात्र किरण है, लेकिन प्रदेश में टीकाकारण के संबंध में हो रही राजनीति दुखद है। इसे देखते हुए छत्तीसगढ़ को कोरोना से मुक्त बनाने के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने भाजपा द्वारा राज्य की कांग्रेस सरकार को 09 सूत्रीय सुझाव प्रेषित किए गए है। सुझाव कहा है कि उच्च न्यायालय के संबंधित आदेश के अनुपालन में प्रदेश में टीकाकरण के लिए भेदभाव रहित नीति बनाए जाए, ऐसी नीति जिसमें सर्व समाज का हित निहित हो। अन्त्योदय, बीपीएल और एपीएल श्रेणी के लिए अलग-अलग कस्बों में केंद्र का निर्माण किया जाना निहायत ही अव्यावहारिक निर्णय है। हर केंद्र पर सभी श्रेणी के बूथ होने चाहिए। भारतीय टीके के खिलाफ प्रदेश में राजनीतिक कारणों से लगातार दुष्प्रचार किये गए, इस कारण गांवों-कस्बों में टीका लगाने गए कर्मियों पर हमले की खबरें लगातार आ रही है. ऐसे कर्मियों की सुरक्षा का प्रबंध हो। टीकाकर्मियों का पर्याप्त बीमा भी हो, साथ ही जनमानस में फैलाई गयी भ्रांतियों को दूर करने प्रदेशव्यापी जन-जागरण अभियान चलाया जाना चाहिए। टीके की वर्तमान कमी का एक कारण समय से आर्डर नहीं दे पाना भी है, हमारे पड़ोसी राज्य ने अनुमति मिलते ही 8 करोड़ टीकों के लिए आदेश कर दिया, जबकि हम अंतिम दिन तक पत्र लिखते रहे। अतः आग्रह है कि अनावश्यक पत्राचार न कर त्वरित निर्णय लें। प्रदेश में करीब 2.50 लाख टीके बर्बाद हुए हैं। इसे रोकने 'केरल मॉडल' से प्रेरणा लें। वहां उन्होंने 'वेस्टेज फैक्टर' के मद्देनजर दिए जाने वाले खुराक का बेहतरीन उपयोग कर केंद्र द्वारा मिले कुल डोज का 102 प्रतिशत टीकाकरण कर लिया, इससे सीखना चाहिए। छत्तीसगढ़ में टेस्टिंग कम होते जाना चिंताजनक है। आरटीपीसीआर एंटीजन और ट्रू नॉट सभी पर्याप्त संख्या में हो, जांच की कमी के कारण भी प्रदेश में मृत्यु दर बढ़ना चिंताजनक है। हर पंचायत में ऑक्सीमीटर, थर्मामीटर और दवा किट आदि शीघ्र उपलब्ध कराये जायें। पत्रकारों को 'फ्रंटलाइन वर्कर' मानते हुए इनका प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण हो। नियमों को धत्ता बता कर टीके लगवाने की अनेक खबरें चिंताजनक है। इस पर सख्ती से लगाम लगाया जाना चाहिए। नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो।

# हाई कॉन्सेंट्रेशन बेलून ऑक्सीजन मास्क एसडीम गोलछा को सौंपा



पायनियर संवाददाता ᐸ पिथौरा
www.dailypioneer.com

सिख समाज के पूर्व अध्यक्ष स्व सरदार गुरुभेज सिंह सलूजा की याद उनके छोटे भाई गुरुचरण सलुजा एवं भतीजा विक्की सलुजा, हरमीत सिंह सलूजा के द्वारा इस कोरोना महामारी को देखते हुए पिथौरा के कोविड सेंटर में भर्ती मरीज़ों के लिए पिथौरा में पदस्थ डॉक्टर विरेंद्र प्रजापति के द्वारा बताई गयी बहुत ही ज़्यादा उपयोगी हाई कॉन्सेंट्रेशन बेलून ऑक्सीजन मास्क पिथौरा एसडीम साहब गोलछा को सौंपा गया। ज्ञात हो कि स्व सरदार गुरुभेज सिंह सलुजा खुद भी समाजसेवा में हमेशा आगे रहते थे दिन दुखी गरीब जन की सेवा को उन्होंने नर सेवा नारायण सेवा का नाम दिया था इसी भाव से वो हमेशा हर समाज के लोगों का सहयोग किया करते थे। डॉक्टर विरेंद्र प्रजापति ने इस मास्क की खाशियत में बताया की यह एक विशेष प्रकार का मास्क है जिस से मरीज़ को दी जा रही ऑक्सीजन पूरी मात्रा में उसको प्राप्त होती है जो उसके शरीर में कम हो रहे ऑक्सिजन की मात्रा को जल्द ही पूरी करती है अन्य मास्क की अपेक्षा यह मास्क मरीज़ों के लिए अति आवश्यक है इस मास्क के उपयोग से मरीज़ों को तकलीफ़ में राहत भी आसानी से मिल जाती है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि जतिन ठक्कर, परमिंदर सलुजा उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक,जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ जांगड़े के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम का सुझाव पत्र एसडीएम को सौंपा गया

# भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने टीकाकरण सम्बंधी आवश्यक सुझाव पत्र सौंपा

पायनियर संवाददाता ᐸ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में जिला भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने कोविड.19 और वैक्सीनेशन के मुद्दे पर पार्टी की चिंता और सुझावों पर चर्चा कर एवं कोरोना की रोकथाम में ज्यादा संवेदनशील होकर काम के आग्रह को लेकर मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के नाम का सुझाव पत्र जिला मुख्यालय में जिलाधीश बलौदाबाजार के ओर से अधिकृत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से भेंट कर कोविड.19 और वैक्सीनेशन के मुद्दे पर लिखित पत्र सौंपा जिसमे प्रदेश सरकार से इस महामारी के परिप्रेक्ष्य में जनहितों को ध्यान में रखकर ज्यादा संवदेनशील होकर काम करने संबंधी आग्रह पर जोर दिया गया हैए पूर्व विधायकए जिलाध्यक्ष भाजपा डॉण् सनम जांगड़े के नेतृत्व में एवं नपा अध्यक्ष चित्तावर जायसवालए जिला मीडिया प्रमुख, भाजपा रितेश श्रीवास्तव,



भाजयुमो कार्यकर्ता कृष्णा द्विवेदी, सुनील यादव की गरिमामय उपस्थिति में सुझाव पत्र सौंपा गया।

सौंपे गए सुझाव पत्र में प्रमुख रूप से 9 बिन्दुओं में सुझाव दिए गए है जो निम्नांकित है।

1-माननीय उच्च न्यायालय के संबंधित आदेश के अनुपालन में कृपया ऐसी नीति बनायी जाए जिसमे कोई भेद भाव न हो। जिसमे सर्व समाज का हित निहित हो।

2-अंत्योदय,बीपीएल और एपीएल श्रेणी के लिए अलग.अलग कस्बों में केंद्र का निर्माण किया जाना निहायत ही अव्यवहारिक निर्णय है, हर केंद्र पर सभी श्रेणी के बूथ होने चाहिए।

3-भारतीय टिके के खिलाफ प्रदेश में राजनीतिक कारणों से लगातार दुष्प्रचार किये गए। इस कारण गांव.कस्बों में टिका लगाने गए कर्मियों पर हमले की खबरें लगातार आ रही है ऐसे कर्मियों की सुरक्षा हो। टिका कर्मियों का पर्याप्त बीमा भी होण् साथ ही जनमानस में फैलाई गई भ्रांतियों को दूर करने प्रदेशव्यापी जनजागरण अभियान भी चलाया जाना चाहिए।

4-टीके की वर्तमान कमी का एक कारण समय से आर्डर नही दे पाना भी हैए हमारे पड़ोसी नए राज्य ने अनुमति मिलते ही 8 करोड़ टीकों के लिए आदेश कर दिया है। जबकि हम अंतिम दिन तक पत्र लिखते रहे,अतः आग्रह है कि अनावश्यक पत्राचार न कर त्वरित निर्णय लें।

5-प्रदेश में करीब 2.50 लाख टीके बर्बाद हुए है इसे रोकने केरल मॉडल से प्रेरणा लें वहाँ उन्होंने वेस्टेज फैक्टर के मद्देनजर दिए जाने वाले खुराक का बेहतरीन उपयोग कर केंद्र द्वारा मिले कुल डोज का 102 प्रतिशत टीकाकरण कर लियाए इससे सीखना चाहिए।

6-छत्तीसगढ़ में टेस्टिंग कम होते जाना चिंताजनक है एंटीजेन और ट्रू नाट सभी पर्याप्त संख्या में हो। जांच की कमी के कारण भी प्रदेश में मृत्यु दर बढ़ना चिंताजनक है।

7-हर पंचायत में ऑक्सिमिटरए थर्मामीटर और दवा की किट शीघ्र उपलब्ध कराए जाएं।

8-हर पत्रकार को फ्रंटलाइन वर्कर मानते हुए इनका प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण हो।

9-नियमों को धता बताकर टीके लगवाने की अनेक खबरें चिंताजनक हैए इस पर सख्ती से लगाम लगाया जाना चाहिए, नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित हो।

## पत्रकारों को फ्रंटलाइन वर्कर घोषित करने पर मुख्यमंत्री का अभार जताया

**तिल्दा नेवरा।** रायपुर-छत्तीसगढ़ के छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के पत्रकारों को इस कोरोना महामारी में फ्रंट लाइन वर्कर घोषित कर पत्रकार व उनके परिजनों को कोरोना काल से बचाव के लिए टिकाकरण में पत्रकार व उनके परिवार को फ्रंटलाइन में स्थान दिए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया है।वीरेन्द्र साहू रायपुर जिले के तिल्दा नेवरा के युवा पत्रकार ने कहा कि कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री द्वारा पत्रकारों के हित में लगातार कई प्रयास किए जा रहे हैं। इनके लिए पत्रकार साथियों की ओर से धन्यवाद व आभार व्यक्त किया है। साथ ही पत्रकारों को फ्रंटलाइन वर्कर मानते हुए उनके टिकाकरण करने का निर्णय स्वागत योग्य है।

# युवा संगठन की अनूठी पहल, तत्काल जरूरतमंद के घर पहुंचा रहे राशन

पायनियर संवाददाता ᐸ नगरी
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत भखारा भठेलि में युवा शक्ति सेवा संगठन की बहुत ही अनूठी पहल जिसकी प्रसंसा पूरे नगर में है नगर के सभी वार्डो में युवाओं द्वारा जानकारी मिलने पर तत्काल राशन की व्यवस्था कर रहे है असहाय,निर्धन लोगों की जानकारी मिलने पर सभी अपनी ही गाड़ी में रखकर उनके द्वार पर पहुंच रहे है और राशन प्रदान कर रहे है।

ज्ञात हो कि नगर के इस युवा संगठन के द्वारा पिछले 2 वर्षो में नगर के धार्मिक, सामाजिक, पर्यावरण एवम नगर के सभी के क्षेत्रों में अपनी अहम भूमिका निभा रहे है इसके साथ ही नगर में फैले संगठन के युवाओं द्वारा सभी वार्डो में ऐसे लोग जिनको इस महामारी और लॉकडाउन में घर चलाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है जिसमे असहाय ,निर्धन जिनको आज इस वैश्विक महामारी में खाने के लिए भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है संगठन के सभी युवाओं द्वारा बाइक में राशन लेकर शाम ढलते ही नगर के सभी वार्डो में उन लोगो के घरों में पहुच रहे है इसके साथ अपने हाथों से प्रदान न कर अपने वरिष्ठ के हाथों से प्रदान कर रहे है,इनकी न तो कोई भी प्रकार से अपनी फोटो को महत्ता दे रहे है और न ही नाम को ये सभी संगठन के बैनर तले अपना कार्य कर रहे है जिसमे सभी संगठन के युवा तन मन धन से सेवा में लगे हुये है जो कि अति सराहनीय है।

## श्रीनिवास राव का आकस्मिक निधन



**तिल्दा नेवरा।** कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता तथा रायपुर जिला ग्रामीण के सचिव व नगर के सभी वर्गो के बीच अपना स्थान रखने वाले श्रीनिवास राव का आकस्मिक निधन का समाचार से नगर में शोक की लहर देखी गई नगर में अनेक लोगो ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि व्यक्त की गई वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र शर्मा काग्रेस नेता सुनील सोनी बीजेपी के विष्णु शर्मा सौरभ जैन। ईश्वर यादव, नीरज राठी ,विक्रम अग्रवाल, राज वर्मा, अजय नेताम, विरेन्द्र साहू, शिव वर्मा ,प्रेम बंजारे ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी व कहा कि ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान दे तथा उनके परिवार को इस दुख की घड़ी को सहने की क्षमता प्रदान करें।

# 250 एकड़ की फसल तेज वर्षा आंधी तूफान से खराब हो गई

पायनियर संवाददाता ᐸ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत सभापति राजू शर्मा ने बताया कि लगातार 1 हफ्ते से आकस्मिक वर्षा एवं तेज आंधी तूफान होने के कारण ग्राम लखना, सुंगेरा, में लगभग 100 से अधिक किसानों का लगभग 200 से 250 एकड़ तक की ग्रीस्म कालीन धान की फसल तेज वर्षा आंधी तूफान होने के कारण अत्यधिक खराब हो गई है ऊपर से कोरोना काल होने के कारण किसानों की दयनीय स्थिति है, ऊपर से खाद के दामो मे बदोतरी से किसानो की कमर टूट गई है। उन्होंने बताया की तिल्दा विकास ख्रंड मे 5000 एकड़ में ग्रीष्मकालीन धान की खेती की गई है ढ्व पहले से, करोना महामारी के लाकडाउन के चलते सब्जिओ का उचित दाम नहीं मिल पा रहा है और मंडी बंद होने से किसान अपनी फसल औने पौने दाम पर बेचने को मजबूर है, किसान नेता राजू शर्मा ने उद्यानिकी विभाग के जिलाधिकारी, कृषि विभाग के उपसंचालक कश्यप जी से चर्चा की व कलेक्टर को पत्र लिखकर तहसीलदार, आर आई पटवारी, ग्राम सेवक ,कृषि विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से किसानों के खेत का नुकसानी का जायजा लेकर राज्य शासन को उनकी फसल का क्षति के संबंध में जानकारी तत्काल प्रेषित करे, फल सब्जी ग्रीष्मकालीन धान आम बगीचे की नुकसान की वजह से, अन्य प्राकृतिक आपदा के अंतर्गत राज्य शासन धारा 6 4 के तहत किसानों को मुआवजा देने की मांग की है, और इसकी जानकारी मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल, व कृषि मंत्री रवीन्द्र चौबे को भी प्रेषित की है।

## कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

# टीकाकरण केंद्र में अनावश्यक भीड़ न हो इस बात का ध्यान रखे : भारतीदासन

पायनियर संवाददाता ᐸ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



टीकाकरण केंद्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण कलेक्टर डॉ.एस भारतीदासन मंगलवार को तिल्दा पहुंचे जहा पर सर्व प्रथम उन्होंने अम्बेडकर भवन में चल रहे कोविड सेंटर का अवलोकन कर वह भर्ती मरीजों से मिल कर उनको मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली तत्पश्चात सांस्कृतिक भवन में बन रहे ऑक्सीजन युक्त 30 बिस्तर कोविड केयर सेंटर का जायजा लिया अंत में वे टीकाकरण केंद्र में पहुंचे।

उन्होंने व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। और प्रभारियों को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। कलेक्टर डॉ भारतीदासन ने टीकाकरण केंद्र में कोरोना गाइडलाइन के अनुसार लोगों को टीका लगाने के निर्देश दिए। टीकाकरण केंद्र में लोगों को मास्क पहन कर आने तथा दो गज की दूरी बनाये रखने की बात कही। टीकाकरण केंद्र में अनावश्यक भीड़ न हो इस बात का ध्यान रखें। कोरोना संक्रमण के रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सुरक्षा सहित अन्य गतिविधियों पर पर्याप्त सावधानी बरतने के निर्देश संबंधित अधिकारियो को दिए।18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो की सूची के अनुसार सचिव को मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मदद से घर-घर जाकर वैक्सीनेशन के लिए बुलाने के निर्देश दिए गए है।

उन्होंने कहा कि वैक्सीनेशन के लिए निर्धारित उम्र का कोई भी व्यक्ति न छुटे।कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण आवश्यक है।

रायपुर जिले में तिल्दा के वार्ड क्रमांक 18, में टीकाकरण किया जा रहा है यहाँ पर 4 काउंटर बनाए गए हैं। इनमें अंत्योदय राशन कार्डधारियों, बीपीएल राशन कार्डधारियों, एपीएल के साथ-साथ फ्रंटलाइन वर्गो के अलग-अलग काउंटर है टीकाकरण को लेकर युवाओं में काफी उत्साह दिखा। युवा टीकाकरण केंद्रों पर सुबह से ही पहुंच रहे है ।

टीका लगवाने के बाद अधिकांश युवाओं ने फील गुड किया और खुद टीका लगवाने के बाद वो दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करते दिखाई दिए। आम जन से आग्रह किया कि कोरोना महामारी से बचने के लिए टीकाकरण अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग करें। डॉ.एस भारतीदासन के साथ रायपुर एसडीएम जिला चिकित्सा अधिकारी मीरा बघेल के साथ प्रशासनिक अमला मौजूद थे।

# राजेन्द्र गोलछा ने वेक्सीन का दूसरा डोज लगवाया

पायनियर संवाददाता ᐸ नगरी
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला मंत्री दूरसंचार निगम के सदस्य राजेन्द्र गोलछा ने कोविड वेक्सीन का दूसरा डोज लगवाया, इसके साथ ही गोलछा 18+ के सभी लोगों से आह्वान किया कि किसी प्रकार के अफवाह पर ना जाएं। कोरोना से बचने के लिए वेक्सीन जरूर लगवाएं। इससे कोई नुकसान नहीं है। मैंने आज वेक्सीन सेंटर पहुंच कर दूसरा डोज लगवाया है।

## शराब की घर पहुंच सेवा का निर्णय निंदनीय : टेसूलाल धुरंधर



**बलौदाबाजार।** गंगाजल की कसम खाकर पूर्ण शराबबंदी जैसे लोक-लुभावन वादों के साथ सरकार में आई कांग्रेस सरकार द्वारा लाकडाउन में कोरोना संक्रमण के चलते तथाकथित रूप से शराब दुकान बंद होने के कारण शराब के अभाव में नशीले पदार्थों के सेवन से हुई दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु पर चिंता जताते व संवेदनशील सरकार होने का झूठा बहाना बनाकर प्रदेश में शराब की आनलाइन आर्डर द्वारा बिक्री और घर पहुंच सेवा की पहल कर पूरे देश में चर्चित नायाब किस्म का अभूतपूर्व निर्णय लिया है। भाजपा विधायक प्रत्याशी रहे एवं प्रदेश कार्यसमिति शिक्षा प्रकोष्ठ के सदस्य टेसूलाल धुरंधर ने प्रदेश सरकार को कड़ी फटकार लगाते हुए आगे कहा कि पूर्ण शराबबंदी के लिए सबसे उचित अवसर का लाभ न उठाते हुए उल्टे घर पहुंच सेवा देकर सरकार ने अत्यंत निंदनीय निर्णय लिया है।

# राशन दुकान संचालक मार रहे गरीबों के चावल, शक्कर में कांटा

**नाप तौल मशीन में गड़बड़ी की आ रही शिकायते, खाद्य विभाग के अधिकारी कबंल होड़कर घी पीने में मशगूल, नहीं करते कभी मशीन की आकस्मिक जांच**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ गरीबों के हित के लिए लगातार काम कर रही है। इस कोरोना काल में भी शासन व प्रशासन हर वर्ग का ध्यान रख रही है। यही कारण है कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए लॉकडाउन लगाया गया और इस दौरान कोई भी गरीब भूखा न रहे इस वजह से भूपेश सरकार ने दो महीने का चावल मुफ्त में राशन दुकानों से बांटने की घोषणा की। चावल आ गया और दो माह का राशन भी उचित मुल्य की दुकानों से दिया जा रहा है, पर कई ऐसे राशन दुकान संचालक हैं, जो गरीबों के चावल व शक्कर में कांटा मार रहे हैं और नाप तौल मशीन में गड़बड़ी कर कम राशन गरीबों को दे रहे हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर यह भी बताया जा रहा है कि राशन दुकान चलाने वाले अधिकांश लोग सत्ता पक्ष के हैं और इस वजह से खाद्य विभाग के अधिकारी कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं। यही नहीं बताया जा रहा है कि कई दफे शिकायते आने के बाद भी जांच के नाम पर टालमटोल कर दिया जाता है और दोषियों को विभाग के कुछ अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा ही बचा लिया जाता है। बताया जा रहा है कि इलेक्ट्रानिक्स कांटा का उपयोग राशन दुकान में किया जा रहा है और इसे भी कांटा दुकान के कुछेक कर्मचारियों के द्वारा सेटिंग करने का भी काम किया जाता है। इस तरह नाप तौल मशीन को सेट कर दिया जाता है कि इसकी गड़बड़ी पकड़ना आम लोगों से नहीं हो पाता और इसका सीधा फायदा गरीबों के हक को मार कर संचालक को मिलता है।

### आकस्मिक रूप से नहीं होती जांच

खाद्य विभाग के अधिकारी यह कहकर अपने कर्त्तव्यों से इत्तीश्री कर लेते हैं कि शिकायत मिलेगी तो जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी, पर विभागीय जानकारों का कहना है कि यह विभाग के अधिकारियों का मामले को दबाने का फंडा है। शहर में ऐसे कई राशन दुकान संचालित हो रहे हैं, जहां के संचालको का सीधा लेनदेन विभाग के कुछेक अधिकारियों से चलने की बात कही जा रही है। इस कारण आकस्मिक रूप से पूरी पारदर्शिता बरतते हुए खाद्य विभाग के अधिकारियों का जांच नहीं करने की बात कही जा रही है।

### कोविड नियमों का भी पालन नहीं

यह भी बताया जा रहा है कि कोविड नियमों का भी पालन कई राशन दुकान में नहीं किया जा रहा है। उचित मुल्य की दुकानों में न तो सेनेटाईजर का इस्तेमाल किया जा रहा है और न ही मास्क यहां के संचालक लगा रहे हैं।

> बीते दिन वार्ड नंबर तीन की शिकायत आयी थी, तो उसकी जांच हुई है। यहां कोविड नियमों का भी पालन नहीं किया जा रहा था। अगर किसी वार्ड से नाप तौल में गड़बड़ी की शिकायते आती है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **चितरंजन सिंह,** एएफओ, खाद्य विभाग

# जिले में लॉकडाउन से लगातार बढ़ रही कालाबाजारी

**कारोबारियों ने राशन सामग्री के बढ़ाए दाम, जिला प्रशासन कालाबाजारी पर रोक लगाने में हुआ नाकाम**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com




प्रदेश के साथ-साथ जिले में लॉकडाउन की घोषणा के बाद रायगढ़ जिले में कालाबाजारी शुरू हो गई है। कालाबाजारी का सीधा असर राशन सामग्री पर देखा जा रहा है। परचून विक्रेताओं ने सामानों के डेढ़ से दोगुना रेट बढ़ा दिए हैं। इसका सीधा असर गरीब, किसान, मजदूर और आमजन पर देखा जा रहा है। जिले के शहर और कस्बों में स्टॉक करने वाले थोक विक्रेताओं ने रेटों में भारी इजाफा किया है। जिला प्रशासन के द्वारा एक दो जगहों में छापामार कार्रवाई की गई, लेकिन उसके बावजूद जिला प्रशासन कालाबाजारी पर रोक लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। थोक व्यापारी छोटे दुकानदारों को डेढ़ से दोगुनी रेट पर सामान बेच रहे हैं, जिससे छोटे व्यापारियों की ओर से आम ग्राहक को सामान करीब दोगुनी रेट में बेचा जा रहा है। वहीं, जिला प्रशासन ने गाइडलाइन जारी कर कालाबाजारी रोकने के लिए टीम का गठन भी किया है, लेकिन कालाबाजारी के लिए गठित की गई टीमों की ओर से अभी तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे मुनाफाखोरी के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। शहर के स्थानीय नागरिक रोशन दीक्षित ने बताया कि 14 अप्रैल से लगातार बढ़ते लॉकडाउन से कालाबाजारी को बढ़ावा मिला है। दाल, चावल, मसाला, आटा, घी, तेल, आलू, प्याज, हरी सब्जी के अलावा पान मसाला, सिगरेट, गुड़ाखू, चिकन आदि पर दुकानदारों ने रेट बढ़ा दिए हैं। उनका कहना है कि मुनाफाखोरी और कालाबाजारी का कारोबार जिला प्रशासन की आंखों के सामने फल-फूल रहा है। प्रशासन की आंखों के सामने धड़ल्ले से कालाबाजारी हो रही है। जिला प्रशासन के द्वारा गठित की गई टीमों की ओर से शहर के एक-दो गोदाम को छोड़कर दूसरी कार्रवाई अभी तक अमल में नहीं लाई गई है, जिसका खामियाजा गरीब, किसान व मजदूर लोगों को भुगतान पड़ रहा है। वहीं रायगढ़ एसडीएम युगल किशोर उर्वसा का कहना है कि मामले की शिकायत मिलने के बाद कार्रवाई की जाती है, अभी तक कई मामले भी दर्ज किए जा चुके हैं।

## तमाम मुस्लमीन ईद की नमाज घर में पढें : शकील अहमद



**रायगढ़।** कोरोनो के दूसरी लहर से पूरे देश व प्रदेश में अफरा-तफरी मची हुई हजारों की संख्या में रोज प्रतिदिन संक्रमित लोगो की संख्या सामने आ रही हैं साथ ही अनगिनत लोगो की मौत की भी खबर मिल रही हैं ऐसी स्थिति में भरतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री शकील अहमद ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रदेश सभी मुस्लमीन लोगो से अपील की है वर्तमान हालात को देखते हुए जिस तरह हमने पूरे रमजान महीना में घर पर नमाज पढ़े रोजा रहे,तराबी की नमाज पढ़े एवं जुम्मे की भी नमाज घर पर ही पढ़े उसी तरह सभी आने वाले ईद-उल-फितर की पावन पर्व की नमाज अपने अपने घर मे अदा करे। प्रदेश महामंत्री शकील अहमद ने आगे कहा कि शासन द्वारा कोरोनो महामारी को लेकर जो गाइड लाइन बनाया गया हैं।

# प्रदेश युवा धोबी समाज का वर्चुअल चुनाव, गिरधारी बने प्रदेश अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ युवा प्रदेश धोबी समाज का वर्चुअल चुनाव समाज के व्हाट्सएप ग्रुप में सम्पन्न हुआ, जिसमें 515 मतदाताओं ने भाग लिया और कोरबा के मजदूर नेता गिरधारी बरेठ युवा प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए ,उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी बेमेतरा के विधायक प्रतिनिधि भोजेन्द्र रजक को 182 वोटो के अंतर से हराया। समाज के जिला युवा लक्ष्मीकांत बरेठ ने बताया गिरधारी बरेठ के युवा प्रदेश अध्यक्ष बनने से ऊर्जा नगरी के समाज जनों में हर्ष व्याप्त है,थान खमहरिया के पार्षद जिला युवा अध्यक्ष ने बताया कन्हैया निर्मलकर, गिरधारी बरेठ के समर्थन में उम्मीदवारी वापस ले ली थी फिर भी उन्हें 33 मत प्राप्त हो गए,निर्वाचन अधिकारी के जिम्मेदारी विजय निर्मलकर खुरसैंगा जिला धमतरी संभाल रहे थे,समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने वर्चुअल निर्वाचन संपन्न होने के बाद समाज के संगठन में गति लाने के उद्देश्य से पराजित प्रत्याशी भोजेन्द्र को उपाध्यक्ष और पार्षद कन्हैया को महासचिव घोषित किया। समाज के प्रवक्त। अमन निर्मलकर ने बताया इन पदाधिकारियों के कार्यकाल को निश्चित नहीं की गई है,जब तक सिं य रहेंगे, समाज हित में कार्य करते रहेंगे बिना किसी शिकायत के तब तक कार्य कर सकते हैं, लेकिन किसी भी पदाधिकारी के खिलाफ शिकायत आई तो तत्काल प्रभाव से पद मुक्त कर कार्यवाहक पदाधिकारी नियुक्त कर निर्वाचन की उद्धोषणा कर दी जाएगी। कोविड-19 के सं मण को ध्यान में रखते हुए समाज ने पूरे प्रदेश में जिला स्तर, ब्लॉक स्तर से वर्चुअल इलेक्शन कराने का निर्णय लिया है,निर्वाचन प्रि या में भाग लेने वालों में प्रमुख रूप से सरसीवा परिक्षेत्र के अध्यक्ष छवि बरेठ, अडभार परिक्षेत्र के अध्यक्ष बसंत बरेठ, जांजगीर जिला के युवा अध्यक्ष ललित बरेठ, बलौदा बाजार जिला के अध्यक्ष कमलेश रजक, कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अंबे बघमार, मीडिया प्रभारी डैनी निर्मलकर, रायपुर के अध्यक्ष वरुण, खेम निर्मलकर का सराहनीय योगदान रहा,जिला जांजगीर चांपा मालखरौदा से राकेश डालेश्वर, डोरे शांडिल्य, कमलेश्वर शांडिल्य,हेमलाल, भुनेश्वर, हेमलाल,महादेव, पंकज ,उमाशंकर, मनोज, लक्ष्मी नारायण, मेलु ,पुष्पेंद्र, बबलू ,ग्रंथराम बरेठ,रामेश्वर बाबूलाल बरेठ, चोरिया का सराहनीय योगदान रहा।

# युवाओं में टीका लगाने को लेकर काफी उत्साह देखा गया

पायनियर संवाददाता ◄ चारामा
www.dailypioneer.com



18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को टीका लगाने की शुरुआत नगर के कन्या शाला स्थित कोविड वैक्सीन सेंटर में की गई। चारामा के साथ-साथ विकासखंड के अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में भी टीकाकरण किया गया। जहां युवाओं में टीका लगाने को लेकर काफी उत्साह देखा गया। पहले दिन बड़ी संख्या में टीका लगाने नगर सहित आसपास के गांव के 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोग पहुंचे, जहां सबसे पहले स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के द्वारा नियमानुसार आधार कार्ड की जांच की गई, बीपीएल एपीएल और अंत्योदय राशन कार्ड के अनुसार सूचीबद्ध कर सभी को क्रम अनुसार टीका लगाया गया ।टीकाकरण के दौरान कोरोना के नियम पालन करते हुए टीका लगाया गया ।टीका लगाने के बाद सभी को आधा घंटे तक ऑब्जर्वेशन रूम में रखा गया, ताकि किसी भी प्रकार की कोई परेशानी ना हो ,पूरे टीकाकरण के दौरान किसी भी प्रकार की कोई समस्या किसी के सामने नहीं आई ।देर शाम तक टीकाकरण का अभियान चलता रहा। 18 वर्ष से अधिक उम्र के साथ-साथ जिन लोगों को टीका की पहली डोज लग चुकी थी ,वे अपना दूसरा डोज लगाने सेंटर पहुंचे, साथ ही लोगों ने टीकाकरण के बाद सेल्फी भी ली और लोगों से बड़ी संख्या में टीकाकरण कराने की अपील भी की। वही साथ विभागीय कर्मचारियों के द्वारा लगातार लोगों को टीकाकरण करने एवं टीका लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पूरी टीकाकरण के दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी आई के सोम, बीएमओ डॉ ओपी शंखवार एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी टीकाकरण का निरीक्षण करने सेंटरो में पहुंचे।

## कुम्हारी रेलवे क्रॉसिंग पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**कुम्हारी।** परसदा रेल्वे क्रॉसिंग के पोल क्रमांक 839 के 28 से 22 के मध्य डाऊन ट्रेन की चपेट में आने से कट कर एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई । उक्त घटना की जानकारी थाना कुम्हारी को मिलने पर पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल जांच करते हुए आस पास के गांव वालों को सूचना दी ताकि मृतक की पहचान की जा सके। किन्तु सबने मृतक को पहचानने से इंकार कर दिया। मृतक का रंग गोरा, बाल छोटे, शरीर पर सफेद फुल शर्ट, काला पेन्ट, उम्र लगभग 35 से 40 वर्ष । शव को पोस्टमार्टम पूर्व पहचान हेतु सुपेला शासकीय अस्पताल में रखा गया है। सम्पूर्ण मामले की जांच थाना कुम्हारी के सहायक उपनिरीक्षक गणेशराम साहू, आरक्षक 220 जीतेंद्र वर्मा द्वारा की गई।

# शहर के जीरो पाइंट पर लावारिश मिली मासूम

**जिला पंचायत ने स्वीकृत किया 8 लाख 27 हजार रुपए**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ कोतवाली थानाक्षेत्र में शाम करीब साढ़े चार बजे गौशाला रोड से सत्तीगुड़ी चौक की तरफ आते हुए एक बच्चे पर अचानक तीन कुत्तों ने घेर लिया। कुछ अनहोनी हो पाती इसके पहले ही टीआई मनीष नागर की नजर इस दो-तीन साल की बच्चे के ऊपर पड़ी। कोतवाली प्रभारी मनीष नागर अपने हमराह साथियों के साथ चेकिंग के लिए निकले थे और सत्तीगुड़ी चौक में ही थे,उनके साथ थाना स्टाफ प्रधान आरक्षक संजय तिवारी, ट्रैफिक आरक्षक ललित प्रधान भी मौजूद थे। कोतवाल मनीष नागर स्टाफ के साथ दौड़ कर घड़ी चौक में मासूम बच्चे को सुरक्षित घेरे में लेते हुए कुत्तों के हमले से उसे बचाया। बताना चाहेंगे कि टीआई मनीष नागर ने कुत्तों को बच्चे की तरफ झपटता देख कर फौरन दौड़ लगाई यदि इसमें क्षण भर की भी देर होती तो कोई हादसा हो सकता था। जरा सी भी नजरअंदाजी से एक मासूम की जान भी जा सकती थी,चूंकि हमला करने वाले आवारा कुत्ते थे ऐसे में टीआई के साथ पुलिसकर्मियों को उन्हें भगाने में कुछ दिक्कते भी आई फिर भी बच्ची को सकुशल बचाया जा सका है। इस हादसे में बच्ची पूरी तरह डर गई थी। उसे नॉर्मल करने के लिए नगर कोतवाल ने उसे बिस्किट और कुछ खाने का सामान देकर उससे बातचीत की। पूछताछ करने पर बच्ची ने अपना नाम रश्मि और पिता का नाम विनोद बताया। बच्ची के अनुसार उसके पिता आटो चालक हैं। टीआई मनीष नागर ने बच्ची को अपनी गाड़ी में बैठाया और उसके माता-पिता की खोज में निकल गए। इसके बाद उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही बच्ची के परिवार वालों का पता चल जाएगा और उसे उसके अभिभावकों को को सौंप दिया जाएगा। जहां देर शाम नगर कोतवाली पुलिस ने बच्ची के परिजनों को खोज निकाला और उन्हें सौंप दिया।

## सत्यभामा की स्मृति में बनेगा स्मारक एवं सामुदायिक भवन

**रायगढ़।** ग्राम पंचायत गढ़उमरिया के आश्रित ग्राम बोंदाटिकरा की बहादुर जुझारू महिला एवं केलो नदी के पानी के लिए संघर्ष करते हुए शहादत को प्राप्त हुई सत्यभामा सौंरा के त्याग और सेवा को नमन करते हुए उनकी स्मृति में सामुदायिक शेड एवं स्मारक भवन निर्माण कार्य के लिए रायगढ़ जिला पंचायत द्वारा अधोसंरचना मद से महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत रायगढ़ के जिलाध्यक्ष भीमसिंह एवं पूर्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के अनुशंसा पर वर्तमान जिला पंचायत के उर्जावान मुख्य कार्यपालन अधिकारी रवि मित्तल द्वारा जिला पंचायत सदस्यों की सहमति से 10 मई 2021 को 8 लाख 27 हजार रूपये की तकनीकी स्वीकृति प्रदान की गई है।

## मजदूर महिला की आरा मिल मजदूर क्वार्टर में नग्न अवस्था में मिला शव

**कुम्हारी।** मजदूर महिला की आरा मिल मजदूर क्वार्टर में नग्न अवस्था में शव मिलन् से सनसनी फैल गई। मृतका संजू मांझी 46 वर्ष पति- मोहन मांझी साकिन- जिला कालाहांडी ओडिसा हाल पता महावीर सॉ मिल धमधा रोड शंकर नगर कुम्हारी। उपरोक्त महिला आरामिल में मजदूरी करती थी। लॉक डाऊन में काम बन्द था। महिला का पति एवं बेटा पुणे में काम करता हैं। मौके पर सॉ मिल मालिक छगन लाल पटेल द्वारा दोपहर 1 बजे देखा तो मजदूर क्वार्टर में मृतका निर्वस्त्र पड़ी हुई थी। जिसकी तत्काल सूचना थाना कुम्हारी को दी गई। मृतका का शव जांच के लिए पोस्टमार्टम के लिए दुर्ग भेज गया। मामले की जांच थाना प्रभारी आशीष यादव द्वारा की जा रही है। अज्ञात कारणों से हुई हत्या की जांच थाना प्रभारी द्वारा की जा रही है। क्षेत्र में लोमहर्षक हत्याकांड से सनसनी फ़ैल गई है। जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। मौके पर पुलिस पहुंची और भीड़ को तितर-बतर किया गया एवं मर्ग कायम कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया साक्ष्य के मुताबिक पुलिस का कहना है कि महिला की निर्मम हत्या की गई है, पुलिस मामले में हत्या के संदेह पर जांच कर रही है।

# चारामा निवासी टीकम तारम ने बेवर्ती के रवि नागर को प्लाज़्मा डोनेशन किया

पायनियर संवाददाता ◄ चारामा
www.dailypioneer.com



कोरोना महामारी भयावह रूप लेकर आया है, जिसके चलते मरीजों को सामान्य ब्लड एवं प्लाज़्मा मिलना बहुत ही मुश्किल हो गया है, ऐसे में युवाशक्ति सेवा समिति के युवाओं ने रक्त से किसी को समस्या ना हो,यह संकल्प लेते हुए कांकेर, धमतरी, रायपुर इन सभी जगहों में जाकर रक्तदान करवाया, वहीं गुप्ता हॉस्पिटल धमतरी में कोरोना मरीज शशिधर साहू जिनका ब्लड ओ पाजिटिव हैं उन्हें प्लाज़्मा की बहुत जरूरत थी, जोकि सिर्फ ठीक हुए कोरोना मरीज से ही प्राप्त हो सकता हैं और वहीं प्लाज़्मा डोनेशन कर सकते है, प्लाज्मा की आवश्यकता की जानकारी मिलते ही युवा शक्ति सेवा समिति टीकम तारम के द्वारा समिति सदस्यों के सहयोग से प्लाज़्मा ब्लड ढूंढा और बेवर्ती निवासी रवि नागर प्लाज़्मा ब्लड देने के लिए तैयार हुआ और वह 150 किलोमीटर दूरी तय करने के बाद बालाजी ब्लड बैंक रायपुर में प्लाज़्मा डोनेशन किया। जिससे मरीज अभी खतरे से बाहर है, और मरीज के परिजन रक्तदाता का सहृदय धन्यवाद किया। संस्था ने अपील किया की जो कोरोना से जंग जीत लिया है वह व्यक्ति जो कोरोना महामारी से जूझ रहा है, उसे प्लाज़्मा डोनेशन कर जरूरतमंदो की जान बचाए । इस कार्य में प्रमुख रूप से समिति के संचालक कमलेश गावड़े, मोहन रजक,कुशल साहू,कोमल सेन सभी ने प्लाज़्मा ढूंढने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं ।

**फोटो हुआ वायरल तो भड़के एसडीएम, सरपंच को दी गई समझाइश**

# गांव में पंचायत ने कोरोना से बचने करवाया हवन पूजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले जहां पूरी तरह लॉकडाउन है और आवश्यक सामानों को मंगाने में भी लोगों को मशक्कत करना पड़ रहा है वहीं जिला मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर एक गांव में कोरोना शांति हवन पूजन होने की खबर फोटो के साथ सोशल मीडिया में वायरल होने लगी। इसके आयोजक ग्राम पंचायत के पदाधिकारी ही थे। ऐसे में एसडीएम रायगढ़ ने सरपंच को फोन कर नसीहत दी और चेतावनी दी कि अब ऐसा न हो।

शहर से 20 किलोमीटर दूर बेलारिया ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच ने मिलकर कोरोना को भगाने हवन पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। बताया जाता है कि इस आयोजन में कई ग्रामीणों ने भी हिस्सा लिया। यही नहीं कई लोग तो बिना मास्क के भी नजर आए। इस फोटो के वायरल होने के बाद प्रशासन की नींद खुली तो उन्होंने सरपंच को फोन लगाकर फटकार लगाई और दुबारा ऐसी गतिविधि न करने की चेतावनी दी। इस संबंध में हमने बेलारिया के सरपंच रेशम साव से बात की तो उन्होंने बताया कि यह पूजा गांव में हर साल करवाया जाता है, इस कार्यक्रम में कुछ ही ग्रामीणों ने हिस्सा लिया था सभी को मास्क पहनने के लिए कहा गया था। हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि इस आयोजन के लिए कोई प्रशासनिक अनुमति नहीं ली गई थी, लेकिन उन्होंने कहा कि सोशल डिस्टेंस और मास्क संबंधी गाइड लाइन का पालन किया गया है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

इस संबंध में रायगढ़ एसडीएम युगल किशोर उर्वशा ने बताया कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी। मीडिया के माध्यम से ही उन्हें जानकारी हुई है। उनका कहना था कि संबंधित सरपंच से पूछताछ की जाएगी, यदि नियनों का उलंघन हुआ है तो उस पर कार्रवाई भी की जाएगी।

## आभासी लाईक को हटाएं लाईफ से

**लाईक और कमेंट्स का असर पर सेमीनार**

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



वर्तमान मोबाईल युग में स्कूली और कालेज के विद्यार्थी अधिकांश समय इसमें लगे रहते हैं। सोशल मीडिया में किसी फोटो अथवा वीडियो को अपलोड करने के बाद बच्चों का ध्यान उसके पोस्ट के लाईक और कमेंट्स पर टिका रहता है और इनकी कम संख्या विद्यार्थियों को निराशा के साथ अवसाद में भी ले जाती है। ये लाईक और कमेंट्स उनके अंदर ईर्ष्या के साथ साथ हताश भी कर रहे हैं। इसके कारण विद्यार्थी तनावग्रस्त भी हो रहे हैं। इन पर चर्चा करने और इस समस्या से बच्चों को दुर करने के लिए आज रविवार नौ मई को छत्रपति शिवाजी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए एक वेबीनार का आयोजन किया गया है। इसमें प्रमुख वक्त। जियोथेरेपिस्ट और मोटीवेटर डॉ. नीतू वर्मा ने कहा कि लाईफ को सिर्फ आभासी लाईक की आदत बनाना निराशा को जन्म देता है। दुसरो के ज्यादा लाईक ओर कमेंट्स को अपने जीवन की खुशियों का आधार मत बनाएं। सोशल मीडिया में सिर्फ अपनी पोज़ देते हुए फोटो को केवल लाईक और कमेंट्स के लिए पोस्ट करने की बजाय यदि सकारात्मक विचार, प्रेरक प्रसंग, कहानी या ज्ञानवर्धक बातों को पोस्ट करें तो उसका एक अलग महत्व व समाजहित में होता है। कई बार लाईक, कमेंट्स की अपेक्षा के साथ ज्यादा किए गए अनुपयोगी पोस्ट में अपेक्षित प्रतिक्रिया न मिलना हमको गुस्सा, चिड़चिड़ापन, हताशा के साथ अवसाद ग्रस्त कर देता है। इससे बचने के लिए कम चीज़ें ही पोस्ट करना चाहिए। डॉ. वर्मा ने कहा कि अपने जीवन को सोशल मीडिया का प्लेटफार्म मानकर अच्छी आदतों, गुणों और सकारात्मकता को इसमें पोस्ट करेंगे अर्थात आपके अंदर जितनी ज्यादा अच्छाइयां होंगी तो इससे मिलने वाली प्रशंसा अथवा तारीफ (लाईक) वास्तविक होगी, आभासी नहीं। आज के वेबीनार में करीब 56 विद्यार्थियों के अलावा स्कूल संचालक मुकेश शाह, प्राचार्या द्वय नफीसा रंगवाला व रशीदा फज़ली भी शामिल हुए।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, राजनांदगांव (छ.ग.)**

फोन - 07744224035 (O) Email- eeraj-phe-cg@gov.in

**//ई-प्रोक्योरमेंट अल्प निविदा आमंत्रण रूचि की अभिव्यक्ति सूचना//**

नि.सू.क्रमांक 09/निविदा शा./का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड/2021

राजनांदगांव, दिनांक 07.05.2021

**सिस्टम क्रमांक 76696**

जिला जल एवं स्वच्छता मिशन राजनांदगांव की ओर से कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन राजनांदगांव द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र - "ए" में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना एवं एकल ग्राम नलजल योजना हेतु Survey and preparation of Detailed Project Report of 831 Retrofitting and Single Village Scheme की मुंहरबंद निविदाए जिसका **अनुमानित लागत रू. 119.00 लाख** की आंमत्रित की जाती है। उपरोक्त कार्य हेतु निम्न तकनीकी अनुभव पात्रता मापदंड होना आवश्यक है-

1. अनुभव प्रमाण पत्र प्रतिभागियों के नाम पर या फर्म के नाम पर होगा, जो विधिवत रूप से कार्यपालन अभियंता या शहरी निकायों के मामले में मुख्य नगरपालिका अधिकारी के पद से नीचे जारी नहीं किया जाएगा।
2. न्यूनतम किसी भी शहरी योजना/ एकल ग्राम जलापूर्ति योजना के दो डीपीआर के सफल समापन का अनुभव।
3. सलाहकार के पास पाइपलाईनों के मॉडलिंग और हाइड्रोलिक डिजाइन के लिये एक लाइसेंस प्राप्त सॉफ्टवेयर होना चाहिए। वे इस तरह के सॉफ्टवेयर का प्रमाण प्रस्तुत करेंगे।

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 13.05.2021 से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक 28.05.2021 (शाम 5.30 बजे) तक है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड,**
**राजनांदगांव (छ.ग.)**

जी-60520/9

संपादकीय

# असम का फैसला, सोनोवाल की विदाई

**जब** भाजपा नेतृत्व ने सर्वानंद सोनोवाल को असम विधानसभा चुनाव के पहले मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं घोषित किया था तो स्पष्ट हो गया था कि इस मुद्दे का फैसला चुनाव के बाद किया जाएगा तथा हिमंत बिश्व शर्मा को मौका मिलने की संभावना थी। सोनोवाल ने मुख्यमंत्री के रूप में सफल सरकार का संचालन किया था, एक भ्रष्टाचार मुक्त सरकार चलाई थी तथा बिना कोई गलती किए अनेक जटिल चुनौतियों का सामना किया था। जब भाजपा के हिंदुत्व समर्थन आधार में आदिवासियों को जोड़ने में प्रमुख भूमिका निभाने वाले उनके जैसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री पद के उपयुक्त नहीं माना गया तो दीवाल की लिखावट साफ थी।

केन्द्रीय नेतृत्व ने चार दिन की वार्ता और विचार-विमर्श की औपचारिकता निभा कर राज्य की कमान ऐसे व्यक्ति को दे दी जो अपने तमाम अनुभवों और वित्तीय शक्ति के बावजूद घोटालों और भ्रष्टाचार में लिप्त रहा है। आखिरकार 2015 में कांग्रेस से पाला बदलने के पहले सीबीआई ने उनके खिलाफ कई भ्रष्टाचार मामलों में जांच की थी। निष्ठा और वैचारिक जुड़ाव को बहुत अधिक महत्व देने का दावा करने वाली भाजपा जैसी पार्टी द्वारा मुख्यमंत्री पद के लिए ऐसे व्यक्ति को पुरस्कृत करना उसके दृष्टिकोण में बड़ा बदलाव है। निसंदेह सोनोवाल एक गैर-विवादास्पद लोकप्रिय व्यक्ति थे जिन्होंने 2016 में भाजपा का चुनाव अभियान चला कर मजबूत कांग्रेस सरकार को उखाड़ दिया था। लेकिन सेनोवाल को इस बात का खामियाजा भुगतना पड़ा कि वे राजनीतिक रूप से चालाक व हिमंत की तरह जनता में लोकप्रिय नहीं थे।

सोनोवाल के पास दिल्ली में अमित शाह जैसा गाडफादर भी नहीं था। आदिवासी नेता का असम के बाहर प्रभाव भी अधिक नहीं था, जबकि हिमंत ने पूरे पूर्वोत्तर में भाजपा की पकड़ मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। येन-केन-प्रकारेण उन्होंने सुनिश्चित किया था कि भाजपा इस क्षेत्र में प्रमुख शक्ति के रूप में उभरे। असंदिग्ध रूप से जहां सोनोवाल लोकप्रिय आदिवासी नेता थे, वहीं हिमंत एकसाथ अनेक आयामों वाले नेता थे। हिमंत को पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा के शानदार प्रदर्शन का जिम्मेदार माना जाता था और वे सीएए-विरोधी आंदोलन तथा महामारी से निपटने में भी सफल हुए थे।

इस बीच सोनोवाल को मोदी सरकार में कैबिनेट पद का प्रस्ताव किया गया है, पर पता चला है कि वे अपने साथ हुए व्यवहार से बहुत दुखी हैं और वे यह प्रस्ताव स्वीकारेंगे या नहीं। उनके अगले कदम पर नजर रहेगी। यदि वे केन्द्र में वापसी के लिए तैयार होते हैं जहां वे असम के मुख्यमंत्री बनने के पहले खेल मंत्री थे तो भाजपा नेतृत्व राहत की सांस लेगा।

ऐसा न होने पर वे हिमंत के लिए अनेक आदिवासी समूहों तथा विधायकों का समर्थन प्राप्त करने के मामले में एक मजबूत चुनौती बन सकते हैं। पूर्वोत्तर के प्रभावशाली नेता हिमंत जैसे नेता को 'राहुल गांधी द्वारा मुलाकात के पहले घंटो प्रतीक्षा कराने के अपमान' के कारण कांग्रेस छोड़नी पड़ी थी। इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस की ज्यादातर मुसीबतें स्वयं उसकी पैदा की हुई हैं। हिमंत की पदोन्नति से निसंदेह सोनोवाल को चोट लगी है, पर इससे राहुल गांधी को ज्यादा पीड़ा होगी।

# जन-स्वास्थ्य बीमा का पुनरीक्षण जरूरी

## अब भारत में नीतिगत चिकित्सकों को वास्तविक चिकित्सकों के साथ समन्वय स्थापित करना होगा जिससे कि ऐसे तीव्र समाधान प्रस्तुत किए जा सकें जो सभी के लिए एक स्वस्थ जगत का निर्माण करने में सक्षम हों।



**मोईन काज़ी**
(लेखक विकास पेशेवर हैं)




स्वस्थ परिवार स्वस्थ समुदायों की नींव हैं, इस प्रकार, परिवार के लिए अच्छे स्वास्थ्य और विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवा से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ नहीं है। सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी लोग वित्तीय कठिनाई से पीड़ित हुए बिना गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त करें। सबसे बड़ी चुनौती दुनिया के गरीबों और बीमारों को नुकसान पहुंचाने वाले कई संकटों का मुकाबला करना है। वर्तमान महामारी के कारण हम दबाव की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और स्वास्थ्य संबंधी खर्च अब एक प्रमुख मार्ग बन गया है। भारत ने सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा में एक बड़ी छलांग ली जब उसने प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) और आयुष्मान भारत (एबी) योजना शुरू की। ये देश की प्रमुख संरचनाएं हैं जिन्हें सार्वभौमिक स्वास्थ्य सेवा में मदद करने के लिए बनाया गया है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को कर्ज के जंजाल में फंसे बगैर उचित चिकित्सा देखभाल मिल सके। सरकार की लागत लगभग 1,052 रुपए प्रति परिवार है, जिसका 60 प्रतिशत केंद्र और बाकी राज्यों द्वारा वहन किया जाता है। हालांकि इस योजना के कई प्रशंसनीय उद्देश्य और उपन्यास विशेषताएं हैं, इसकी सीमाएँ हैं। स्पष्ट रूप से दुर्जेय लाभार्थी आधार होने के बावजूद, एबी-पीएमजेएवाई के पास अभी भी समग्र रोगी देखभाल प्रावधान में एक छोटा सा हिस्सा है। यह अस्पतालों के कम समानीकरण के कारण है, एबी-पीएमजेएवाई लाभों के वितरण के लिए निजी प्रदाताओं की एक सामान्य अनिच्छा, और अस्पतालों के समग्र व्यवसाय में एबी-पीएमजेएवाई का सीमित योगदान। सरकार सार्वजनिक और निजी अस्पतालों को कार्यक्रम के तहत कवर किए गए लोगों के इलाज के लिए निर्धारित दरों का भुगतान करती है और यह निजी क्षेत्र की व्यवहार्यता के साथ फिट नहीं है। सार्वजनिक स्वास्थ्य के वितरण में निजी क्षेत्र को किस प्रकार सह-चुना जा सकता है, यह देखने के लिए नए तरीकों की खोज की जानी चाहिए। उसी समय, सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली - विशेष रूप से ग्रामीण भारत में - को पुनः उत्पन्न करना होगा। गरीबों के लिए, स्वास्थ्य अक्सर समृद्धि के मार्ग या विनाश में एक स्लाइड के बीच विभाजन रेखा है। मामलों को बदतर बनाने के लिए, आमतौर पर अस्थिर और अनिश्चित आय और गुणवत्ता स्वास्थ्य सेवा की अनुपस्थिति के संयोजन का मतलब है कम आय वाले समुदायों को न केवल स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच की आवश्यकता है, बल्कि इसके लिए भुगतान करने की क्षमता भी है। निजी हेल्थकेयर में भयावह लागत है जो रोगियों की कड़ी मेहनत से अर्जित बचत को काट देती है। नतीजों में स्पिलओवर के परिणाम होते हैं, जिसके परिणामस्वरूप घरों में भोजन, शिक्षा, आवास और अन्य आवश्यकताओं के लिए कम धन उपलब्ध होता है। असफल फसल की तुलना में स्वास्थ्य आपातकाल किसानों के लिए एक बड़ा जोखिम है। एक बार जब वे अपनी जमीन / पशुधन बेच देते हैं, तो वे गिरमिटिया मजदूर बन जाते हैं और इसे ठीक करने में एक पीढ़ी या उससे अधिक समय लगता है। भारत के सार्वजनिक अस्पतालों में देखभाल तकनीकी रूप से मुफ्त है। लेकिन वास्तव में देखभाल की खराब गुणवत्ता, मानव संसाधनों और उपकरणों की कमी ने उन्हें अत्यधिक रोगी भार का सामना करने से रोक दिया है। परिणामस्वरूप, बहुत से वंचित भारतीयों को महंगे निजी अस्पतालों में इलाज कराने के लिए मजबूर किया जाता है जो वे बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं, या बस बिना देखभाल के चलते हैं। न केवल एक स्वास्थ्य प्रकरण में खड़ी चिकित्सा लागत शामिल है, बल्कि आकस्मिक खर्च भी हैं। यह उस अवधि के दौरान आय के नुकसान से आगे बढ़ जाता है जब कोई व्यक्ति बीमार हो या घायल हो या किसी प्रियजन की देखभाल कर रहा हो। बीमा के बिना, लोग अक्सर इन जोखिमों का प्रबंधन करने के लिए अनौपचारिक साधनों की ओर रुख करते हैं, लेकिन ऐसी रणनीतियां अपर्याप्त सुरक्षा प्रदान करती हैं। इसलिए जब दुर्भाग्य का प्रहार होता है, तो कई कर्ज के जाल में फंस जाते हैं क्योंकि वे अपने साधनों से परे हो जाते हैं। यह उन्हें उत्पादक संपत्ति बेचने, बच्चों को स्कूल से निकालने या उन्हें काम पर रखने, भोजन पर समझौता करने, या अन्य बीमारियों को छोड़ने के लिए ले जा सकता है। इस गतिशील के कारण, एक स्वास्थ्य मुद्दा आसानी से वित्तीय सिंकहोल बन सकता है। स्वास्थ्य बीमा व्यक्तियों के लिए दो प्राथमिक कार्य करता है। सबसे पहले, यह निवारक सेवाओं और / या उपचार दोनों के लिए स्वास्थ्य सेवा के लिए वित्तीय पहुंच को सुरक्षित करता है। दूसरा, यह उन सेवाओं की लागतों को बढ़ाता है, जो संभावित विनाशकारी आर्थिक झटके से बचाते हैं। भारत में स्वास्थ्य बीमा नीतियां आम तौर पर आउट पेशेंट या अधिवास उपचार को कवर नहीं करती हैं, जहां प्रमुख खर्चों में फार्मेसी बिल, नैदानिक ??और रोग परीक्षण शामिल हैं। कई स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम बीमारी या अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण वेतन हानि को कवर करते हैं, लेकिन कई नहीं करते हैं। इन कवरेज अंतरालों के कारण, यहां तक ??कि बीमित लाभार्थी उच्च अप्रत्यक्ष लागतों को उकसा सकते हैं, खासकर ऐसे मामलों में जिन्हें अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, भारत की प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजना, एबी, अस्पताल में भर्ती होने से जुड़ी अप्रत्यक्ष लागतों को पहचानने और क्षतिपूर्ति करने में विफल है - और ये गरीबों के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं। इनमें अस्पताल और वापस आने-जाने का खर्च शामिल है। इसके अतिरिक्त, अस्पताल में या घर पर रहकर, अस्पताल में भर्ती होने के बाद, मजदूरी का नुकसान होता है। अक्सर, परिवार से देखभाल करने वाले परिचारकों को भी कई दिनों तक मजदूरी करनी पड़ती है और इलाज के लिए उनके पैतृक शहर से दूर ले जाने की स्थिति में उनके ठहरने की व्यवस्था करनी पड़ती है। गरीब परिवार कर्ज ले सकते हैं, उत्पादक संपत्ति बेच सकते हैं या अपने घर भी। यह एक नकारात्मक प्रतिक्रिया पाश का खतरा हैः गरीबी खराब स्वास्थ्य की ओर ले जाती है, जो आगे गरीबी उत्पन्न करती है। वे उपचार से बचने या देरी करने के लिए मजबूर हो सकते हैं, क्योंकि वे अपना वेतन नहीं खो सकते। इसी तरह, जिन्हें लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहने की आवश्यकता होती है, वे काम पर वापस जा सकते हैं भले ही वे पूरी तरह से ठीक न हुए हों। खोई हुई आय, अक्सर वित्तीय झटके के सबसे बड़े घटकों में से एक, बीमाधारक के बीच बहुत कम होती है, क्योंकि यह उन्हें जल्द देखभाल करने की अनुमति देता है। चूंकि महिलाओं की कई चिंताएं आसानी से बीमा योग्य नहीं हैं, जैसे, मातृत्व लागत, एक अधिक प्रासंगिक उत्पाद वह होगा जो बीमा और बचत को जोड़ता है। इस तरह, उदाहरण के लिए, एक महिला अपनी बचत का उपयोग सामान्य प्रसव की लागत, और अप्रत्याशित जटिलताओं की लागत को कवर करने के लिए बीमा का उपयोग कर सकती है। एबी की सफलता का मूल्यांकन करने में, जो मायने रखता है, यहां तक कि लाभार्थियों की गिनती से भी अधिक मायने रखता है, क्या यह लक्ष्य की आबादी में उनकी दैनिक जरूरतों पर आजीविका को प्राथमिकता देने की आवश्यकता को हटाता है। यह आमतौर पर ज्यादातर गरीब परिवारों के लिए होता है, जिनके पास उपचार के दौरान आय समर्थन की कमी होती है। यह सिर्फ माध्यमिक और तृतीयक देखभाल के बजाय प्राथमिक, दिन-प्रतिदिन स्वास्थ्य सेवा सहित विचार कर सकता है। इसका कारण यह है कि खराब ढंग से वितरित प्राथमिक देखभाल अनिवार्य रूप से लाइन पर माध्यमिक और तृतीयक स्तरों पर स्वास्थ्य और वित्त पर बोझ बढ़ाती है। पारंपरिक चिकित्सा के नर्सों और चिकित्सकों को नई बीमारियों के भयावह रूपों के बारे में जानकारी रखने के लिए पुल पाठ्यक्रम लेना होगा। रोग स्थिर चीजें नहीं हैं। रोगजनक बदलते हैं, मेजबान बदलते हैं और वातावरण बदलते हैं। हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली संक्रमणों को दूर करने के परिणामस्वरूप बदल जाती है। और, ज़ाहिर है, हमारी जीवन शैली बदलती है, सामाजिक मानकों, चिकित्सा प्रणालियों और सार्वजनिक-स्वास्थ्य कार्यक्रमों के रूप में भी।

इस प्रकार, अस्पताल में भर्ती के दौरान वेतन और आकस्मिक खर्चों को शामिल करने के लिए लाभों को बढ़ाना आवश्यक है। यह पहले से ही विशिष्ट तुलनीय योजनाओं का प्रचलन है। इस तरह की योजनाएं, अस्पताल की नकदी, या वेतन हानि लाभ प्रदान करती हैं, जो कि अस्पताल में भर्ती होने के प्रत्येक दिन के लिए परिवहन और मजदूरी हानि के लिए एक निश्चित राशि है।

# वैश्विक महामारियों का चरित्र एवं विभीषिका

**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



हम सभी जानते हैं कि पूरी दुनिया पर भयानक हमला करने वाली कोरोना पहली वैश्विक महामारी नहीं है। ऐसे में केवल यही उम्मीद की जा सकती है कि यह न देशों को पराजित कर सकेगी और न उनके इतिहास की दिशा मोड़ सकेगी। वैश्विक महामारी से मुकाबला करने में उसकी प्रकृति समझना और यह जानना जरूरी है कि वह कैसे पैदा हुई। बीमारी के केन्द्र में क्या नष्ट करने की आवश्यकता है और उसे कैसे नष्ट किया जाए। हालांकि, चिकित्सा वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने इसका रास्ता निकाल लिया है, पर बीमारी ने भयानक विभीषिका पैदा की है। इस बात से सांत्वना मिलती है कि कोरोना पहली वैश्विक महामारी नहीं है। इसके पहले 11 वैश्विक महामारियां आ चुकी हैं और कोरोना बारहवीं है। जहां तक लिखित इतिहास हमें बताता है, पहली विभीषिका ब्यूबोनिक प्लेग ने पैदा की थी सिकी शुरुआत छठी शताब्दी में मिस्र के एक बंदरगाह से अचानक हुई थी। रिकार्ड में इसे ताऊन कहा गया था और वैश्विक महामारी शब्द की खोज बाद में हुई। प्लेग बहुत व्यापक रूप से फैला था और यह एड्रियाटिक समुद्र पार कांस्टैंटिनोपोल तक पहुंचा तथा इसका विस्तार रोम से लेकर उसके साम्राज्य के पश्चिम तक था। शुरुआती वर्षों से प्लेग को 'ब्लैक डेथ' का नाम दिया गया था।

इसके बाद ब्रिटेन समेत इसका विस्तार पश्चिमी यूरोप में हुआ। संयोग से उस समय कांस्टेंटिनोपोल पर जस्टीनियन साम्राज्य का शासन था। मुझे याद है कि उसे इतिहास में हगिया सोफिया के निर्माता, एक शहर के प्रख्यात वास्तुविद व शताब्दियों तक एक साम्राज्य के निर्माता के रूप में जाना जाता था। तुर्क विजेताओं ने इसमें चार मीनारें जोड़ कर इसे मस्जिद में बदल दिया था तथा कमाल मुस्तफा अतातुर्क ने 1920 के दशक में इसे एक संग्रहालय में बदल दिया था। अभी हाल ही में राष्ट्रपति इर्दोगान ने इसे फिर एक मस्जिद में बदल दिया है। संयोग से जर्मन बोलने वाले क्षेत्रों में यहूदियों पर आरोप लगाया जाता था कि उन्होंने कुंओं के पानी में जहर मिला दिया था। इसके लिए दंड स्वरूप यहूदियों को या तो ईसाई बनने या मौत की सजा का विकल्प दिया गया था। धर्मांतरण न करने वाले यहूदियों को उनके धर्मस्थलों में ले जाकर सामूहिक रूप से जला दिया गया था। कुछ इतिहासकारों का विश्वास है कि पलेग ने पूर्वी रोमन साम्राज्य को भारी धक्का दिया था जो बीतते समय के साथ और कमजोर हो गया। आश्चर्य नहीं कि उसके बाद आने वाला बैजेंन्टियम मध्य एशिया से आने वाले तुर्कों का मुकाबला नहीं कर सका। तुर्कों ने पहले एंटोलिया और इसके बाद कांस्टैंटिनोपोल पर हमला कर इसका नाम इस्तांबूल कर दिया। इससे पता चलता है कि कोई वैश्विक महामारी कैसे एक सभ्यता का भविष्य बदल सकती है। पूर्वी यूरोपीय रोमन साम्राज्य के अवतार के रूप में ईसाइयत पर तो कोई प्रभाव नहीं पड़ा, पर साम्राज्य नष्ट हो गया। चर्च का मुख्यालय अब भी इस्तांबूल में है जहां जनसंख्या में दो या तीन प्रतिशत ईसाई बचे हैं।



चेचक अगली वैश्विक महामारी थी जो समय-समय पर व एक या दूसरे स्थान पर उभरती रही। लेकिन इसके बावजूद यह व्यापक रूप से भय पैदा करने वाली बीमारी थी और इसे वैश्विक महामारी माना गया। यह दशकों बाद तक लोगों को डराती रही। इसका भय इतना अधिक था कि एशिया के अधिकांश हिस्सों में हर बच्चे का इसके लिए अनिवार्य टीकाकरण कराया जाता था। इस भय के कारण भारत में बीमारी को शीतला माता के रूप में पूजा जाता था और उनके मंदिर बने थे। विशेषज्ञों को आशंका है कि इसकी शुरुआत गायों, ऊंटों या बंदरों से निकलने वाले वायरस से हुई थी। उन उपयोगी जानवरों से वायरस मनुष्यों में उस समय आए जब इनको पालना शुरू हुआ था। माना जाता है कि इस बीमारी की शुरुआत ईसा से 1,100 साल पहले हुई थी क्योंकि इसे मिस्र की कुछ ममियों में पाया गया। नई सहस्राब्दी शुरू होने के बाद निकट एक या दो रोमन राजा चेचक से मरे थे। चेचक ने पश्चिमी यूरोप व खासकर स्पेन को भी नहीं छोड़ा। वहां से इसका विस्तार 16वीं शताब्दी के शुरुआती वर्षों में लैटिन अमेरिका तक हुआ। प्रकाशित विवरणों के अनुसार इसका स्पैनिश समाधान यह था कि पूरे परिवार के संक्रमित होने के बाद पूरी इमारत को गिरा दिया जाता था और इस प्रकार अनेक लोगों को दफ्न करने से बचा जाता था। कालरा एक और विभीषिका थी जिसका विस्तार मुख्यतः पानी या किसी और द्रव के माध्यम से होता था। विश्वास किया जाता है कि इसका जन्म गंगा के मैदान में हुआ था। यहां से इसका प्रसार सारी दुनिया में हुआ और यह रूस समेत 19वीं शताब्दी के प्रारम्भ में यूरोप तक पहुंच गया। इसके बाद यह बीमारी एटलांटिक समुद्र पार कर अमेरिका पहुंच गई तथा इसका विस्तार पूरे अमेरिका के साथ ही लैटिन अमेरिका में हो गया। कालरा वैश्विक महामारी के स्रोत का पता जर्मन वैज्ञानिकों ने 19वीं शताब्दी के अंत में लगाया था। इस खोज के बावजूद कालरा पूरब में इंडोनेशिया तथा दक्षिण-पश्चिम में कुछ अफ्रीकी देशों तक पहुंच गया। कालरा की विभीषिका फैलने से रोकने के लिए लोगों को केवल संदिग्ध पेय जल से दूर रहना था। पश्चिम में इसे 'ब्लू डेथ' का नाम दिया गया था, हालांकि कोलकाता में डाक्टरों ने इसके पहले लक्षण मल के रंग से पहचाने थे। यदि मल सफेद नहीं होता था तो व्यक्ति को कालरा से संक्रमित नहीं माना जाता था।

कुछ अन्य वैश्विक महामारियों में डिप्थीरिया, टायफायड, पोलियो, खसरा, इन्फ्लुएंजा और यलो फीवर शामिल हैं। कालरा की तरह टायफायड भी जल या द्रव-जनित बीमारी थी। पोलियो, खसरा और इन्फ्लुएंजा वायु-जनित बीमारियां हैं। इनके कारण जीव अलग-अलग हैं। इन्फ्लुएंजा ने प्रथम विश्वयुद्ध के बाद दुनिया के अधिकांश हिस्सों में विभीषिका पैदा की थी। मलेरिया इनमें सबसे अलग है। भारत में इसका कारण एक खास प्रजाति के मच्छर का बार-बार पैदा होना है। संयोग से आधुनिक यूरोपीय इतिहास पढ़ते समय मुझे नैपोलियन बोनापार्ट का एक संदर्भ मिला जिसके हजारों सैनिक 'यलो फीवर' के कारण मर गए थे।

## फरमाया



**प्रत्येक** अस्पताल में आक्सीजन की उचित आपूर्ति बनाए रखना कठिन है। हम केंद्र से दिल्ली को प्रतिदिन 700 मीट्रिक टन आक्सीजन देने की मांग करते हैं।

**- मनीष सिसोदिया**
दिल्ली के उपमुख्यमंत्री



**8** मई 1945 मुक्ति का दिन है। उन लोगों की इन स्मृतियों को जीवित रखना हमारा दायित्व है जिनकी उन वर्षों के दौरान अपना जिन्दगियां समाप्त हो गईं।

**- एंजेला मारकेल**
जर्मन चांसलर



**जीवन** दांव पर लगे हैं। उन्हें बचाना हमारी प्राथमिकता है और यह दायित्व प्रत्येक पंजाबी का है कि वह उन जिंदगियों को बचाए।

**- कैप्टन अमरिंदर सिंह**
पंजाब के सीएम

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## दरगाह या आक्सीजन

**राजस्थान** सरकार के पास अपने अस्पतालों में आवश्यक आक्सीजन प्लांट लगाने के लिए पैसा नहीं था। पर सहसा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पास चिश्ती दरगाह, अजमेर को देने हेतु 100 करोड़ रुपये निकाल आये। सो वे जाकर चढ़ा आये। किसी मीडिया चैनल ने उनसे सवाल पूछने की जहमत नहीं उठायी कि लोगों की जान प्राणवायु से बचेगी या कब्र के श्रृंगार से। वैसे इस प्रश्न के उत्तर में कांग्रेस के एक प्रवक्ता ने कहा कि जान तो मंदिर बनाने से भी नहीं बचेगी। वे भूल गए कि मंदिर तो जनता खुद के पैसे से बनवा रही है। खैर, गहलोत जहां से प्रेरणा लेते हैं, उस राजीव गांधी फाउंडेशन ने कितना पैसा कोरोना से लड़ाई में खर्च किया? जवाब है शून्य। और हर साल वह भी करोड़ों रुपया चिश्ती दरगाह को देता रहता है। यदि फाउंडेशन निजी रूप से वित्तपोषित होता तो दरगाह को देने की उसकी मर्जी पर शायद किसी को आपत्ति न होती। किन्तु उसका कोष सरकारी अनुदानों से भरा पड़ा है। यूपीए सरकार और उससे भी पहले नरसिम्हा सरकार के दिनों से हर वर्ष 100 करोड़ अथवा उससे ज्यादा जनता के टैक्स का पैसा फाउंडेशन को प्राप्त होता रहा है। इस समय कोरोना के खिलाफ खर्च करके वह जनता के कर्ज को कुछ उतार सकता था।

**- आस्था गर्ग**, मेरठ

# कोविड-19 महामारी के दौरान नर्सों का योगदान समुदाय के लिए समर्पित

### अंतरराष्ट्रीय नर्सेस डे-2021



लेखक
डॉ. एल. गोपीचंद्रन
आर.एन-आर एम
पीएचडी, एम्स
प्रसिडेंट-टीएनएआई, दिल्ली स्टेट ब्रांच

आज, 12 मई को, हम आधुनिक नर्सिंग के संस्थापक, फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती मनाने के लिए दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाते हैं। उन्होंने लिखा है कि जिस तरह की नर्सिंग की उसने कल्पना की थी उसे देखने में 100 से 150 साल लगेंगे। उसकी दृष्टि आज सच हो गई है क्योंकि विश्व स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी परिणामों को उठाने में नर्से प्रणाली का एक अभिन्न हिस्सा बन गई हैं। हम नर्से मुख्य भूमिका निभाती हैं और स्वास्थ्य सेवा वितरण, अस्पताल प्रशासन, चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा अनुसंधान में अपनी दक्षता साबित करती हैं। विशिष्ट नर्सों और नर्स चिकित्सकों का प्रवेश उल्लेखनीय रूप से अभ्यास के दायरे और समाज में उनके योगदान को व्यापक बना रहा है। इस कोविड-19 महामारी के दौरान भी नर्सों का मैच्योर योगदान समुदाय के लिए समर्पित है, कड़ी मेहनत और कई चुनौतियों के बीच जो नर्सिंग को समाज के लिए अधिक दृश्यमान बनाती हैं। भारतीय नर्सों को उनकी प्रतिबद्धता और योग्यता के लिए जाना जाता है, और हमारी नर्सों की वैश्विक मांग बहुत अधिक है। अन्य व्यवसायों की तरह, नर्सिंग में लिंग संतुलन महत्वपूर्ण है, हमारे काम में पुरुष नर्सों के प्रवेश के साथ, यह स्वास्थ्य सेवा योगदान और व्यावसायिक विकास में आशाजनक है। भारत में प्रति 1,000 आबादी पर 1.7 नर्स हैं, जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक (43 प्रति 1,000) से 43 कम है।

हमारे देश में कम वेतन और काम की परिस्थितियों के कारण नर्सों का पलायन ब्रेन ड्रेन में होता है और बहुत चिंता का विषय है। नर्सों के लिए कैरियर के विकास के लिए एक बेहतर प्रणाली बनाना भारत में हमारी सशक्त नर्सों को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। ताकि हमारे देश को अपनी सक्षम और समर्पित नर्सों से लाभान्वित किया जा सके जो एक बेहतर भारत के निर्माण के लिए निवारक और प्रचारक स्वास्थ्य गतिविधियों में अभिन्न हैं।

# सेवा व समर्पण की बनी अनुपम मिसाल

## बीएसपी अस्पताल के स्त्रीरोग व प्रसूति विभाग का उत्कृष्ट योगदान

### जच्चे-बच्चे को मिला जीवनदान

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय जेएलएन अस्पताल में एक ओर जहां कोरोना से जीवन बचाने की जंग जारी है, वहीं इस अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराने की पूरी तैयारी है। कोविड के बढ़ते प्रकोप ने अस्पतालों पर बेहद दबाव बना दिया है। आज मेडिकल बिरादरी दिन-रात काम कर रही है। आज कई अस्पतालों ने कोविड को छोड़कर अन्य मरीजों को देखना बंद कर दिया है। परन्तु सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय जेएलएन अस्पताल में कोविड मरीजों के इलाज करने के साथ ही इस अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराने में समर्पण की एक मिसाल कायम की है। जेएलएन अस्पताल का ऐसे ही एक समर्पित विभाग है स्त्रीरोग व प्रसूति विभाग, जो गर्भवती स्त्रियों के इलाज व सुरक्षित प्रसव कराने में अहम भूमिका निभा रहा है। विशेष रूप से मार्च व अप्रेल, 2021 में जब निरन्तर कोविड केस बढ़ रहे थे, तब इस अस्पताल के स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉक्टरों व नर्सों ने कोविड के खतरे के बावजूद सुरक्षित प्रसव कराने का बीड़ा उठाया है।

**ओपीडी में 4000 से अधिक मरीजों का इलाज**–कोविड के इस भयंकर संक्रमण के दौरान भी स्त्री रोग व प्रसूति विभाग के चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं का इलाज जारी रखा। डॉक्टरों ने अपनी जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन करते हुए इन गर्भवती महिलाओं को निरन्तर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराते रहे। उनके इस समर्पण के चलते ही मार्च-अप्रेल में 4000 से अधिक महिलाओं का इलाज किया गया। जिसमें मार्च, 2021 में 1922 तथा अप्रेल, 2021 में 2353 महिलाएं शामिल है। इसमें लगभग 20 महिलायें कोविड पॉजीटिव पायी गयी, इनका भी इलाज किया गया। इसके अतिरिक्त लगभग 200 महिलाओं को इलाज हेतु भर्ती किया गया।

**सुरक्षित प्रसव एक चुनौती**– कोविड के इस जोखिम भरे अवधि में सुरक्षित प्रसव कराना, अपने आप में एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। इस दौरान जहां नवजात शिशु को संक्रमण से बचाने की जद्दोजहद होती है वहीं प्रसूता के जीवन को बचाने की भी एक अहम जिम्मेदारी आ जाती है। जच्चा-बच्चा दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित कर जेएलएन अस्पताल के डॉक्टरों व पैरा-मेडिकल स्टाफ ने मार्च-अप्रेल में 90 से अधिक महिलाओं की प्रसूति कराने में सफल रहे। जिसमें मार्च, 2021 में 52 तथा अप्रेल, 2021 में 39 महिलाओं की सफलतापूर्वक प्रसूति करायी गयी। इसमें से कई महिलायें कोविड पॉजीटिव पायी गयी, इनका भी सुरक्षित प्रसव कराया गया। इन 2 माह में लगभग 64 सिजेरियन डिलिवरी करायी गयी।

**मेजर व माइनर सर्जरी से बचायी जान**- कोविड के इस संकटकाल में भी जेएलएन अस्पताल के स्त्रीरोग व प्रसूति विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों व पैरा-मेडिकल स्टाफ की टीम ने अपनी सेवा व समर्पण दिखाते हुए मार्च व अप्रेल, 2021 के इन 2 महीनों में लगभग 120 महिलाओं की सर्जरी की। इनमें 69 मेजर सर्जरी तथा 51 माइनर सर्जरी शामिल है। इस टीम के कई सदस्य कोरोना पॉजीटिव होने के बावजूद पूरी टीम एकजुट होकर कर्तव्यों का निर्वहन करती रही। कोविड भी इस टीम का मनोबल नहीं गिरा सका। इस टीम ने जोखिम उठाते हुए कई कोविड मरीजों की भी सफलतापूर्वक डिलिवरी कराई।

**डीएनबी डॉक्टर्स की अहम भूमिका**- जेएलएन अस्पताल के स्त्रीरोग व प्रसूति विभाग के नियमित विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ-साथ डीएनबी डॉक्टरों ने इन मरीजों के चिकित्सा व प्रसूति में अहम भूमिका निभाई है। इनमें से कई डॉक्टर्स प्रसूति के साथ-साथ कोविड से संबंधित सेवाएं भी दे रहे है। डीएनबी डॉक्टर्स के समर्पण व सेवा ने इन मरीजों को बड़ी राहत दी है।

**समर्पित टीम के सदस्य**- ईडी(एम एंड एचएस) डॉ एस के इस्सर, सीएमओ द्वय डॉ प्रमोद बिनायके व डॉ रविन्द्रनाथ के मार्गदर्शन तथा जेएलएन अस्पताल के स्त्रीरोग व प्रसूति विभाग के विशेषज्ञ डॉक्टर्स, डीएनबी डॉक्टर्स व पैरा-मेडिकल स्टाफ सुरक्षित प्रसव को अंजाम देकर जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। माताओं व नवजात शिशु के देखभाल में भी इस विभाग की टीम ने अहम भूमिका निभाई है। इस समर्पित डॉक्टर्स की टीम के सदस्य हैं- डॉ. सुनीता अग्रवाल, डॉ. रोशन हुसैन, डॉ. अरुण कुमार डोरा, डॉ. श्रुति डे, डॉ. निशा ठाकुर, डॉ. प्रभदीप कौर, डॉ. संगीता कामरा, डॉ. शैला जैकब, डॉ. नीना गुहा, डॉ. सुमन कुमार एवं डॉ. हिमानी गुप्ता। इसके अतिरिक्त पूरे सेवाभाव से कार्य करने वाले लेबर रूम नर्सिंग स्टाफ में शामिल है- जॉयस थॉमस, रीना शर्मा, मैरी जॉन, एंजीलिना सिंह, जयश्री आर, सुनीता साहू, संगीता यादव, उषा साहू, सुनीता किरण, सुनीता तिर्की। इस टीम में डीएनबी डॉक्टर्स ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# भिलाई के टीकाकरण केंद्रों में 45 वर्ष उम्र एवं अधिक के 111897 लोग लगवा चुके है कोविड का टीका

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



कुछ ही दिनों में इस उम्र के व्यक्तियों के टीका लगाने का आंकड़ा लाखों पार, टीकाकरण अभियान में बढ़-चढ़कर ले रहे हैं हिस्सा कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान निरंतर जारी है, कोविड का टीका लगाने लोग अपने क्षेत्र के नजदीकी केन्द्रों में पहुंच रहे है। निगम प्रशासन द्वारा नियमों के अधीन पात्र हितग्राहियों के हर उम्र के व्यक्तियों को टीका लगवाने की उत्तम व्यवस्था की है! अधिक से अधिक लोगों को टीका लगाने पूरा निगम प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग का अमला लगा हुआ है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम करने हर संभव प्रयास किया जा रहा है, पिछले कुछ दिनों में अभियान चलाकर 45 वर्ष उम्र के अधिक के 111897 लोगों को कोविड का टीका लगाया जा चुका है। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के नेतृत्व में भिलाई में विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण केंद्र संचालित किया जा रहा है, जहां लोग स्वफूर्त टीका लगाकर संक्रमण की रोकथाम में अपनी सहभागिता दे रहे है। निगम क्षेत्र के टीकाकरण केन्द्रों का जोन आयुक्त लगातार निरीक्षण करते हुए व्यवस्था को बनाए रखने आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। 45 वर्ष एवं अधिक उम्र के व्यक्तियों के लिए चयनित केंद्रों में टीकाकरण किया जा रहा है। जितना अधिक टीकाकरण होगा उतना ही जल्दी कोरोना के संक्रमण को रोकने में मदद मिलेगी। विशेष अभियान के तहत टीकाकरण के लिए अब तक कई सारे केन्द्र बनाए जा चुके है, जहां महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुरक्षित तरीके से टीका लगा रही है। टीकाकरण केन्द्रों में निगम क्षेत्र के पूरे वार्डो के नागरिक पहुंच रहे है और बेझिझक टीका लगवाकर अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। निगम का अमला टीकाकरण की पूरी प्रक्रिया में अपना सहयोग कर रहे है ताकि टीका लगवाने आए लोगों को बिना कोई देरी किए शीघ्रता से टीका लग जाए। सभी टीकाकरण केन्द्रों का कंट्रोल रूम से निगम आयुक्त एवं अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करते हुए फीडबैक ले रहे है ताकि केन्द्रों में कोई परेशानी न आए और टीकाकरण कार्य सुचारू रूप से संचालित होता रहे। लॉकडाउन के बावजूद प्रशासनिक अमला टीकाकरण केंद्रों में जुटे हुए है, ताकि लोगों को टीका लगाया जा सके। निगम क्षेत्र के नागरिक अपने-अपने क्षेत्र के नजदीकी टीकाकरण केंद्र में पहुंचकर टीका लगवा रहे हैं। भिलाई के टीकाकरण केन्द्रों में विशेष टीकाकरण के लिये लोगों को प्रेरित करने आंगनबाड़ी कार्यकताओं एवं निगम कर्मचारी घर-घर सम्पर्क कर रहे है।

# कलेक्ट्रेट परिसर में 78 अधिकारी-कर्मचारियों का किया गया टीकाकरण

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस कोविड-19 के रोकथाम एवं बचाव के लिए कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा के निर्देशन में आज कलेक्ट्रेट परिसर में टीकाकरण कैंप का आयोजन किया गया। टीकाकरण के दौरान आज कुल 78 अधिकारी-कर्मचारियों का टीकाकरण किया गया, जिसमें कोवीशील्ड वैक्सिन की पहला डोज-5, दूसरा डोज 14, कोवैक्सिन की पहला डोज 52, दूसरा डोज 7 लोगों का टीकाकरण किया गया। कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने बताया कि कोरोना महामारी से बचाव के लिए चलाए जा रहे मुहिम का टीकाकरण एक अति महत्वपूर्ण हिस्सा है। कलेक्टर शर्मा ने अपील करते हुए कहा कि टीकाकरण का लाभ अवश्य लें, क्योंकि अनेक रिपोर्ट सामने आए हैं, जिनमें स्पष्ट किया गया है कि कोरोना टीका के दोनों डोज लगवाने वालों को कोरोना का खतरा कम हो गया है। इसका एक लाभ यह भी होगा कि घर के सभी वयस्क सदस्यों द्वारा कराया गया टिकाकरण घर के बच्चों को कोरोना से बचाने में मददगार सिद्ध होगा। वर्तमान में कोरोना के सेकेंड स्ट्रेन्थ की भयावह रूप हम सबके सामने है, ऐसे में खुद को व अपने परिवार को कोरोना से बचाने के लिए घर पर रहना एक बेहतर उपाय है। आवश्यक होने पर यदि घर से बाहर जाना पड़े तो दो गज शारीरिक दूरी रखकर, प्रॉपर मास्क व सेनेटाइजर का इस्तेमाल करना जरूरी है। इन कोरोना गाइड लाइन के पालन के साथ-साथ कोरोना टिकाकरण कराना भी निहायत ही जरूरी है। आप सभी से अनुरोध है कि कोरोना के फोबिया से बचें और सतर्क रहकर गाइड लाइन का पालन करें।

# सेक्टर 5 में ड्राइव इन वैक्सीनेशन की हुई शुरूआत

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com



विधायक देवेन्द्र यादव ने वरिष्ठजनों से मुलाकात कर पूछा उनका कुशल क्षेप सेक्टर क्षेत्र में भी आज से ड्राइव इन वैक्सीनेशन की शुरूआत हो चुकी है। जैसे ही लोगों को पता चला कि सेक्टर 5 में शाम को टीकाकरण हो रहा है, वहां से गुजरने वाले आवश्यक कार्य से निकले हुए वरिष्ठ नागरिक भी टीका लगवाने पहुंच गए। सेक्टर क्षेत्र में यह पहला टीकाकरण केन्द्र है जहां वरिष्ठ नागरिक अपने स्वयं के चार पहिया वाहन से आकर कार में ही बैठे-बैठे टीका लगवायेंगे। इसके लिये सेक्टर 05 गणेश मंदिर के सामने का स्थल चयन किया गया है। लॉकडाउन के दौरान इसके आस पास की सड़कें खाली है जिन्हें पार्किंग स्थल बनाया गया है। इस स्थल पर वरिष्ठ नागरिकों का टीकाकरण सायं 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक चलेगा। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुये सायं कालीन टीकाकरण का फैसला लिया गया है ताकि धूप से राहत मिल सके, यह निगम प्रशासन की एक अच्छी पहल है। विधायक देवेन्द्र यादव ने आज टीकाकरण केन्द्र पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिये! वहीं पूर्व एमआईसी सदस्य नीरज पॉल ने सुबह से ही लोगों को टीकाकरण की सूचना दे दी थी। पाल ने निगम से समन्वय कर टीकाकरण की तैयारियों में जुटे हुये थे। विधायक देवेन्द्र यादव ने टीकाकरण पश्चात वरिष्ठ नागरिकों से मिलकर उनका कुशल क्षेप पुछा और वरिष्ठ नागरिकों से अधिक से अधिक टीकाकरण कराने की अपील किये, उन्होंने कहा कि ड्राइव इन वैक्सीनेशन जिला एवं निगम प्रशासन की अच्छी पहल है।

टीकाकरण को लेकर भिलाई निगम नवाचार का उपयोग कर रहा है, जिससे टीकाकरण कराने वाले लोगों की संख्या में वृद्धि हो रही है। कोरोना संक्रमण के इस दौर में हमारे पास इसके बचाव के विकल्प के रूप में टीकाकरण एक बेहतर उपाय है। भिलाई के नागरिक भी टीकाकरण को लेकर जागरूक है। सेक्टर क्षेत्र में ड्राइव इन वैक्सीनेशन से वरिष्ठ नागरिकों को राहत और उनके परिवारजन को शुकुन मिलेगा। टीकाकरण को लेकर भिलाई निगम क्षेत्र में एक व्यापक अभियान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे एवं निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। सूर्या मॉल के पार्किंग स्थल में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक तथा वैशालीनगर हाउसिंग बोर्ड क्रिकेट मैदान में सायं 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक ड्राइव इन वैक्सीनेशन की मुहिम वरिष्ठ नागरिकों के लिये चलायी जा रही है। आज सेक्टर 05 में ड्राइव इन वैक्सीनेशन के प्रारंभ होने के दौरान उपायुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त प्रीति सिंह, उप अभियंता वसीम खान एवं श्वेता महेश्वर सहित अन्य मौजूद रहे।

# महमरा एनीकेट का महापौर बाकलीवाल ने किया निरीक्षण



**दुर्ग**। नदी के अंदर भाग और तट किनारे से पूरा कचरा हटवायें और सफाई नियमित रखें- महापौर महापौर धीरज बाकलीवाल ने निगम अधिकारियों के साथ जीवनदायनी शिवनाथ नदी महमरा एनीकेट की साफ-सफाई का निरीक्षण किये। उन्होंने नदी के अंदर भाग और बहाव वाले क्षेत्र से पूरा कचरा अच्छी तरह से निकालकर सफाई करने कहा। उन्होंने तट किनारे भी पड़े कचरों को उठाने निर्देश दिये। उन्होंने कहा शिवनाथ तट पर हजारों लोग आते हैं अतः तट क्षेत्र की नियमित साफ-सफाई किया जावे। स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, स्वच्छता निरीक्षक मेनसिंग मंडावी, नागरिक दिलीप बाकलीवाल एवं अन्य मौजूद थे। इस संबंध में महापौर बाकलीवाल ने बताया कि शिवनाथ नदी एनीकेट में कचरा और गंदगी की लगातार शिकायत मिल रही थी। जिसका निरीक्षण किया गया है। दुर्ग और भिलाई शहर की जीवनदायनी शिवनाथ नदी एनीकेट को स्वच्छ रखना आवश्यक है। हजारो की संख्या में लोग तट पर आते हैं तट पर पूजापाठ के अलावा अन्य क्रियाए करते हैं वहॉ भी अधिक मात्रा में कचरा पड़ा हुआ है जिसे भी उठाने निर्देशित किया गया है। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी से कहा शिवनाथ नदी एनीकेट और तट की नियमित सफाई के रुटिन में रखें।

शिवनाथ नदी में एनीकेट के ऊपर से पानी बह रहा है। उन्होंने बताया इस संबंध में आम जनता की सुरक्षा के लिए सीएसपी से बात किया गया है कि एनीकेट में जल्द से जल्द बैरीकेट्स लगाया जाए।

# जिले की सेकंड लाइन एडीएम बाजपेयी व एएसपी पोर्ते ने गुंडरदेही ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों में किया फ्लैग मार्च

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले के सेकंड लाइन कहे जाने वाले दो प्रमुख अधिकारी अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीआर पोर्ते ने मंगलवार को गुंडरदेही ब्लॉक के विभिन्न ग्रामों का फ्लैग मार्च किया। इस दौरान पुलिस व राजस्व अमला भी मौजूद रहा।

फ्लैग मार्च के दौरान कंटेनमेंट जोन का भी निरीक्षण कर लोगो को गाईडलाईन का पालन करने निर्देशित किया गया। अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीआर पोर्ते ने टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण कर जायजा लिया। बाजपेयी और पोर्ते ने ग्राम सांकरी और माहुद/बी के टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण किया और टीकाकरण के लिए आये लोगो से चर्चा की। इस दौरान एडीएम बाजपेयी के द्वारा हितग्राहियों से बातचीत कर उन्हें टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित किया गया। तो वही माहुद/बी के टीकाकरण केंद्र पीएचसी का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसके बाद फ्लैग मार्च की टीम माहुद/बी से हल्दी, सिर्राभाठा, भाठागांव/बी, बिरेतरा, जनवानी, सिकोसा, पिनकापार, चारभाठा, पेंडरी, फुंडा, बोरगहन में फ्लैग मार्च कर लोगों को कोरोना से बचने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल, गुंडरदेही तहसीलदार व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# प्रिमैच्योर कोविड पाजिटिव बेबी को 15 दिन रखा, आक्सीजन सपोर्ट भी दिया, अब पूरी तरह स्वस्थ

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




जिला अस्पताल के एसएनसीयू में हुआ इलाज, अब तक तीन कोविड पाजिटिव बच्चों का इलाज हो चुका एसएनसीयू में दुर्ग जिला अस्पताल के एसएनसीयू में एक नवजात शिशु को 15 दिन आक्सीजन सपोर्ट में रखकर पूरी तरह ठीक कर लिया गया है। यह बच्चा प्रिमैच्योर हुआ था और जब 29 दिन का था तब इसे सर्दी बुखार की समस्या आई। माँ और बच्चे दोनों का टेस्ट कराया गया। दोनों पाजिटिव आये। माँ को होम आइसोलेशन में भेज दिया गया। बच्चे को एसएनसीयू में भेजा गया। बच्चे के लिए एक बेड पृथक रूप से आइसोलेट किया गया। बच्चे को आक्सीजन सपोर्ट दिया गया। जब माँ निगेटिव आ गई तो माँ को बच्चे की जिम्मेदारी दी गई। इसके बाद माँ का दूध पीने से बच्चा पूरी तरह स्वस्थ हो गया है। अब इन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है। इससे पहले भी शिशु रोग विभाग में कोविड पाजिटिव तीन बच्चों का इलाज शिशु रोग विभाग प्रमुख डॉ. आरके मल्होत्रा व शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमन्त साहू, डॉ. सीमा जैन, डॉ. समित प्रसाद, व एसएनसीयू से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकुर तिवारी, मेडिकल आफिसर डॉ. क्षितिज सिंह ठाकुर, डॉ. मनीष यादव व एसएनसीयू विभाग के नर्सिंग स्टाफ द्वारा किया गया है। एसएनसीयू दुर्ग इंचार्ज एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आरके मल्होत्रा ने बताया कि एसएनसीयू में माह मार्च व अप्रैल में 15 कोविड पाजिटिव माताओं के बच्चों का ईलाज किया गया है। जन्म के समय यदि बच्चे की माँ कोरोना पाजिटिव है तो बच्चे की भी कोविड जांच करवायी जाती है। माँ व घर के सभी सदस्यों को मास्क लगाने व कोविड से बचने के सभी नियमों का पालन करने की सलाह दी जाती है। इस समय शिशु रोग ओपीडी में कुछ बच्चे कोरोना पाजिटिव मिल रहे है, जिन्हें समान्य सर्दी-खांसी, बुखार, कमजोरी, सुस्ती की शिकायत होती है। इन बच्चों को घर पर रहने, समय पर दवा देने, अधिक तरल पदार्थ लेने व बिमारी के गंभीर लक्षण की पहचान की जानकारी के साथ इलाज किया जा रहा है। दो-तीन दिनों में सुधार नही आने पर पुनः परीक्षण हेतु आने की सलाह दी जाती है।

### डीएमएफ के कार्यों की समीक्षा

# अगले डेढ़ महीने निर्माण कार्यों पर पूरी तरह फोकस करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com




कलेक्टर ने डीएमएफ के कार्यों की समीक्षा की, एनजीजीबी योजना की समीक्षा भी की, नये इंग्लिश मीडियम स्कूलों में इंफ्रास्ट्रक्चर की समीक्षा भी की, बारिश के पूर्व फाउंडेशन तक का कार्य और पाइपलाइन आदि से संबंधित जलजीवन मिशन आदि के कार्य पूरा कर लें। मनरेगा के कार्यों को विस्तारित करें। इसमें गुणवत्तामूलक कार्य स्वीकृत कर बड़े पैमाने पर रोजगारमूलक कार्यों का सृजन करें। यह निर्देश कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने अधिकारियों को समीक्षा बैठक में दिये।

कलेक्टर ने कहा कि बारिश से पूर्व फाउंडेशन आदि से संबंधित कार्य पूरे हो जाएंगे तो आगे कार्यों में आसानी होगी। जलजीवन मिशन से जुड़े कार्य भी प्राथमिकता वाले हैं इसमें पाइपलाइन आदि का कार्य तय समय में पूरा कर लें ताकि बारिश से पूर्व ही यह सब कार्य हो जाए और किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में भिलाई निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी, रिसाली निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, भिलाई चरौदा निगम आयुक्त कीर्तिमान राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिला अस्पताल और सुपेला में चल रहे कार्य सबसे अहम- कलेक्टर ने जिला अस्पताल और सुपेला अस्पताल में चल रहे इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर पूरा करने कहा। उन्होंने कहा कि हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े निर्देश तय समय पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में ड्रेनेज की समस्या किसी तरह से नहीं रहनी चाहिए। डीएमएफ में हमेशा से हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को अहमियत दी गई है। यह काम समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से होते रहना चाहिए। डीएमएफ के कार्यों को विस्तार दें- कलेक्टर ने डीएमएफ से जुड़े हुए कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अपने लक्ष्यों को समय पर पूरा करने वाले अधिकारियों की प्रशंसा की और अपेक्षित प्रगति नहीं दिखाने वाले अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि तय समय पर गुणवत्तायुक्त ढंग से उनके कार्य पूरे हो जाएं। नरवा के स्ट्रक्चर पर काम अहम- कलेक्टर ने कहा कि बारिश से पूर्व नरवा स्ट्रक्चर पर ठोस ढंग से काम होना चाहिए ताकि बारिश के मौके पर जल संरक्षण का लाभ भूमिगत जल के स्तर को बढ़ाने की दिशा में हो सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए जो भी कार्य तय किये गये हैं। उन्हें प्रभावी रूप से मानिटरिंग करते हुए करें। उन्होंने कहा कि वे इन स्ट्रक्चर की प्रगति स्पाट पर पहुँचकर भी करेंगे। कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना की समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियों से गौठानों की निरंतर मानिटरिंग करने, गोबर क्रय करने, वर्मी कंपोस्ट बनवाने एवं इसे विक्रय की प्रक्रिया की मानिटरिंग करते रहने के निर्देश दिये। इंग्लिश मीडियम स्कूलों के प्राचार्यो को भी निर्देश- कलेक्टर ने इंग्लिश मीडियम स्कूलों के इंफ्रास्ट्रक्चर के संबंध में भी और यहाँ होने वाली पढ़ाई के संबंध में भी विस्तार से समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि सभी प्राचार्य साल भर की पढ़ाई की प्लानिंग कर लें। शिक्षकों की नियुक्ति से लेकर कोर्स मटेरियल एवं एडमिशन तक सभी तरह के प्लान बना लें। उन्होंने अधिकारियों को इंफ्रास्ट्रक्चर के संबंध में निरंतर मानिटरिंग करते रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस सत्र से 7 नये इंग्लिश मीडियम स्कूल आरंभ हो जाएंगे। यहाँ इंफ्रास्ट्रक्चर की और सुविधाओं के संबंध में सारी तैयारियाँ कर लें।

# कोविड-19 महामारी से अनाथ हुए बालकों को मिलेगी सरकारी मदद्

## बालकों के संरक्षण व सुरक्षा हेतु खुला आश्रय गृह, संरक्षण सेंटर घोषित

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कोविड-19 महामारी के फैलते प्रकोप को देखते हुए तथा संक्रमण के कारण अनाथ हुए 6 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों अथवा ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता संक्रमण की चपेट में है उन्हें उचित संरक्षण सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। ऐसे बालकों के संरक्षण व सुरक्षा हेतु कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम के तहत जिले में संचालित संस्था खुला आश्रय गृह, पदमनाभपुर को चिन्हित करते हुए इन बच्चों को हेतु संरक्षण सेंटर घोषित किया है। इस संरक्षण सेंटर में 6 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चे जो कोविड-19 के कारण अनाथ हो गए हैं अथवा जिनके ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता कोविड-19 से संक्रमित हैं तथा बच्चे को जिनके माता-पिता को भी कोविड -19 से संक्रमित हैं तथा बच्चों को उचित संरक्षण नहीं मिल पा रहा है। ऐसे बच्चों को बालक कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करते हुए नियमानुसार इस संस्था में संरक्षण व सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

संस्था द्वारा इन बच्चों को पूर्ण रूप से उचित देखरेख भरण पोषण व सुरक्षा प्रदान की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन द्वारा समस्त परियोजना अधिकारी/ पर्यवेक्षकों/ अथवा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को ऐसे अनाथ बच्चों की जानकारी तत्काल जिला कार्यालय, जिला संरक्षण इकाई को प्रदान करने निर्देशित किया है।

## क्विक न्यूज

### सांसद अजगळे ने कोविड-19 केयर सेंटर का किया निरीक्षण



**सक्ती।** जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र के सांसद गुहाराम अजगले ने 11 मई को शिवरीनारायण क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए पामगढ़ ब्लाक में बन रहे 150 बिस्तर कोविड सेंटर का निरीक्षण किया, इस कोविड सेंटर में सर्व सुविधायुक्त 50 आक्सीजन बेड एवं 100 नार्मल बेड डाक्टरों के निगरानी में कोरोना मरीजों की देखरेख की जाएंगी,सांसद गुहाराम आजगले ने पामगढ़ एसडीएम करुण डहरिया को आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं अपनी ओर से हर संभव सहयोग करने आश्वासन दिया, निरीक्षण के दौरान भाजपा जिला महामंत्री पुरुषोत्तम शर्मा,जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ राम खुबवानी एवं मनोज विरानी मौजूद रहे।

### कोविड-19 टीकाकरण सेंटरों में नहीं दी जा रही पैरासिटामोल की गोलियां : अशोक चौधरी

**सक्ती।** राष्ट्रवादी कांग्रेस कंज्यूमर अफेयर्स डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौधरी ने जानकारी दी की कोविड-19 टीकाकरण सेंटरों के कई सेंटरों में हिदायत दी जा रही की बुखार होने पर पैरासिटामोल की गोलियां कहा लेवे किन्तु सेंटरों में नहीं दी जा रही पैरासिटामोल की गोलियां आखिर यह दवाइयां जा कहां रही है एक ओर छत्तीसगढ़ शासन लोगों को घर पहुंच शराब उपलब्ध करा रही वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो कोराना टीकाकरण केंद्र तक पहुंच कर भी टीका लगवाने के बाद लोगों को दी जाने वाली पैरासिटामोल की गोलियां सेंटरों में नहीं दी जा रही है छत्तीसगढ़ शासन वह जिला प्रशासन जिला चिकित्सा अधिकारी से निवेदन है कि इस और ध्यान देते हुए जल्द से जल्द कोविड 19 टीकाकरण सेंटरों में पैरासिटामोल की गोलियां जल्द से जल्द उपलब्ध करावे।

## निधन

### शिव प्रकाश गुप्ता शिब्बू



**सक्ती।** शक्ति शहर के प्रतिष्ठित नागरिक वार्ड क्रमांक-09 अखराभाटा निवासी ओम ट्राली एवं इंजीनियरिंग के संचालक शिवप्रकाश गुप्ता (शिब्बू63) का 11 मई दिन-मंगलवार को रायपुर में कोरोना संक्रमित के चल रहे उपचार के दौरान आकस्मिक निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार दिन-मंगलवार को स्थानीय मारवाड़ी मुक्तिधाम शक्ति में कोविड प्रोटोकॉल के परिपालन में किया गया,शिव प्रकाश गुप्ता हटरी चौक स्थित लक्ष्मी आटा चक्की एवं ओम मसालों के संचालक ओमप्रकाश गुप्ता के अनुज भ्राता थे,उनके निधन पर लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

# सभी वर्गो में टीकाकरण को लेकर उत्साह , अब तक 1 लाख 43 हजार 549 लोगों ने लगवाया कोविड-19 का टीका

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिए किये जा रहे टीकाकरण के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह है। लोगों द्वारा प्रोटोकाल का पालन करते हुए कतारबद्ध होकर टीका लगवाया जा रहा है। इसी कड़ी में अब तक जिले के 1 लाख 43 हजार 549 लोगों ने कोविड-19 का टीका लगवाया। इनमें 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 1 लाख 28 हजार 508 लोगों ने प्रथम डोज और 12 हजार 703 लोगों ने द्वितीय डोज तथा 18 से 44 वर्ष के आयु वर्ग 2 हजार 338 अतिगरीब अंत्योदय राशन कार्ड में पंजीकृत, बीपीएल राशन कार्ड धारक और एपीएल कार्ड धारक लोगों ने प्रथम डोज का टीका लगवाया और टीकाकरण के प्रति भरोसा जताया।

**अपने बुलंद हौसले और जिला प्रशासन द्वारा की गई मुकम्मल व्यवस्था के फ्लस्वरूप 13 हजार 793 मरीजो ने दी कोरोना को मात-** कोरोना संक्रमण की चुनोतियो के बीच जिले में संचालित होम आइसोलेशन और कोविड हॉस्पिटल में डॉक्टर एवं उनकी पूरी टीम लोगो को बेहतर चिकित्सा सुविधा देने में जुटी हुई है। एक ओर जहाँ मरीजो की मजबूत इच्छा शक्ति और बुलंद हौसलो ने तो वही दूसरी ओर जिला प्रशासन



द्वारा की गई मुकम्मल व्यवस्था के फ्लस्वरूप गंभीर मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो रहे है। इसी कड़ी में जिले में अब तक होम आइसोलेशन और कोविड हॉस्पिटल से 13 हजार 793 मरीज कोरोना को मात देकर डिस्चार्ज हुए और अब वे सामान्य जीवन जी रहे है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले में कल 09 मई तक केवल 04 हजार 828 एक्टिव प्रकरण होने की जानकारी दी।

कलेक्टर पी.एस एल्मा ने कहा कि कोरोना को हराने का मात्र उपाय टीकाकरण है। टीका लगवाने से किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की गंभीर समस्या नही हुई है और टीकाकृत समस्त व्यक्ति सामान्य जीवन जी रहे है। उन्होंने कहा कि लोगो को डरने की जरूरत नही है , आप अपने नजदीकी टीकाकरण केंद्र में जाकर स्वयं की, परिवार की एवं समाज की सुरक्षा के लिए टीका अवश्य लगवाएं। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के लिए आधार कार्ड, फोटो आईडी, जन्म प्रमाण पत्र इनमें से कोई एक पहचान पत्र लाना होगा एवं मोबाइल नंबर भी देनी होगी। अतः उन्होंने टीकाकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### जिले के विकास खण्ड लोरमी के ग्राम सुकली एवं ग्राम लपटी के वार्ड नंबर 12 कंटेनमेंट जोन घोषित

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पी. एस. एल्मा ने कहा है कि वर्तमान में वैश्विक स्तर पर फैले कोरोना वायरस के सं मण की रोकथाम हेतु युद्धस्तर पर प्रयास किये जा रहे है। जिले के संदिग्ध मरीजों का सैंपल जांच नियमित रूप से किया जा रहा है। इसी कडी में विकास खण्ड लोरमी के ग्राम सुकली एवं लपटी के वार्ड नंबर 12 में संदिग्ध मरीज की जांच की गई। जॉच रिपोर्ट पॉजीटिव पाये गये। जिसके कारण ग्राम सुकली एवं ग्राम लपटी वार्ड नंबर 12 को कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। ग्राम सुकली के पूर्व दिशा में ग्राम नवागांव जैत, पश्चिम में ग्राम विचारपुर, उत्तर में ग्राम सल्हैया और दक्षिण में ग्राम धोबहट्टी एवं ग्राम लपटी के वार्ड नंबर 12 के पूर्व दिशा में ग्राम ढोलगी, पश्चिम में ग्राम रहंगी, उत्तर में ग्राम के वार्ड नम्बर 15 और दक्षिण में ग्राम रेहुटा स्थित है। घोषित कंटेनमेंट जोन मे सभी दुकाने एवं अन्य वाणिज्यिक प्रतिष्ठान आगामी आदेश पर्यन्त तक बंद रहेंगे। कंटेनमेंट जोन मे प्रभारी अधिकारी द्वारा घर पहुँच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओ की आपूर्ति उचित दरो पर की जाएगी। सभी प्रकार के वाहनो का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से फ्री समर कैंप का आयोजन करेगी क्रिएटिविटी कैफे : उषा केडिया

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

पूरे देश में जहां मार्च 2020 के बाद से कोविड-19 की महामारी के चलते लॉकडाउन की स्थिति बनी हुई है, एवं देश के सभी शैक्षणिक संस्थान, कोचिंग सेंटर एवं बच्चों के अध्ययन- अध्यापन के अलावा अन्य गतिविधियों से जुड़े सारे शिक्षा के केंद्र बंद पड़े हुए हैं, तो वहीं भारत के कर्नाटक राज्य के मैसूर शहर में स्थापित प्रतिष्ठित क्रिएटिविटी कैफे संस्था द्वारा बच्चों को वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर घर बैठे ही उन्हें विभिन्न माध्यमों से निपुण बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल की गई है, तथा क्रिएटिविटी कैफे द्वारा जिसने कि विगत कोरोनाकाल मे भी बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार से सोशल मीडिया के माध्यम से ऑनलाइन वर्चुअल सेमिनार, कांफ्रेंस का आयोजन कर बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने के लिए कार्य किया है, तथा इसी दिशा में क्रिएटिविटी कैफे की डायरेक्टर श्रीमती उषा केडिया के मार्गदर्शन में 13 मई से 28 मई तक फ्री समर वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है, तथा इस समर वर्कशॉप के माध्यम से एक व्हाट्सएप ग्रुप



बनाकर 5 वर्ष से 15 वर्ष तक के सभी बच्चों को प्रतिदिन अलग-अलग प्रकार के सब्जेक्ट दिए जाएंगे एवं उन सब्जेक्ट पर बच्चों को अपना प्रदर्शन घर बैठे ही व्हाट्सएप पर करना होगा एवं बच्चों की सफलताओं को क्रिएटिविटी कैफे के जहां सोशल मीडिया पेज एवं विभिन्न संचार माध्यमों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा, तो वही बच्चों के लिए ऑनलाइन पुरस्कार दिए जाने की भी योजना है, इस संबंध में क्रिएटिविटी कैफे की डायरेक्टर श्रीमती उषा केडिया कहती हैं कि आज पूरे देश में प्राइमरी तथा मिडिल कक्षाओं में पढ़ने वाले बच्चे स्कूलों के बंद होने के कारण ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे हैं, किंतु पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को उनके स्कूलों में जो अन्य गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिलता था।

## वैक्सीन उपलब्ध होने पर टीकाकरण केंद्रों की बढ़ाई जाएगी संख्या : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा कलेक्टर यशवंत कुमार ने 10 मई को कहा कि शासन से वैक्सीन की आपूर्ति बढ़ने पर जिले की आम जनता की सुविधा के लिए टीकाकरण केंद्रों की संख्या बढाई जाएगी। अभी 52 केंद्रों के माध्यम से 18+ और 45+ के हितग्राहियों के टीकाकरण का कार्य कराया जा रहा है,कलेक्टर ने आज सक्ती के पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय भवन के टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण किया। टीका लगवाने आए हितग्राहियों से चर्चा की। कलेक्टर ने 18 से 44 वर्ष के हितग्राहियों से चर्चा करते हुए कहा अपने परिवार व संबंधी जो 45 वर्ष से अधिक आयु के हैं, उन्हें भी टीकाकरण के लिए प्रोत्साहित करें। यह टीका सभी के लिए निःशुल्क



उपलब्ध कराया गया है। इसका लाभ अवश्य ले। कलेक्टर ने कहा कि निर्धारित अवधि में टीका की दूसरी खुराक भी अवश्य लगवाएं। दूसरी खुराक लगवाने के 15 दिन बाद शरीर में कोरोनावायरस से विरुद्ध रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित होती है । टीका लगवाने के बाद भी कोरोना से बचाव संबंधी प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें, कलेक्टर ने वहां उपस्थित अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहा कि अंत्योदय हितग्राहियों की संख्या कम होने के कारण अंत्योदय के लिए बनाए गए।

## नाबालिग के साथ बलात्कार करने वाला आरोपी युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

पुलिस थाना सक्ती क्षेत्रांतर्गत प्रार्थिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्ष नवम्बर 2017 में इसके गांव मोहल्ले का लड़का गुणवंत गोस्वामी पिता बंषी गोस्वामी उम्र 23 वर्ष ने तुमसे प्यार करता हूँ,बोला था जिसे मना की थी,इसके बाद आरोपी द्वारा बार-बार प्रार्थिया को तुमसे प्यार करता हूं और शादी कंरूगा बोलने से उसके झांसा में आ गयी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी द्वारा प्रार्थिया को वर्ष नवम्बर 2017 में सुबह 04.00 बजे फोन से मिलने के लिए गांव के हीरालाल साहू के खेत में बुलाया तब उससे मिलने गई तो आरोपी द्वारा शादी करूंगा कहकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया। मना



करने के बाद भी जबरन शारीरिक संबंध बनाया और घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया गया। इसके बाद आरोपी द्वारा प्रार्थिया को धमकी देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाया है और आपत्तिजनक फोटो अपने मोबाईल में खींच कर रखा है। पीड़िता के बताए अनुसार मेरी आपत्तिजनक फोटो को वायरल करने की धमकी देता है, एवं मेरे शादी के लिए रिश्ता आता है तो उन्हें भड़काकर तोड़वा देता है, व कहीं भी शादी नहीं होने दूंगा बोलकर धमकाता है। 9 मई 2021 की सुबह प्रार्थिया अपनी बड़ी बहन के साथ अपने घर के सामने खड़ी थी, उसी दौरान आरोपी गुणवंत आकर प्रार्थिया को तुमसे मैं आज शादी करूंगा कहकर हाथ को पकड़कर खींचते हुए अपने घर तक ले गया। इसी बीच इसकी बहन बीच बचाव के लिए आई तो उसे एवं प्रार्थिया के साथ मारपीट करने लगा। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी गुणवंत गोस्वामी पिता बंषी गोस्वामी उम्र 23 वर्ष के विरूद्ध भादवि की धारा 376, 506, 323, एवं 06 पॉक्सो एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।

## पुरुषोत्तम कुमार आदिले गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

जब अपने कर्तव्य के प्रति मन में दृढ़ संकल्प हो तो निश्चय ही बड़े से बड़े कार्य संभव हो पाते हैं। इसका जीता जाता उदाहरण शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा में कार्यरत हिंदी के विद्वान व्याख्याता पुरुषोत्तम कुमार आदिले हैं जो कि प्रारंभ से ही समाज सेवा के प्रति सजग रहे और शिक्षा जैसे क्षेत्र को अपना कैरियर बना कर समाज का उन्नत सेवा कर रहे हैं। आपको लगातार शिक्षा जगत में अनेक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार एवं अवार्ड प्राप्त हो चुके हैं। इसी श्रृंखला में आपने एक अच्छे रचनाकार और शोधकर्ता के रूप में 131 अर्जुन पुरस्कार विजेता खिलाड़ियों पर अंतरराष्टीय काव्य संकलन के अवसर पर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में क्रिकेट के



प्रसिद्ध खिलाड़ी मंसूर अली खान पटौदी पर शोध करते हुए अपना काव्य शोध प्रस्तुत किया। उसके बाद आपके शोध काव्य का चयन कर संस्था द्वारा आपको प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अकादमी काउंसलर इग्नू, विशेषज्ञ केंद्रीय हिंदी निदेशालय, उच्चतर शिक्षा विभाग शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार की डॉ. विदूषी शर्मा ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय काव्य संकलन में देश विदेश के लगभग 139 बड़े शोधकर्ताओं और रचनाकारों ने भाग लिया।

## एसपी की बड़ी पहल, कोरोना के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर पुलिस लाइन में बनाया कोविड केयर सेंटर

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

प्रदेश में कोरोना की बढ़ती हुई भयावाहता और कई पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों के लगातार संक्रमित होने के बाद उन्हें व उनके परिजनों को बेहतर उपचार प्रदान करने के लिए जांजगीर प्रदेश का पहला एसा जिला होगा जहां के पुलिस लाईन में एसपी पारुल माथुर के प्रयासों से कोविड केयर सेंटर बनाया गया हैं। इस हॉस्पिटल में 10 आक्सीजन युक्त बेड के साथ साथ 10 सामान्य बिस्तर भी होंगे जहा पुलिसकर्मी व उनके परिजन स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकेंगे।यह सुविधा निचले स्तर के उन पुलिस कर्मियो के लिए वरदान की तरह है जिन्हें छोटे स्टाफ क्वार्टर व घर होने की वजह से होम आईसोलेशन के दौरान दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

गौरतलब हैं कि पुलिस विभाग एक एसा विभाग है जिनके अधिकारी व कर्मचारी पिछले साल हुए लॉकडाउन के बाद से ही लगातार सड़कों में उतर कर फ्रंटलाइन वर्कर के रूप में कार्य कर रहे हैं, इस दौरान वो लगातार संक्रमित भी हो जा



रहे हैं, और यही हाल पुलिस कर्मियों के परिजनों का भी उनसे संपर्क में आने के कारण हो रहा है।इन सब को मिलने वाली सुविधाएं बढ़ाने के लिए एसपी ने पुलिस लाइन में ही इनके उपचार के लिए डॉक्टरों समेत मेडिकल टीम व जरूरी इंस्ट्रूमेंट्स उपलब्ध करवा कर अस्पताल शुरू करवाया हैं।

जांजगीर पुलिस बल के तीन जवान जिनमें सक्ती थाने में पदस्थ आरक्षक पुष्पेंद्र चन्द्रा,एसपी ऑफिस में पदस्थ पुरूषोतम राठौर व पामगढ़ थाना प्रभारी किसनु प्रसाद टन्डन कोरोना के कारण असमय ही कालकवलित हो चुके हैं।इन सब परिस्थितियों को देखते हुए जांजगीर एसपी पारुल माथुर ने जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों से परामर्श कर जांजगीर पुलिस लाईन में ही कोविड हॉस्पिटल खोलने की व्यवस्था करवा दी।एसपी के अनुसार हमारे जवान लॉकडाउन का पालन करवाने व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए लगातार सड़कों पर हैं, जिससे वह संक्रमित हो जा रहे हैं उसके बाद उनके संपर्क में आने के कारण उनके परिजन भी संक्रमित हो रहे हैं जिन्हे त्वरित उपचार हेतु सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में ही बेड, आक्सीजन,डॉक्टर,स्टफ व आवश्यक संसाधनों कि व्यवस्था कर हॉस्पिटल शुरू करवाया गया हैं।जिसमें प्रारम्भिक तौर पर 10 आक्सीजन बेड व 10 सामान्य बेड होंगे।उक्त कोविड केयर सेंटर में जांजगीर जिला चिकित्सालय के अनुभवी डॉक्टरों की व मेडिकल टीम ईलाज हेतु उपलब्ध रहेगी।इसमें संक्रमित पुलिस कर्मियों के अलावा उनके परिजन भी स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

## जांजगीर-चांपा जिला कलेक्टर ने मालखरौदा और धौराभाठा कोविड केयर सेंटर का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर यशवंत कुमार ने 10 मई को शासकीय वेदराम कॉलेज मालखरौदा और डभरा धौराभाठा कोविड केयर सेंटल का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने सेंटर की साफ-सफाई, उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग, भोजन व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान उपलब्ध ऑक्सीजन बेड, ऑक्सीजन सिलेंडर, स्टाफ की उपस्थिति पंजी, उपलब्ध दवाइयों का स्टॉक आदी के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान चंद्रपुर विधायक राम कुमार यादव मालखरोदा जनपद पंचायत अध्यक्ष लकेश्वर देवा लहरे भी उपस्थित थे,कलेक्टर ने कहा कि डॉक्टरों की ड्यूटी तीन पालियों में लगाई गई है। प्रत्येक पाली में डॉक्टर वार्ड का दो बार स्वयं जाकर मरीजों



से उनके स्वास्थ्य के संबंध में चर्चा करेंगे। शाम को मरीजों के परिजनों को स्वास्थ्य की प्रगति से अवगत भी कराएंगे,कलेक्टर ने कहा कि कोविड केयर सेंटर्स में सीसी टीवी के माध्यम से मरीजों की गतिविधि की मानिटरिंग करें। तत्काल उपस्थित न हो सके तो मरीज के मोबाइल नंबर से संपर्क कर जानकारी लें। कलेक्टर ने कहा कि मरीज और उनके परिजन के मोबाइल नंबर कंट्रोल रूम टेबल पर उपलब्ध रहे। वहां तैनात किए गए सभी स्वास्थ्य कर्मीयों को ऑक्सीजन सिलेंडर, फ्लो मीटर ऑपरेट करने की ट्रेनिंग दें। बिना रिलीवर के कोई भी डॉक्टर अपना टेबल ना छोड़े। कलेक्टर ने धौराभाठा को कोविड केयर सेंटर में भर्ती ग्राम कांसा खीक राम चौहान से फोन से बात की। सेंटर में उपलब्ध दवाइयां, भोजन की गुणवत्ता, साफ सफाई डॉक्टरों के वार्ड विजिट के बारे में जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए शुभकामना भी दी।

## अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन ने मातृ दिवस पर 60 परिवारों को दिया सूखा राशन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल के मार्गदर्शन में संस्था की विभिन्न प्रदेश तथा स्थानीय इकाइयों के माध्यम से सेवा के कार्य किए जा रहे हैं, तथा इसी श्रृंखला में सम्मेलन के कर्नाटक राज्य की मैसूर शाखा ने 9 मई को मातृ दिवस के मौके पर मैसूर शहर सहित आसपास के क्षेत्र में ऐसे ही जरूरतमंद परिवार जो कि वर्तमान में कोविड-19 के संक्रमण के चलते एवं लॉक डाउन के कारण रोजगार उपलब्ध नहीं हो पाने के चलते अपनी रोजी-रोटी तथा जीविकोपार्जन कर पाने में असमर्थ थे, उन्हें उनके घर पर



जाकर 1-1 मांह का सूखा राशन उपलब्ध करवाया गया, तथा अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की अध्यक्ष अंशु अग्रवाल एवं संस्थापक सदस्य उषा केडिया के मार्गदर्शन में जहां करीब 60 परिवारों को सूखा राशन की सामग्री जिसमें की विभिन्न प्रकार के खाद्य सामग्रियों का पैकेट था उपलब्ध करवाया गया, तथा अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन मैसूर शाखा के इस सेवा कार्य को देखते हुए लोग स्वस्फुरतःशाखा को सहयोग कर रहे हैं, एवं इस संबंध में अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की मैसूर शाखा की अध्यक्ष अंशु अग्रवाल ने बताया कि शाखा द्वारा विगत वर्ष से अपनी स्थापना के बाद से ही निरंतर कोविड के चल रहे दौर को देखते हुए सेवा के कार्य एवं रचनात्मक कार्य किए जा रहे हैं, मैसूर शाखा ने जहां सभी सदस्यों के सहयोग से लोगों को विभिन्न प्रकार की सहायता उपलब्ध करवाने के लिए एक मिशन चलाया है, तो वहीं शाखा द्वारा वर्चुअल रूप से भी विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## नागेंद्र गुप्ता ने एमएमआर कोविड सेंटर में दो हॉट वाटर मशीन दिया

पायनियर संवाददाता ➤ चाम्पा
www.dailypioneer.com

शासकीय एमएमआर महाविद्यालय भवन में संचालित कोविड केयर सेंटर में कोरोना पीड़ित मरीजों के लिए गरम पानी की व्यवस्था करते हुए जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष एवं पार्षद नागेन्द्र गुप्ता ने दो नग वोल्टास कंपनी का हॉट वाटर मशीन प्रदान किया जिससे स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीजों फायदा मिलेगा कोविड केयर सेंटर में गरम पानी की समस्या को देखते हुए इसे प्रदान किया गया है इस दौरान नागेंद्र गुप्ता ने बताया कि उक्त मशीन को महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की ओर से लिया गया है जिसमें तीन विकल्प हैं नॉर्मल वाटर, हॉट वाटर एवं कोल्ड वाटर जिसको जो आवश्यकता होगी



उसका उपयोग किया जा सकेगा मशीन मील जाने से सेंटर में मरीजों को गरारा करने एवं गर्म पानी पीने के लिये उपयोग कर सकते है इसके अलावा सेंटर को जो भी जरुरत होगी उसका भी इंतजाम किया जायेगा अवसर पर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष पार्षद राजेश अग्रवाल ने कहा कि यह कार्य मरीजो के लिए बहुत ही आवश्यक था जिसे समिति ने पूरा किया।

## लॉकडाउन की इस मुश्किल घड़ी में राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिलने वाला किस्त किसानों के लिए वरदान साबित होगा : सोनू चन्द्राकर

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

आज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि 21 मई से कृषकों को खरीफ फसल वर्ष 2020 की प्रथम किस्त दिए जाने की घोषणा का स्वागत करते हुए मुंगेली जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बधाई दी है साथ ही श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर ने कहा कि कोरोना संक्रमण की भयंकर त्रासदी में कृषकों को मिलने वाले बोनस किसानों के लिए वरदान साबित होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सही समय में छत्तीसगढ़ के लाखों कृषकों को उनके हक की राशि जमा पूंजी को संकट के समय में सहायता बनकर देने का निर्णय लेकर किसानों



को जरूरत के समय सहायता स्वरूप प्रदान की है। जबसे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है तब से किसानों के साथ संकट मोचन बनकर मुख्यमंत्री हमेशा खड़े नजर आते हैं। सरकार बनते ही पहला फैसला किसानों का कर्जा माफ फिर वही बिजली बिल हाफ उसके बाद किसानों को प्रति क्विंटल रेट 2500 धान की कीमत जैसे अहम फैसले लेकर छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार किसान हितैषी सरकार है साबित कर चुके हैं । हालांकि इन फैसलों में अड़ंगा डालते हुए केंद्र सरकार ने बार बार कोशिश किया कि किसानों को धान की कीमत रेट 2500 प्रति क्विंटल ना मिल सके लेकिन भूपेश बघेल की सरकार ने यह ठान लिया था कि किसानों को रेट 2500 रूपया प्रति क्विंटल की राशि जरूर देंगे। इसी वजह से राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरुआत करते हुए समर्थन मूल्य से ऊपर की राशि देने का फैसला किया। एवं 21 मई 2021 को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के पुण्यतिथि पर प्रदेश के किसानों को राजीव गांधी न्याय योजना की किस्त दिया जाएगा इस फैसले का हम हार्दिक स्वागत करते हैं और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं।

क्विक न्यूज

## जिला खनिज संस्थान न्यास में संविदा भर्ती पात्रता सूची जारी

**बीजापुर।** कार्यालय जिला खनिज संस्थान न्यास बीजापुर के द्वारा 6 मार्च 2021 को विज्ञापन क्रमांक 1428 के तहत विकास सहायक, लेखापाल, सहायक ग्रेड-3 एवं भृत्य के पदों पर संविदा भर्ती लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे। इसके साथ ही उक्त सूची एवं अन्य जानकारी जिले की वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बीजापुर डॉट जीओव्ही डॉट इन पर लॉगिन कर देखी जा सकती है। उक्त सूची के बारे में किसी भी अभ्यर्थी को कोई आपत्ति हो, तो वे आगामी 13 मई तक कार्यालय जिला पंचायत बीजापुर के आवक-जावक शाखा में डाक द्वारा एवं स्वयं उपस्थित होकर अथवा ई-मेल आईडी डीएमएफबीजापुरसीजी एटदरेट जीमेल डॉट कॉम पर ऑनलाईन दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर आर्यन पाण्डेय बना डॉक्टर

**मुंगेली।** मुंगेली करही के आर्यन पाण्डेय ने एमबीबीएस के परीक्षा पास कर डाक्टर बन गए है। डाक्टर



बनने के खबर मिलते ही ग्राम करही व पाण्डेय परिवार में खुशी की लहर छा गये और उन्हें बधाईयां मिलने का ताता लगा हुआ है। डा. अजय पाण्डेय के पुत्र आर्यन पाण्डेय का शुरू से ही सपना डाक्टर बनने का था वे मेद्यावी छात्र रहे है और अंत में उन्होंने अपनी मंजिल पा ली है। कोरोना काल में जब डाक्टरों की ज्यादा अवश्यकता है ऐसी परिस्थिति में आर्यन पाण्डेय डिग्री हासिल करने उपरांत करोनो पीड़ित लोगो की सेवा में हाजिर होगा। मिली जानकारी के अनुसार इंटरनलशीप में इस बार डाक्टरों को 100 बेड वाले हॉपिस्टल में कोरोना के मरीजों की सेवा में ड्यूटी लगाई जा रही है प्राप्त जानकारी के अनुसार डाक्टर आर्यन को दुर्ग स्थित 100 बेड वाले अस्पताल में ड्यूटी दी जायेगी।

# विधायक संतराम नेताम ने कोविड केयर सेंटर व टीकाकरण केंद्रों का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





जिले में लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के चलते कई जनप्रतिनिधि घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर केशकाल विधायक संतराम नेताम लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद लोगों के लिए राशन वितरण व कोविड केयर सेंटरों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी तारतम्य में केशकाल विधायक व बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने आज केशकाल के कस्तूरबा कोविड केयर सेंटर का निरीक्षण किया ।

इस दौरान विधायक ने कोविड केयर सेंटर के में डॉक्टरों से बातचीत कर भर्ती हुए मरीजों का हालचाल जाना । साथ ही आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता व जरूरत के सम्बंध में जानकारी लिया। इसके पश्चात विधायक शासकीय कन्या शाला म के टीकाकरण केंद्र में चल रहे टीकाकरण कार्य का जायजा लेते हुए युवाओं से बातचीत कर उन्हें टीकाकरण के प्रति प्रोत्साहित भी किया।

**राजस्व द्वारा वसूले गए चालान राशि का उपयोग कोविड केयर सेंटरों में किया जाए: विधायक** - इस संबंध में विधायक संतराम नेताम ने बताया कि मैंने कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा को पत्र लिख कर एक सुझाव प्रेषित किया है। इस पत्र में विधायक ने कहा है कि जिला प्रशासन द्वारा कोरोना संक्रमण पर रोकथाम लगाने के लिए भरसक प्रयास किया जा रहा है। साथ ही कोरोना गाइडलाइंस का उलंघन करने वालों से चालान/अर्थदंड वसूला जा रहा है। विधायक ने कहा कि जिले के प्रत्येक विकासखंड में कोरोना संक्रमित मरीजों के उपचार हेतु कोविड केयर सेंटर बनाये गए हैं। अतः जिले में वसूले जा रहे चालान/अर्थदंड की राशि का उपयोग कोविड केयर सेंटर में भर्ती मरीजों के लिए पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाने व अन्य कार्यों में किया जा सकता है।

### विधायक के सुझाव पर कलेक्टर ने दी अपनी सहमति

विधायक संतराम नेताम द्वारा कलेक्टर को पत्र लिखकर दिए गए इस सुझाव पर कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने भी सहमति जताई है। अतः लॉक डाउन की अवधि में कोंडागांव जिले के सभी विकासखंड-कोंडागांव, केशकाल, फरसगांव, माकड़ी व बड़राजपुर में राजस्व विभाग द्वारा वसूले गए चालान की राशि ( लगभग 30 लाख रुपए) का उपयोग कोविड केयर सेंटरों में किये जाने का निर्णय लिया है।

# महामारी की चिंता छोड़ सरकार नशा करने वालों की चिंता में व्यस्त

पायनियर संवाददाता ‹ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी मण्डल भानुप्रतापपुर के मण्डल अध्यक्ष बुधनू पटेल मण्डल महामन्त्री ज्वाला प्रसाद जैन ने सरकार के शराब खोरी निणर्य की घोर निंदा करते हुये कहा है की कांग्रेस की भूपेश सरकार वर्तमान संकट की घड़ी में कोरोना संक्रमण को रोकने के बजाय शराब को घर घर पहुचाकर गैर जिम्मेदाराना हरकत कर रही है जो न्यायोचित नही है संक्रमण काल में आज कई शराब के आदि रहने वाले लोग भी इस कोरोना महामारी में शराब के नशे से दूर जा चुके है ऐसे में सरकार के द्वारा शराब की होम डिलवरी कर गरीब मध्यम वर्ग के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है । कोरोना महामारी जैसे संकट काल में भूपेश बघेल की सरकार देश की ऐसी पहली सरकार हैं जो शराब की होम डिलवरी करेगी जहां एक और राशन दवाई वैक्सिन लोगो के पास पहुँचे या न पहुँचे लेकिन शराब जरूर पहुचायेंगे कांग्रेस सरकार अपने चुनावी वादे में हाथ में गंगा जल लेकर कसम खा के जनता को इस तरह भ्रमित किया की चुनाव जितने पर उनकी सरकार द्वारा पूर्णतः शराब बन्द करेगी लेकिन बन्द तो दूर शराब घर पहुचा कर देगी जरा सोचिए अस्पतालो में मरीज दम तोड़ रहे है लेकिन सारकार को शराबियो की चिंता हैउन्होंने कहा है की लगातार प्रदेश में महामारी का प्रकोप थमने का नाम नही ले रहा है गरीब मजदूर आर्थिक समस्याओ से जूझ रहे है अस्पतालो में आक्सीजन वैक्सीन यह तक की अस्पताल में जगह के बिना मरीज तड़फ तड़फ कर मौत के मुंह में जा रहे है तब सरकार को मौत नजर नहीं आती और नशे के आदि दुनिया छोड़ गए। तब उनकी दुःख पीड़ा समझने सरकार तत्काल हाजरी देने पहुंच जाती है आप को ज्ञात होना चाहिए की शराब से ही चोरो डकैती लूटपाट बलत्कार जैसे जधन्य अपराधो घटनाओ को जन्म देती है सरकार को आम जनता व् सभी वर्गो के हित को ध्यान में रखकर नशा मुक्त राज्य बनाने की दिशा में काम काना चाहिए ।

# 600 स्वस्थ होकर डिस्चार्ज, कुल 14393 लोग स्वस्थ हुए, 13.55 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है कोरोना का संक्रमण

पायनियर संवाददाता ‹ मुंगेली
www.dailypioneer.com





जिले में कोरोना संक्रमण का 13.55 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। संक्रमण के दर के प्रतिशत में कमी आई है, यदपि संक्रमण की संख्या बढ़कर सोमवार को 515 हुई है। 3799 सेम्पल के रिपोर्ट में से 13.55 प्रतिशत के दर से संक्रमण पर 515 केस संक्रमित पाये गए। कुल संक्रमण की संख्या 19255 पहुच गई। राहत की बात है कि 600 स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हुए है जिनकी कुल संख्या 14393 हो गई है। सोमवार को 515 में से 224 प्रकरण मुंगेली विकास खण्ड में, 214 लोरमी विकास खण्ड के तथा 77 पथरिया विकास खण्ड के है। सोमवार को कोरोना से 3 लोगो की मौत अब जिले में कोरोना से मौत कुल 122 लोगो की मौत हो गई है। रविवार को कुल एक्टिव केस की संख्या 4740 पहुच गई है। जिले में आरटीपीसीआर के 429 टू नाट के 251, रैपिड एंटीजेन के 3172 सहित कुल 3852 सेम्पल में से 3799 सेम्पल के रिपोर्ट आये है जिनमें से आरटीपीसीआर के 413, टू नाट 214, रैपिड एंटीजेन के 3172 के साथ कुल 3799 सेम्पल के रिपोर्ट आये है जिनमें से आरटीपीसीआर के 62, टू नाट के 129, रैपिड एंटीजेन के 324 सहित कुल 515 केस संक्रमित मिले है। 3799 सेम्पल के रिपोर्ट में से 13.55 प्रतिशत अर्थात 515 संक्रमित पाए गये। जिले के चिन्हाकित टीकाकरण केंद्रो में 16 जनवरी से 10 मई तक 1 लाख 46 हजार 278 लोगों ने लगवाया कोविड-19 का टीका

टीकाकरण - लक्ष्य 216012 के मुकाबले सोमवार को 246 लोगो ने टीका लगवाया, प्रथम डोज में टीका लगवाने वाले की संख्या 128566 हो गई है जो 60 प्रतिशत है वहीं द्वितीय डोज में 12944 लोगो ने टीके लगवाये जिसका प्रतिशत 6 है। 01 मई से 18 से 44 वर्ष के हितग्राहियों को रविवार को प्रथम डोज 52 और अब तक कुल 2338 टीके लगे है। इसके साथ 45 वर्ष से अधिक लोगो को प्रथम डोज में 133334 तथा द्वितीय डोज में 12944 लोगो को टीके लगाये गए है। अब तक 1 लाख 46 हजार 278 लोगो को टीके लगाये जा चुके है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने की पात्रता रखने वाले शेष समस्त व्यक्तियों को टीका लगवाने की अपील।

# अमीन मेमन प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी ने किया आग्रह

पायनियर संवाददाता ‹ केशकाल
www.dailypioneer.com



अमीन मेमन प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी ने सभी से आग्रह किया है कोविड टीका के बारे में किसी भी प्रकार की भ्रांतियों को ध्यान में न रखते हुए सभी को कोविड टीका लगाना चाहिए। देशभर में कोरोना वायरस के चलते हालात गंभीर बने हुए हैं. कोरोना के तेज़ी से बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर सरकार ने 1 मई से 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए भी वैक्सीन लगवाने के निर्देश दे दिए हैं. इससे पूर्व सिर्फ 45 वर्ष से अधिक आयु के लोग ही वैक्सीन लगवा सकते थे, लेकिन अब 1 मई से 18 वर्ष से अधिक आयु के लोग भी वैक्सीन लगवा सकेंगे। मेमन ने कहा तेज़ी से फैल रहा कोरोना का संक्रमण बेहद जानलेवा साबित हो रहा है. ऐसे में 45 वर्ष से अधिक के अलवा युवाओं के लिए भी वैक्सीन लगवाना बेहद जरूरी हो गया है, क्योंकि वैक्सीनेशन के बाद गंभीर बीमारी और उससे मौत होने का खतरा काफी कम हो जाता है. युवाओं के लिए वैक्सीन लगवाना इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि युवा तेजी से कोरोना के नए वैरिएंट से संक्रमित हो रहे हैं. वैक्सीन लगवाने से कोरोना फैलने का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है और लोग सामान्य जीवन की ओर बढ़ सकते हैं. कई देशों में भी देखा गया है कि वैक्सीनेशन के बाद लोग सामान्य जीवन की ओर बढ़ने लगे हैं. वहीं, आंकड़ों के मुताबिक, देश की 38 फीसदी आबादी 19 से 44 उम्र के लोगों की है। वैक्सीन को लेकर पहले हिचकिचाहट सब में थी. लेकिन जैसे-जैसे कोविड हावी हुआ तो लोगों को एहसास हो गया कि वैक्सीनेशन लेना बेहद जरूरी है। वैक्सीन लेने की वजह से वो लोग क्रिटिकल नहीं हुए हैं और उनका इलाज घर पर हो गया हैं।

# कोरोनाकाल में शादी बना राजनीतिक मुद्दा, आपदा को अवसर में बदलना कोई भाजपा से सीखे : नंदू दीवान

पायनियर संवाददाता ‹ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव जिले के माकड़ी ब्लाक अंतर्गत ग्राम भीरागांव में एक शादी समारोह आयोजित हुई भीरागांव निवासी आयतु राम मरकाम सोमारी बाई मरकाम के सुपुत्र गजेंद्र मरकाम का विवाह 5 मई को सम्पन्न हुआ। कोरोनाकाल के चलते लॉकडाउन के नियमों का पालन करते आमंत्रित सभी लोग नहीं पहुंच पाए शादी में, लोग अपने-अपने घरों से ही आशीर्वाद दिए। कहते हैं शादी के लड्डू खाये तो पछताए नही खाये तो पछताये ठीक वैसा ही देखने को मिला इस शादी में, जो शादी में शामिल हुए वे लड्डू खाये जो नही हो पाए उन्हें बिना खाये ही शादी की लड्डू हजम नहीं हो पाई शादी कार्ड में विधायक मोहन मरकाम का नाम होने के चलते यह शादी सुर्खियों में आ गया। पूर्व मंत्री लता उसेंडी ने एक वीडियो वायरल किया जिसमें भारी भीड़ भाड़ नाचती हुई नजर आ रही है, वीडियो के साथ कैप्शन दिया चाचा विधायक, ज्ञात हो मोहन मरकाम के चाचा होने संबंधी कोई भी प्रमाण पूर्व मंत्री लता उसेंडी के पास नहीं है उक्त जारी वीडियो गजेंद्र मरकाम के विवाह की है वीडियो देखकर इसकी पुष्टि भी नहीं होती, जारी वीडियो को सोशल मीडिया में वायरल होते देख प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक कोंडागॉव मोहन मरकाम ने एक वीडियो जारी कर कहा पूर्व मंत्री लता उसेंडी ने शोसल मीडिया प्रिंट मीडिया इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से एक वीडियो जारी कर कहा है, कि मोहन मरकाम के भतीजे की शादी है तो मैं उन्हें बता दूँ गांव में सभी एक दूसरे के नाते रिश्तेदार होते हैं, कोई चाचा मामा फूफा दादा होते हैं मेरे भतीजे सम्बन्धी पुष्टि के लिए मेरी वंशावली उठाकर देखें हम गांव के लोग हैं गांव में सभी एक दूसरे के नाते रिश्तेदार होते हैं केवल मरकाम सरनेम होने से ही मेरा रिश्तेदार हो यह जरूरी नहीं है और यह जारी वीडियो उक्त शादी का है ही नहीं माननीया पूर्व मंत्री इस विपदा के समय मे वास्तव में कुछ करना चाहती हैं तो जनसेवा करें आपदा को अवसर में बदलकर राजनीती करने का समय ये उचित नही है। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष नंदू दीवान ने कहा पुर्व मंत्री लता उसेंडी 2 बार की लगातार हार से बौखला गयी है और आगामी विधानसभा में अपनी दावेदारी मजबूत करने अपने आकाओं को खुश करने के मकसद से अपने आपको सुर्खियों में बनाये रखने के चलते उलजुलूल हरकतें करती रहती हैं, एक गांव की शादी को राजनीतिक रूप देते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम को लपेटना लता उसेंडी जी की ओछी मानसिकता को दिखाती है।

# किसानों पर अत्याचार बंद करे केंद्र सरकार : बीरज नाग

पायनियर संवाददाता ‹ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला अध्यक्ष बीरज नाग ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर केंद्र सरकार द्वारा रासायनिक खादों (उर्वरकों) के मूल्य वृद्धि किए जाने की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि किसानों पर अत्याचार बंद करे केंद्र सरकार। वैसे भी वर्तमान समय कोविड -19 संक्रमण का है और कोविड-19 के चलते संपूर्ण देश में हाहाकार मचा हुआ है। कृषि अर्थव्यवस्था पूर्ण रूप से चौपट हो चुकी है और किसानों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। कोविड-19 के चलते किसानों को अपने उत्पादों का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। एक तरफ केंद्र सरकार द्वारा किसान बिल लाए जाने से किसान अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, और उनके सामने जीवनयापन को लेकर विकट स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। एक तरफ कृषि कार्य में उपयोग में लाए जाने वाले कृषि उपकरण का मूल्य आसमान छू रहा है। पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्य में वृद्धि होने से कृषि लागत बढ़ चुका है। ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार द्वारा रासायनिक खादों (उर्वरकों) के मूल्य में वृद्धि किया जाना कहां तक उचित है। केंद्र सरकार ने रासायनिक खादों (उर्वरकों) के मूल्यों में काफी वृद्धि की है, जिससे डीएपी, यूरिया व अन्य रासायनिक खादों की मूल्य में 50 प्रतिषत से भी अधिक वृद्धि की गई है, जिससे कृषि कार्य प्रभावित होने की पूर्ण संभावना है। एक तरफ कोविड-19 के चलते पूरी कृषि अर्थ व्यवस्था चौपट हो चुकी है, वहीं दूसरी तरफ केंद्र सरकार द्वारा रासायनिक खादों के मूल्य में वृद्धि किए जाने से किसान पूर्ण रूप से हताश हो चुके हैं।

अखिल भारतीय किसान महासभा कोण्डागांव ने केंद्र शासन से मांग की है, कि रासायनिक खादों के मूल्य में किए गए वृद्धि को तत्काल वापस ले व तीनों कृषि बिलों को वापस लेकर किसानों के हित में कार्य करें यदि केंद्र सरकार द्वारा रासायनिक खादों के मूल्य में किए गए वृद्धि को तत्काल वापस नहीं लिया जाता है, तो अखिल भारतीय किसान महा सभा केंद्र शासन के खिलाफ आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी केंद्र शासन की होगी।

## फार्मा के टीम साइनाइड द्वारा अनुकरणीय पहल

**रायपुर।** भारत देश के इस कोरोना महामारी की विपरीत स्थिति में सभी देशवासी अपने स्तर पर योगदान दे रहे है, ऐसी स्थिति में रायपुर के फार्मा इंडस्ट्री के एक मुख्य कारक दवा प्रतिनिधियों के साइनाइड क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों ने आगे बढ़कर (ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह रुपये) 11,111 रुपये की अनुदान राशि पीएम केयर कोरोना19 फंड में जमा कराकर अपने आदर्श नागरिक होने का उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। साइनाइड टीम समय समय पर अपने दवा कार्य क्षेत्र, खेल मनोरंजन एवम सामाजिक कार्यो में सहभागिता निभाकर अपने नैतिक कर्तव्यों का निर्वहन करती रही है, एवम भविष्य में भी करती रहेगी। टीम के सदस्यों ने अपने क्षेत्र के लोगो से इस महानकार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील भी जनता से की है। उपरोक्त जानकारी टीम प्रमुख सुनील सिंह भुवाल ने प्रदान की है।

**तेंदूपत्ता संग्रहण केंद्र में पानी भरने से मुंशियों को घर के पास सूखाना पड़ रहा है**

# कोरोना काल में मौसम ने तेंदूपत्ता संग्राहकों की मेहनत पर फेरा पानी

पायनियर संवाददाता ‹ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले के विकासखण्ड बड़ेराजपुर के लघु वनोपज समिति बाँसकोट अंतर्गत 18 ग्रामों सहित अन्य गांवों के तेंदू पत्ता संग्राहकों को भारी नुकसान का मार झेलना पड़ रहा है।आजकल कई दिनों लगातार दिन व रात में अचानक मौसम परिवर्तन के बाद क्षेत्र में भारी बारिश होती जा रही है। जिससे अंचल के ग्रामीण सहित वन समितियों के फड़ मुंशियों को भी भारी नुकसान से जूझना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीणों को तेंदूपत्ता खरीदी केंद्र के मुंशियों द्वारा घर में सुखाने के लिए कहा जा रहा है, क्योंकि तेंदूपत्ता सुखाने के लिए फड़ में तो भारी बारिश के कारण जल भराव हो गया है जहां पर नमी होने के कारण तेंदूपत्ता को सुखाना संभव नही है। ज्ञात हो कि घण्टो-घण्टो तक हुए बारिश से फड़ में सुखाये गए हजारों बंडल तेंदूपत्ता बह गए है। वहीं फड़ मुंशियों का कहना है कि हमें तो नुकसान बहुत हो रहा है साथ में तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाले ग्रामीणों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। फड़ मुंशियों द्वारा फड़ के अभाव में तेंदूपत्ता को घर में सुखाने के निर्देश दिए गए हैं इस कारण उनको भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है अगर हालात आगे भी ऐसे ही रही तो खरीदी बन्द कर सकते हैं। इस दौरान ग्राम ढोण्डरा की तेंदूपत्ता संग्रहण हितग्राही सुमित्रा मरकाम बताया कि हम कड़ी धूप में बिना रुके सुबह से शाम तक खूब मेहनत कर तेंदूपत्ता तोड़कर लाते हैं, वहीं रात को एक-एक तेंदूपत्ता को चुनकर सीमित संख्या में गड्डी बनाकर बांधने का काम करटे हैं,लेकिन इस बारिश ने हमारी मेहनत पर पानी फेर कर हमारी मेहनत को नुकसान पहुंचा रहा है। जिसके कारण हमें दिक्कत हो रहा है क्योंकि तेंदूपत्ता को दिन में घर से बाहर सुखाते हैं अचानक बारिश होने की संभावना बढ़ जाती है तो फिर समेट कर अंदर ले जाना पड़ता है। ग्रामीण रंजित मरकाम ने बताया कि मैं दो दिन से तेंदूपत्ता खरीदी केंद्र में तेंदूपत्ता ले गया था लेकिन अचानक बारिश के चलते घर में ही लाना पड़ा,डर इस बात बात का है कि कहीं धूप नही निकलने की स्थिति में घर पर रखा हुआ पत्ता कहीं खराब न हो जाए।

# कोरोना के संक्रमण काल में सेवा कार्य करते अभाविप के कार्यकर्ता

पायनियर संवाददाता ‹ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना संक्रमण ने वैश्विक रूप से हाहाकार मचा रखा है क्षेत्र में भी पॉजिटिव केस की संख्या आ रही है कई ऐसे परिवार है जिनके पूरे परिवार इस कोरोना से संक्रमित है जिन्हें भोजन की समस्या हो रही है कुछ घर पर होंम कोरेन्टीन है किसी से संपर्क नही कर पा रहे है लॉक डाउन में पूरा बाजार बंद है,ऐसे में क्षेत्र में एबीवीपी के कार्यकर्त्ता लोगो की मदद ही नही बल्कि लोगो को सुरक्षित रहने के लिये जन जागरण अभियान भी चला रहे है जिससे क्षेत्र के परेशान लोगो को मदद के साथ साथ एक भरोसा भी मिला रहा है कि उनके साथ सिर्फ शासन प्रशासन नही बल्कि क्षेत्र के युवाओ का पूरा एक समूह है जो हर समय मदत को खड़ा है,आज से कार्यकर्ताओ द्वारा सूखा राशन एवं सब्जी को जरूरतमंदों तक पहुँचाया जा रहा है आज इन कार्यकर्ताओ के द्वारा 50 परिवारों तक सूखा राशन चावल,दाल,सब्जी,आलू,प्याज पहुँचाया गया जिला सह संयोजक धनेंद्रमणि निषाद ने बताया कि आगामी दिनों में भी ऐसे ही सेवा कार्य किया जावेगा इसके अतिरिक्त परिषद के द्वारा लगातार 18 वर्ष से अधिक युवाओं को टीकाकरण के लिये जागरण करना,रक्तदान आदि निरन्तर किया जा रहा है।

# पर्दाफाश : अवैध शराब के कारोबार में हर पौव्वे के लिए 10 रुपए ले रहा आबकारी अमला ने दी एवज में तस्करी और बिक्री की खुली छूट

- **आबकारी महकमे ने ही महाराष्ट्र से आ रही अवैध शराब की बिक्री की दरें तय की, कोचियों से हर महीने रकम भी ले रहे**
- **सरहद पार से आ रही शराब के लिए आबकारी से सांठगांठ, सैकड़ों पेटी शराब भी महाराष्ट्र से एक मुश्त जिले तक लाई जा रही**

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पायनियर एक्सक्लूसिव

महाराष्ट्र से छत्तीसगढ़ लाकर बेची जा रही शराब और इसकी तस्करी के खेल में शामिल आबकारी विभाग की भूमिका का पर्दाफाश हो गया है। पायनियर के एक स्टिंग में यह बात सामने आई कि आबकारी विभाग खुलकर तस्करों के साथ सांठगांठ करते हुए महाराष्ट्र की शराब छत्तीसगढ़ लाने में मदद कर रहे हैं। राजनांदगांव जिले के विकासखंड छुरिया से लगी महाराष्ट्र की सरहद से यह शराब यहां लाई जा रहीं है। इस शराब की खपत सिर्फ राजनांदगांव जिले नहीं हो रही है। बल्कि राज्य के अलग-अलग जिलों तक यह शराब पहुंचाई जा रही है। ये खुलासा जिले के आबकारी अमले पर गाज बनकर गिर सकता है। इस खुलासे में विभाग के सहायक आयुक्त नवीन प्रताप सिंह तोमर सहित पूरे अमले पर अंतर्राज्यीय तस्करी को शह देने के आरोपों को लेकर ऊंगलियां उठ रही है। पिछ्ले एक महिने में महाराष्ट्र से शराब की तस्करी के मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। ग्रामीण क्षेत्र में ही नहीं बल्कि शहर की कई गलियों में महाराष्ट्र की शराब बिक रही है। वो भी अनाप-शनाप दर पर। 10 अप्रैल से शुरु हुए लॉकडाऊन के चलते महाराष्ट्र की शराब की मांग न सिर्फ सरहदी जिलों में है बल्कि राज्य के कई हिस्सों तक शराब पहुंचाई जा रही है। 70 रुपए की शराब की कीमत 250-300 रुपए है। इस अवैध धंधे में मुनाफा बेहिसाब है और इस मलाई का स्वाद आबकारी विभाग को भी लग चुका है। महाराष्ट्र की ओर से शराब लेकर छत्तीसगढ़ तक पहुंचाने वाले एक शराब तस्कर ने कबूल किया है कि प्रति 180 एमएल शराब की शीशी के पीछे आबकारी विभाग को 10 रुपए पहुंचाए जाते हैं। पायनियर के पास मौजूद रिकॉर्डिंग में तस्कर कहता है, बेफिक्र रहिये.. आबकारी भला क्यूं कुछ करेगा... हम उनको क्वार्टर के पीछे 10 रुपए देते हैं.. सब तक पैसा पहुंचता है। इस तस्कर के हवाले से कही गई बातों की मानें तो शराब तस्करी का रास्ता पूरी तरह साफ है। सरहद पार करने के बाद आबकारी द्वारा किसी तरह की कार्रवाई का कोई खतरा नहीं होना कहा जाता है। आबकारी से सांठगांठ के बाद इन तस्करों के हौसले इतने बुलंद है कि यह एक मुश्त 6-7 सौ पेटी शराब उपलब्ध करवाने का तैयार है। फोन पर संपर्क करने पर तस्कर कहता है, जितना माल चाहिए मिल जाएगा और कोई दिक्कत नहीं होगी। हम छुरिया तक माल पहुंचा देंगे वहां से आप लेकर निकल जाना। जब उससे कहा जाता है कि कहीं आबकारी ने पकड़ा लिया तो। इसके जवाब में तस्कर कहता है, कोई नहीं पकड़ेगा, आबकारी को हम हर क्वार्टर पर 10 रुपए देते हैं। कोई खतरे वाली बात नहीं है।

## झारिया मांगता है 15000 महीना

पायनियर ने अपने स्टिंग के दौरान डोंगरगांव, डोंगरगढ़ व घुमका क्षेत्र के कई शराब कोचियों से संपर्क साधा व शराब मंगवाने की बातें की। लगभग सभी ने निर्भयता से शराब देने की बात कही और आबकारी अधिकारी से कोई दिक्क त ना होने का भरोसा दिलाया। दूसरे राज्य से शराब लाकर धंधा करने वालों के बीच पायनियर को एक ऐसा नाम बार बार सुनने मिला जिसने शराब के कोचियों पर तगड़ा दबाव बनाया हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों के कई कोचियों ने बातचीत के दौरान बताया कि आबकारी में कोई झारिया साहब हैं जो कोचियों पर चिल्हर पैसे देने के बजाय एकमुश्त महीने का 15 से 25 हजार रुपये देने की मांग करता है। मिली जानकारी के अनुसार झारिया खुले तौर पर ये रकम मांगता है और उसके एवज में भरपूर संरक्षण देने की बात भी करता है। एक शराब कोचिये ने पायनियर को आडियो उपलब्ध करते हुए यह भी बताया कि किस तरह से झारिया रकम नहीं देने पर झूठे मामलों में फंसा देने तक की धमकी देता है और कोचियों से अवैध उगाही करता है। जबकि आबकारी के आला अधिकारियों को पहले ही कोचियों द्वारा माहवारी रकम पहुंचाई जाती है।

## 70 की संतरी 250 में, आबकारी अधिकारी ने तय कर रखा है दर

अवैध शराब के धंधे को लेकर पायनियर लगातार अपनी मुहिम जारी रखे हुए था और हमारी टीम लगातार कोचियों के संपर्क में रही। इस दौरान जितने भी लोगों से बातें हुईं उसमें एक बात सामान्य निकली जिसमें महाराष्ट्र की संतरी शराब वहां पर 70 रुपये की है जबकि छत्तीसगढ़ में हर जगह उसे 230 से 250 और 3 सौ की दर से अवैध रूप से बेचा जा रहा है। इस मामले में अवैध शराब माफियाओं ने खुलकर बताया कि आबकारी अधिकारी के संज्ञान में उक्त मूल्य है और इसीलिए सभी कोचिये एक ही दर पर शराब बेच रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि चिचोला व कवर्धा बॉर्डर के तरफ से माल लाने पर सबको पैसा दे कर कुल हिसाब 170 के करीब बैठता है और फिर 50 रुपये जोड़कर उसे बेचा जाता है।

## 8 तस्करों से जब्त की तकरीबन 20 पेटी शराब हुई जब्त

डोंगरगांव, छुरिया, गैंदटोला और चिचोला इलाके की पुलिस बीते कुछ दिनों से लगातार शराब तस्करों पर कार्रवाई कर रही है। मुखबिर की सूचना पर हो रही इन कार्रवाईयों में जब्त शराब कम मात्रा में है लेकिन अगर अब तक की सभी कार्रवाईयों के हिसाब से शराब की तादाद देखी जाए जो यह काफी ज्यादा है। बीते शु वार से लेकर सोमवार के बीच इन इलाकों में तस्करों पर कार्रवाई के बाद तकरीबन 20 पेटी शराब जब्त की गई है जबकि 8 तस्कर गिरफ्तार किए गए हैं। तस्करों राजनांदगांव, सोमनी, भिलाई और इन्हीं थाना क्षेत्र के ग्रामीण शामिल हैं। इसमें चिचोला पुलिस की ही एक ऐसी कार्रवाई रहीं जिसमें एक मुश्त दस पेटी शराब पकड़ाई। महज चार दिनों की इस पुलिसिया कार्रवाई में कई शराब तस्कर पुलिस के हत्थे चढ़े। इस कार्रवाई के बाद भी कहा जा रहा है कि जो तस्कर दबोचे गए वे सिर्फ छोटी मछलियां हैं। बड़े तस्कर सरहद पार से सैकड़ों पेटी शराब एक ही खेप में लेकर आ रहे हैं और इन्हें विभिन्न जिलों में खपाया जा रहा है।

## पुलिस भी छोटी मछलियां पकड़ रही, आबकारी कार्रवाई से दूर

बड़ी मात्रा में रोजाना हो रही तस्करी के मामलों में कार्रवाई के मोर्चे पर जब आबकारी कहीं नज़र नहीं आता तो शंका और बढ़ जाती है। जबकि सरहदी इलाकों की पुलिस लगातार तस्करों को दबोच रही है। हालांकि पुलिस के जाल में भी सिर्फ छोटी मछलियां ही हैं। बड़े तस्कर जो बड़ी बड़ी गाड़ियों के सहारे एकमुश्त खेप सरहद से इस पार लेकर आ रहे हैं उन पर कार्रवाई देखने-सुनने को भी नहीं मिलती। जबकि ये पुख्ता है कि महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश से बड़ी खेप राजनांदगांव जिले तक और फिर यहां से अन्य जगहों तक पहुंचती है। अब तक वर्ष 2020 की ही एक ऐसी कार्रवाई रही है जिसमें पुलिस ने सैकड़ों पेटी शराब जब्त कर बड़ी तादाद में हो रही तस्करी का खुलासा किया था। इस मामले में भी आबकारी की भूमिका को लेकर कई सवाल उठे थे।

## सवालों से भागता रहा आबकारी अमला

इस मामले को लेकर लेकर आबकारी सहायक आयुक्त नवीन प्रताप सिंह तोमर से भी संपर्क करने की कोशिश की गई। लेकिन, हमेशा की तरह उन्होंने फोन का जवाब नहीं दिया। आबकारी अमला सवालों से भागता ही रहा है। जिले भर में चल रही अवैध शराब बि ी और तस्करी पर कार्रवाई को लेकर विभाग कभी संजिदा नज़र नहीं आता और जब इस बारे में उनसे सवाल पूछे जाते हैं तो अधिकारी अलग-अलग वजहों का हवाला देते हैं। अब समझा जा सकता है कि आखिर क्यूं आबकारी विभाग तस्करों और कोचियों पर कार्रवाई से हाथ पीछे खींच लेता है। जो खुलासा हुआ है उसके मुताबिक एक बड़ी रकम विभाग तक पहुंच रही है। इस रकम के एवज में विभाग कार्रवाई से दूर रहता है और अवैध शराब का गोरखधंधा जोरों-शोरों से चलता रहता है।

# राहत मिलते ही खतरा नज़रअंदाज, सड़क पर जमा हो रही भीड़

- **फ्लाई ओवर के नीचे सब्जी-फल विक्रेताओं को अब तक नहीं हुआ व्यवस्थापन**

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



गिरती कोरोना संक्रमण की दर और मोहल्ले की दुकानों को खोल जाने सहित मिली अन्य छूट के बीच शहर में एक बार भीड़-भाड़ बढ़ने लगी है। लगभग एक माह तक कोरोना की दूसरी लहर की चपेट में आती रही बड़ी तादाद के बाद राहत मिलते ही दोबारा लोग खतरे को नज़र अंदाज करने लगे हैं। सुबह से लेकर दोपहर 3 बजे तक शहर के अंदरुनी हिस्से में लोगों की बड़ी संख्या में मौजूदगी के बीच सोशल डिस्टेंसिंग और दूसरे प्रोटोकॉल की धज्जियां उड़ रही है। शहर में उमड़ रही भीड़ को देखते हुए नगर पालिक निगम ने फ्लाईओवर के नीचे महावीर चौक से लेकर गुरुद्वारा चौक तक सब्जी और फल विक्रेताओं के व्यवस्थापन की तैयारी की हुई है। पिछले वर्ष के लॉकडाऊन की तरह इस बार भी भीड़ जमा न होने देने के लिए यह तैयारियां तो कर ली गई लेकिन इसे अमल में नहीं लाया जा सका है। आयुक्त आशुतोष चतुर्वेदी कह चुके हैं कि कुछ ही दिनों में सब्जी और फल विक्रेताओं की बैठक के बाद यहां उनका व्यवस्थापन किया जाएगा। लेकिन अब इसकी उम्मीदें कम ही नज़र आ रहीं हैं। जिले में संक्रमण की दर 10 फीसद से कम हो चुकी है। शहरी क्षेत्र में बड़ी गिरावट आई है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्र में अब भी कोरोना संक्रमण के मामले बढ़े हुए हैं। इस बीच संभावना जताई जा रही है कि 16 मई के बाद सरकार और प्रशासन अनलॉक का फेज़ शुरु करने का फैसला ले सकता है। इस स्थिति में कुछ सीमित समय के साथ बाजार खोलने की अनुमति दी जा सकती है। इस सूरत में सब्जी और फल विक्रेता अपने तय स्थानों पर ही पसरा और ठेले लगाकर बिक्री कर सकेंगे।

## भाजपा नेताओं ने वैक्सीन सेंटर बढ़ाने की मांग रखी

**छुरिया।** भाजपा मंडल अध्यक्ष रविन्द्र वैष्णव व जिला भाजपा मीडिया प्रभारी ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। भाजपा नेताओं ने मांग करते हुए कहा कि कोरोन महामारी को देखते हुए जिला प्रशासन वैक्सीन सेन्टर बढ़ाए। जिससे गांव के युवाओं को नजदीक स्वास्थ्य केन्द्र में वैक्सीन लग सके। उन्होंने कहा कि महज दो स्थानों में वैक्सीनेशन किया जा रहा है। युवाओं को लम्बी दूरी तय कर वैक्सीन सेंटर आना पड़ता है। भाजपा नेताओं ने मांग करते हुए कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य उप स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में वैक्सीन सेन्टर तैयार किया जाए।



# शराब दुकान से जुटाई 32 लाख की रकम को बांटा ब्याज पर, मामला दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव/खैरागढ़
www.dailypioneer.com



शराब दुकान में बिक्री से जुटाई गई 32 लाख की रकम प्लेसमेंट कंपनी के कर्मचारी द्वारा ब्याज में बांट दिए जाने का बड़ा मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि उक्त कर्मचारी के खिलाफ प्लेसमेंट फर्म सीएमएस कम्पनी द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। जानकारी के अनुसार उक्त कर्मचारी ने शराब दुकानों से इकट्ठा की गई रकम को बैंक में डालने के बजाए इसमें हेरफेर करते हुए इस अपराध का अंजाम दिया। आरोपी का नाम अखिलेश सोनी बताया जा रहा है जो कि सीएमएस कंपनी का एरिया मैनेजर है। गौरतलब है कि सरकार द्वारा संचालित शराब दुकानों से रोजाना अमाऊंट कलेक्शन के लिए निजी कंपनी को काम दिया गया है जिसका नाम सीएमएस कंपनी बताया गया है। उक्त कंपनी ने अपने कर्मचारी अखिलेश सोनी को रोजाना कलेक्शन और पैसों को बैंक में जमा करने की जिम्मेदारी दे रखी थी। अखिलेश ने इस बीच ही 32 लाख रुपए का हेरफेर किया और पैसों को अपने ही परिचितों के बीच ब्याज में बांट दिया। बताया जा रहा है कि लॉकडाऊन के दौरान हिसाब में मिली गड़बड़ी के बाद कंपनी ने ही जांच शुरु की और इस बीच अखिलेश की हेराफेरी पकड़ी गई। वहीं जब अखिलेश ने लोगों से अपने रुपए वापस मांगे तो लोगों ने पैसे लौटाने की बजाए हाथ खड़े कर दिए। अब इस मामले पर खैरागढ़ थाना में आरोपी के खिलाफ धारा 407, 408, 409 आईपीसी के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है। लगभग 32 लाख रूपए को अपने पहचान वालों को ब्याज में दिया गया है। जिसकी जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री व स्वास्थ्यमंत्री से कार्रवाई रोकने की फरियाद

## प्राइवेट प्रैक्टिसनर डॉक्टर्स के बचाव में आए विधायक

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



नगर सहित ग्रामीण इलाकों में चिकित्सा कार्य मे लगे प्राइवेट प्रेक्टिसनरो पर क्लिनिक सील करने की कार्रवाई और जांच को लेकर मिल रही शिकायत पर डोंगरगॉव विधायक और राज्य पिछडा वर्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष दलेश्वर साहू ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल तथा स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से बात की। कोरोनाकाल के दरम्यान ग्रामीण चिकित्सा व्यवस्था की नींव ऐसे प्रेक्टिसनरों के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही पर विधिसम्मत विचार करने की मांग की । विधायक की माने तो अपनी डिग्री के अनुरूप होम्योपैथी, आयुवैदिक और ऐलोपैथिक इलाज कर रहे प्राइवेट प्रेक्टिसनरो में दहशत का माहौल है।

राज्य शासन की मंशा किसी किस्म की व्यवस्था को क्षति पहुचाना नही बल्कि अव्यवस्था को दूर करना है। स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए लगातार कोशिश की जा रही है। प्रत्येक ग्राम तक चिकित्सा के उच्च स्तरीय प्रबंधन पर लगातार विमर्श हो रहा है। ग्रामीण आबादी के बीच ईलाज कर रहे प्रेक्टिसनरो पर कुछ हद तक ग्रामीणों की स्वास्थ्य निर्भरता है। ऐसे प्रेक्टिसनरो पर बिना जांच के अवसर के सीलबंद की कार्रवाई उचित नही है। विधायक ने जिला प्रशासन से भी कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के विकेंद्रीकरण में ऐसे प्रेक्टिसनरो की भूमिका को नकारा नही जा सकता है। विधायक ने बताया कि प्राइवेट प्रेक्टिसनरो के विरुद्ध क्लिनिक सीलबंद की कार्रवाई का कोई निर्देश जारी नही हुआ है। उन्होंने ग्रामीण इलाके में प्राइवेट प्रेक्टिस कर रहे चिकित्सक वर्ग के लिए गाइड लाइन बनाकर इसे चिकित्सा सिस्टम का हिस्सा बनाने का आग्रह भी स्वास्थ्य मंत्री से किया है।

# वैक्सीन लगवाने आगे आ रहे युवा, ग्रामीणों को जागरुक करने सोशल मीडिया में चल रहा अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



देश में कोरोना की मार से जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। ऐसे में शहर सहित ग्रामीण इलाकों में अफरा- तफरी मची हुई है। कोरोना के खिलाफ वैक्सीन लगाने हेतु खैरागढ़ के प्रशासनिक अमले से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सरपंच, सचिव, पंचगण, कोटवार सहित रोजगार सहायक मितानीन सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ की भूमिका सराहनीय है। तभी तो कई गांवो में वैक्सीन लगाने की समझाईस का असर दिखने लगा है। खैरागढ़ ब्लाक के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मुतेड़ा के आश्रित ग्राम नवांगावकला में युवा वैक्सीन लगाने को लेकर काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। वैक्सीन लगाने के लिए लॉकडाउन होने की वजह से सोशल मीडिया के जरिये अपने गांव में बाकी युवाओं को प्रेरित कर रहे हैं। ग्राम पंचायत के युवा सरपंच यतीश साहू ने बताया कि उनके ग्राम पंचायत में कोरोना के बढ़ते हुए मामले को देखते हुए एवं कंटेनमेंट जोन घोषित होने के बावजूद कोरोना के मामले में कमी नही होने को लेकर वे चिंतित जरूर थे लेकिन छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट द्वारा 18 वर्ष से 44 वर्ष तक के आयु वाले अंत्योदय सहित बाकी राशनकार्ड धारी को वैक्सीन लगने की जानकारी हुई तो उन्होने पहले दिन ही खैरागढ़ पहुंचकर वैक्सीन लगा लिया। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाहो में न आते हुए जल्द से जल्द वैक्सीन लगाने की अपील की गई। इस पर ग्राम पंचायत मुतेड़ा आश्रित ग्राम नवागांवकला के निवासी व उपसरपंच धनेश वर्मा, अवध वर्मा, गौठान समिति अध्यक्ष बिशेसर वर्मा, समाजसेवी डा.गजाधर सिन्हा, पुरन निर्मलकर, अखिल वर्मा, अजय वर्मा, चंद्रेश वर्मा, टीकम वर्मा, कमलेश रजक सहित कई युवाओं ने इस विषय पर अपनी सहमति जताते हुए बारी-बारी से वैक्सीन लगवाना प्रारंभ कर दिए। जिससे गांव के कई युवा यह समझने लगे हैं कि वैक्सीनेशन से ही अपने आप को कोरोना जैसे महामारी से बचाया जा सकता है। गाव की महिलाओं को भी जल्द से जल्द वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

**कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते रहने की अपील**

# कोविड काल के दिवंगतों को भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी मण्डल डोंगरगांव की ओर से बीते कुछ दिनों में वैश्विक महामारी कोरोना काल दरम्यान के कारण अपनी जान गंवाने वाले भाजपा व भाजयुमो पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं के रिश्तेदारों को भावभीनी श्रद्धाजंलि दी गई है। संगठन ने इस महामारी की चपेट में आने के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे समस्त कार्यकर्ताओं को भी शुभकामनाएं देते हुए कोरोना की जंग को जीतने का ऐलान करते हुए कोविड गाईडलाईन का पालन करने का आव्हान् भी किया है।

उल्लेखनीय है कि नगर में बीते दिनों जिला भाजपा महामंत्री दिनेश गांधी के लघुभ्राता, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी के चचेरे भाई व प्रतिष्ठित पेट्रोल पंप व्यवसायी जेठमल गांधी, भाजयुमो नेता मनीष बोहरा गोलू के बड़े पिताजी प्रकाश बोहरा, प्रतिष्ठित नागरिक सुरेश दुबे, डॉ. दिलीप जैन, शिक्षक गुलजारीलाल सलामे, अर्जीनिवेश किसुनदास वैष्णव, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामाधार निर्मलकर, पार्षद गिरिजाशंकर उयके के बड़े पिताजी मधुसूदन उयके सहित ब्लॉक में अनेक लोगों का निधन हुआ है। अंचल के जितने भी लोग कोरोना काल में तथा आकस्मिक रूप से काल कवलित हुए हैं, ऐसे लोगों के प्रति मंडल भाजपा की ओर से मृतात्माओं को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से सभी के परिवारजनों को संकट की इस घड़ी में अगाध दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकिशन माहेश्वरी, उत्तमचंद नाहटा, स्वरूपचंद जैन, तरुण नायक, दिनेश साहू, निवेदन साहू, नवीन भाई परमार, धनराज ठाकुर, अरुण जैन, संतोष यादव, बालकृष्ण सिन्हा, रमजान बडगुजर, शिवगोविंद पंसारी, चुन्नी यदु, जितेंद्र सिन्हा, अजय वैष्णव, किशोर यादव, मनीष साहू, राजू यादव, गुलशन हिरवानी, नारायण साहू, मनोज हेमनानी, योगेश पटेल, जागृति यदु, इंदुमती साहू, अपर्णा तिवारी, सरिता ढीमर, अंजू त्रिपाठी, मीनाक्षी देशलहरे के अलावा पवन जैन, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, नरपत सरकार, लोकेश यदु, ओमेश यदु, प्रवेश ठाकुर, कोमल साहू, प्रफुल्ल जैन राजा, चुनेश्वर साहू, दीना पटेल, ललित देवांगन,मनबोधी पटेल, लक्ष्मण साहू, भावेश निक्की, कुलेश्वर निषाद, पुरुषोत्तम साहू, कमल नारायण साहू, रामा निर्मलकर सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हैं।

## डोंगरगढ़ के व्यापारी सूरज नरेडी ठिकाने से जब्त हुआ राशन दुकान का चावल

**राजनांदगांव।** कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ के मार्गदर्शन में सहायक खाद्य अधिकारी आशीष रामटेके एवं कृषि उपज मंडी निरीक्षक ईश्वरी प्रसाद चंद्राकर एवं टीम के द्वारा सूरज नरेडी पिता गणेश नरेडी निवासी जय स्तंभ चौक डोंगरगढ़ शहर के निवास की जांच की गई। जांच में पाया गया सूरज नरेडी के द्वारा अपने निवास स्थल में ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली के उपभोक्ताओं से चावल की खरीदी की जा रही थी जिसका बयान एवं पंचनामा द्वारा पुष्टि किया गया। जाँच में परिसर में 40 बोरी वजन 16 क्विंटल चावल पाया गया। सूरज नरेडी द्वारा अपने बयान में बताया गया कि वह कृषि उपज मंडी का अनुज्ञप्तिधारी नही है और उसके द्वारा स्टॉक किये गए चावल के संबंध में कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। मौके पर मौजूद चावल को खाद्य एवं कृषि उपज मंडी की टीम के द्वारा जब्त किया गया। इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।



# मवेशी लादकर ले जा रहा ट्रक घर में घुसा, दबोचे गए आरोपी

पायनियर संवाददाता ◄ खैरागढ़
www.dailypioneer.com



एक सड़क हादसे के चलते गौ तस्करी का भंडाफोड़ हुआ है। बीते 9 मई की रात एक ट्रक अतियंत्रित होकर खैरागढ़ नगर के ईतवारी बाजार निवासी बिसौहा ध्रुवे के घर में घुस गया। घटना के बाद जब लोग बाहर निकले तो ट्रक में सवार चार लोगों ने तेज रफ्तार में ट्रक अनियंत्रित होने की बात कही। जब ट्रक के पिछले हिस्से को देखा गया तो उसमें 32 नग मवेशियों को ठूसठूस कर भरा गया था। इस मामले की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। जानकारी के मुताबिक 9 मई को हुई इस घटना में ट्रक (एमपी66 एच 0895) के चालक ने अपना नाम अभिषेक केवट निवासी तखतपुर जिला बिलासपुर बताया। उसके साथ चार अन्य लोग भी सवार थे। उक्त ट्रक चालक तेज रफ्तार से एक बोलेरो को ओरवटेक करने की कोशिश में अपना नियंत्रण खो बैठा और ये हादसा हुआ। ट्रक के घर में घुसने के बाद मौके पर लोग जमा हो गए। इस मामले की शिकायत पर खैरागढ़ पुलिस ने छ.ग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 - 10, छ.ग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 - 11 के अलावा अन्य धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**क्विक न्यूज**

## शव, परिवहन के लिए शोक संतृप्त परिजनों को मशक्कत करनी पड़ रही है

**बिलासपुर।** बेड और उपचार के बाद अब लाशों के परिवहन के लिए शोक संतृप्त परिजनों को मशक्कत करनी पड़ रही है। शव वाहन चालक कह रहे यही से फुर्सत नही शहर के बाहर नही जाएंगे। समस्या यह है कि पीड़ित परिजन आखिर अपने मृतक के शव को अपने गृहग्राम तक लेकर जाए तो कैसे लेकर जाएं। हालात यह है कि मृतक के परिजन अस्पताल के बाहर टँगे शव वाहन के फ्लेक्स को देख शव वाहन के लिए कॉल कर रहे है। शव वाहन चालक साफ कह रहे कि लोकल है तभी जाएंगे, अभी शव लेकर बाहर नही जाएंगे। इधर निगम प्रशासन ने भी अपने शव वाहन को लोकल के लिए लगा रखा है। स्काई और श्री राम केयर राजकिशोर नगर के स्काई हॉस्पिटल और नेहरूनगर अमेरी रॉड के श्री राम केयर हॉस्पिटल में जिन मृतको की मौत हुई वे सुबह से शव वाहन की व्यवस्था करने हलाकान रहे। जहां भी कॉल किया रटारटाया जवाब मिला कि लोकल है तभी जाएंगे बाहर नही।

## महाधिवक्ता सतीशचन्द्र वर्मा ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

**बिलासपुर।** राज्य के अधिवक्ताओं को फंटलाईन वर्कर की श्रेणी में शामिलकर टीकाकरण करवाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा देश और राज्य में फैले इस महामारी के एकमात्र स्थायी निवारण हेतु टीकाकरण अभियान में मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के अधिवक्ताओं को फंट लाईन वर्कर की श्रेणी में शामिल करते हुए उनके लिए टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध करवायी गयी है जिससे राज्य के अधिवक्तागण सपरिवार लाभान्वित होंगे । आपके इस पावन निर्णय हेतु मै छत्तीसगढ़ राज्य अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष के रूप में और राज्य के महाधिवक्ता के हैसियत से आपको धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ तथा यह विश्वास दिलाता हूं कि इस टीकाकरण अभियान में राज्य के सभी अधिवक्तागण सपरिवार शामिल होकर इस महामारी की रोकथाम में सहायक होंगे।



# बिलासपुर-मध्यप्रदेश सीमा पर पहुंचे आईजी डांगी, लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराने व ड्यूटी पर तैनात जवानो का हौसला बढ़ाने बिलासपुर आईजी रतनलाल डांगी लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे है। इस दौरान वो सोमवार को बिलासपुर जिला मुख्यालय का जायजा लेने गौरेला पहुंचे. यहां छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश सीमा पर स्थित चेकपोस्ट खैरझिटी में तैनात स्टाफ से बातचीत किया।

इसके बाद उन्हें आवश्यक निर्देश देते हुए आईजी ने कहा कि कोई भी व्यक्ति जो हमारे राज्य की सीमा में पहुंच रहे है वो अनिवार्य रूप से कोरोना की निगेटिव रिपोर्ट साथ लाए. यदि ऐसा नहीं करता है तो सीमा में प्रवेश न दिया जाए. लोगों के साथ शालीनता से पेश आएं. दुर्व्यवहार की शिकायत नहीं आनी चाहिए।

आईजी डांगी ने पुलिस अधिकारियों से भी जिले की जानकारी ली. उन्होंने कहा कि स्टाफ के ड्यूटी के दौरान संक्रमण से बचाने के भी उपाय करें. जो कर्मचारी संक्रमित है उनका हालचाल लेते रहे, किसी भी प्रकार की मदद चाहने पर तुरंत उपलब्ध कराए. लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराएं तथा उल्लघंन करने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करें. शादी, अंतिम संस्कार में लोगों की संख्या दस तय की गई है, इसलिए शासन के निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जाए. ऐसे कार्यक्रम जहां हो वहां पुलिस मौके पर पहुंचकर तस्दीक करे कि दस से ज्यादा लोग तो नहीं है. यदि हो तो सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करे. किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आईजी डांगी ने कहा कि वैक्सीनेशन केन्द्रों पर भी पुख्ता व्यवस्था लगाई जाए. वैक्सीन को लेकर अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही करें. कोरोना से बचाव के लिए जागरूकता फैलाने के लिए आवश्यक कदम उठाया जाएं. गरीब, असहाय लोगों की मदद करने में भी आगे आना चाहिए।

इस समय पुलिस दोहरी चुनौती से जूझ रही है. एक तरफ सामान्य अपराध एवं दूसरी तरफ कोरोना को लेकर काम का दबाव, खुद को सुरक्षित रखना, लेकिन पुलिस बलों का मनोबल बहुत ऊंचा है. आईजी ने चेकपोस्ट पर तैनात कर्मचारियों को फल एवं गरीबों की मदद के लिए नकद रुपए भी दिए. इससे पहले भी उन्होंने कुछ दिन पहले बिलासपुर, जांजगीर, रायगढ़ पहुँचकर कर्मचारियों को जरूरतमंदों के लिए फल एवं गरीबों की मदद के लिए नगद रुपए दिए थे । इस दौरान उनके साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी, टीआई उपस्थित रहे।

## जांजगीर-चांपा जिले में चिकित्सकों की लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ∢ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चापा जिला कलेक्टर यशवंत कुमार ने 10 मई को अपने निरीक्षण के दौरान दो चिकित्सकों द्वारा गत दिवस ड्यूटी से अनुपस्थित रहने के संबंध में संतोषजनक ज़वाब नहीं दे पाने पर कलेक्टर ने दोनों चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं, कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सक्ती का आकस्मिक निरीक्षण किया। वहां उपस्थित चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों से चर्चा की। उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। दवाइयों की उपलब्धता, साफ सफाई एवं नान कोविड मरीजों के उपचार के संबंध में जानकारी ली,कलेक्टर ने खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ चौधरी से कहा कि सीएचसी सक्ती में पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों को नियुक्त किया गया है । सभी डॉक्टर अपने निर्धारित समय में उपस्थित रहकर जेठा कोविड कोविड केयर सेंटर और सीएचसी के ओपीडी एवं भर्ती मरीजों के उपचार के लिए उपस्थित रहे। कलेक्टर ने डॉं सिदार और डॉं. सुमन के विगत दिनों अनुपस्थित रहने का कारण पूछा। संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने पर दोनों डॉक्टर्स को शो काज नोटिस जारी करने के लिए सीएमएचओ डॉ आर एस बंजारे को निर्देशित किया।

## कलेक्टर ने कंटेनमेंट जोन में आवश्यक व्यवस्था बनाये रखने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**मुंगेली।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी पी.एस. एल्मा ने जिले के विकास खण्ड लोरमी के ग्राम सुकली एवं लपटी वार्ड नंबर 12 में जॉच रिपोर्ट पॉजीटिव पाये जाने के कारण कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलाव को देखते हुए ग्राम सुकली एवं लपटी के वार्ड नंबर 12 को कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। घोषित कंटेनेमेंट जोन मे आवश्यक व्यवस्था बनाये रखने हेतु आधिकारियो को दायित्व सौंपे है। जारी आदेश के अनुसार कंटेनेमेंट जोन मे केवल एक प्रवेश एवं एक निकास हेतु बैरिकेटिंग के लिए लोक निर्माण विभाग के कार्य पालन अभियंता, आवश्यक वस्तुओ की आपूर्ति एवं सेनेटाइज व्यवस्था के लिए संयुक्त रूप से ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव को दायित्व दिया है।

## पुलिस जवान ने 1 माह के वेतन को किया जन सेवा में समर्पित निजी वाहन को सेवारथ बनाकर साहू समाज को सौंपा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




साहू समाज शहर बेमेतरा के द्वारा कोरोना महामारी संकटकाल को देखते हुए एक छोटा सा प्रयास साहू समाज के पदाधिकारियों के निर्देश पर प्रारंभ किया गया है,, शहर बेमेतरा में कोरोना संक्रमण को देखते हुए लोगों में डर , कोतूहल और भय का माहौल बना हुआ है, जहां शासन-प्रशासन पूरी मुस्तैदी से संक्रमण से आम जनों को बचाने के लिए लॉकडाउन संबंधी शासन प्रशासन के कड़े निर्देशों का पालन करवा रही है ,वहीं दूसरी ओर इस संकट से जूझ रहे आम जनों को कई दैनिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, इन समस्याओं को देखते हुए एक छोटा सा प्रयास साहू समाज के प्रमुख जिलाध्यक्ष श्री राम कुमार साहू के निर्देश पर शहर बेमेतरा में साहू समाज के युवा दीपेश साहू ,जया साहू पार्षद ,दुर्गेश साहू, पुलिस जवान संदीप साहू के देखरेख में सेवारथ वाहन को हरी झंडी दिखाकर कुछ सुविधाओ सहित एक छोटा सा प्रयास जरूरतमंदों के लिए किया गया है, इस वाहन में मुख्य रूप से सुविधाएं ,,वाहन में निशुल्क भोजन, फल की व्यवस्था, काढ़ा, हल्दी वाली दूध, वेपोराइजर मशीन जरूरतमंद के लिए, कोवीड से डिस्चार्ज पेशेंट को घर तक छोड़ने की सुविधा कोविड में इलाज करवाने आए हुए परिजनों को निशुल्क रहने की सुविधा , इस्पाट में ऑक्सीजन लेवल चेक करने ऑक्सीमीटर की सुविधा, इस वाहन में उपलब्ध है साहू समाज के द्वारा आम जनों व जनमानस के सहयोग से निस्वार्थ इस वाहन को चलाए जाने का निर्णय लिया गया है, अक्सर कुछ सेवा भावी लोग इस आपदा में सहयोग हेतु जनसेवा की भावना रखते हैं।

लेकिन उन्हें सेवा करने का अवसर नहीं मिल पाता जो कि इस वाहन के द्वारा ऐसे सेवा भावी लोग इस वाहन को सहयोग प्रदान कर सेवा का अवसर पा सकते हैं ,हमें इस संकट की घड़ी में एक दूसरे से मिलकर सदभाव, सहयोग, सौहाद्र, प्रेम की भावना से सहयोग करने की आवश्यकता है, इस प्रकार के सहयोग की भावना को लेकर , आम जन मानस के सेवा ,सहयोग से इस सेवारथ वाहन का संचालन साहू समाज द्वारा किया गया है, लगभग 10 से 11 दिन वाहन को चलते हुए सेवा देते हुए हो चुके हैं।

## संस्था के तीन दर्जन सदस्य जुटे हुए हैं सेवा कार्यों में : सुशील रामदास

पायनियर संवाददाता ∢ शक्ति
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश के रायगढ़ शहर की जन सेवा के कार्यों में सतत अग्रणी रहने वाली संस्था सांझा चूल्हा द्वारा वर्तमान में पूरे प्रदेश एवं देश में चल रही कोविड-19 के संक्रमण की महामारी में लॉकडाउन के बाद ऐसे कोरोना संक्रमित परिवार जिन्हें की विषम परिस्थितियों के चलते प्रतिदिन भोजन की आवश्यकता होती है,ऐसे परिवारों को संस्था के सदस्य उनके घरों तक जाकर निःशुल्क शुद्ध भोजन उपलब्ध करवा रहे हैं, तथा सांझा चूल्हा संस्था के अध्यक्ष समाजसेवी एवं छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज रायगढ़ जिला इकाई के उपाध्यक्ष सुशील रामदास बताते हैं कि हमारी द्वारा संस्था के माध्यम से सभी जरूरतमंद परिवारों को गर्म एवं ताजा भोजन समय पर उनके घर तक उनके हाथों में दिया जाता है, तथा इसके अलावा हमारी संस्था भोजन सेवा के साथ-साथ ऐसे ही परिवार जिन्हें और भी किसी भी प्रकार की सहायता या की सेवा कार्यों की आवश्यकता है उनसे पूछकर सहायता उपलब्ध करवाती है, एवं वर्तमान समय में सांझा चूल्हा संस्था विगत महीनों से निरंतर इस सेवा को रायगढ़ शहर सहित आसपास के क्षेत्र में दे रही है, वहीं सुशील रामदास कहते हैं कि आज सांझा चूल्हा संस्था ने लोगों के बीच अपने सेवा कार्यों को पहुंचाया है तथा संस्था के करीब 30 सदस्य दिन-रात ऐसे सेवा कार्यो में जुटे हुए हैं,वहीं सांझा चुला संस्था के उपाध्यक्ष आनंद नहाडिया बताते हैं कि वह प्रतिदिन संस्था के माध्यम से लोगों तक कैसे सेवाएं पहुंचाई जा सके तथा जरूरतमंदों को कैसे भोजन सेवा का लाभ मिल सके इस हेतु कार्य करते हैं, तथा उन्हें प्रसन्नता होती है कि ईश्वर ने इस संस्था के माध्यम से तथा पूरी सांझा चूल्हा की टीम के सदस्यों के सहयोग से ऐसे अन्न रूपी सेवा कार्य करने का अवसर दिया है।

## कोविड केयर सेंटर में मरीजों का बेहतर इलाज सुनिश्चित करें : मित्तर

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने आज जिले में संचालित कोविड केयर सेंटर और वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा की। उन्होंने कोविड मरीजों के उपचार पर संतुष्टि जाहिर करते हुए और बेहतर ईलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 18 से 44 वर्ष आयु वाले नागरिकों के कोविड-19 के वैक्सीनेशन की जानकारी लेते हुए इस बात पर प्रसन्नता जाहिर की कि लॉकडाउन की अवधि में भी लोग उत्साह से वैक्सीनेशन करा रहे हैं। मंथन सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने कोविड वैक्सीनेशन एवं कोविड मरीजों के उपचार के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कोविड केयर सेंटर तथा डेडिकेटेड कोविड अस्पतालों में मरीजों के उपचार की जानकारी ली। उन्होंने कोविड केयर सेंटर में मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सुविधा पर संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में भी मरीजों को बेहतर उपचार देने की व्यवस्था सुनिश्चित की जायें। कलेक्टर ने 18 से 44 वर्ष के हितग्राहियों के टीकाकरण की विकासखण्डवार एवं केन्द्रवार समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि 10 मई तक कुल 11 हजार 796 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया हैं। जिसमें से अंत्योदय श्रेणी के 3 हजार 106, बीपीएल श्रेणी के 3 हजार 389, एपीएल श्रेणी के 5 हजार 131 एवं 170 फ्रंटलाइन वर्कर शामिल है। उन्होंने सभी एसडीएम को फ्रंटलाइन वर्कर के लिए भी अनुविभाग में टीकाकरण प्रारंभ करने हेतु कार्ययोजना बनाने कहा। सभी एसडीएम एवं बीएमओ को लगातार टीकाकरण केन्द्र की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने टीकाकरण केन्द्र में सोशल डिस्टेंसिंग, वैक्सिनेशन के लिए कोल्ड चैन की व्यवस्था, टीकाकरण के बाद प्रविष्टि का कार्य आदि सुचारू रूप से सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने बीएमओ से कहा कि वैक्सिनेटर आरक्षित भी रखें, जिससे टीकाकरण का कार्य प्रभावित न हो। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वैक्सीनेशन के संबंध में अधिक से अधिक जानकारी आम लोगों तक पहुंचायें। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेरिश एस, अपर कलेक्टर सुश्री नुपूर राशि पन्ना, नगर निगम कमिश्नर, सभी एसडीएम, तहसीलदार, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, सीएमओ, बीएमओ, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## मड़वा के प्रस्तावित 100 बिस्तरों के कोविड सेंटर का निरीक्षण किया सांसद अजगल्ले, विधायक चंदेल एवं सौरभ ने

पायनियर संवाददाता ∢ जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com



क्षेत्र में स्थित अटल बिहारी बाजपेयी विद्युत ताप संयंत्र मडवा में निर्माणाधीन 100 बिस्तरों के कोविड (कोरोना) अस्पताल का निरीक्षण जांजगीर-चाम्पा लोक सभा क्षेत्र के सांसद गुहाराम अजगल्ले, छ.ग. विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल, अकलतरा क्षेत्र के विधायक सौरभ सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा एवं भाजपा जिला महामंत्री पुरूषोत्तम शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। ज्ञात हो कि मड़वा पावर प्लांट द्वारा बढ़ते कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये अपने जुनियर क्लब मड़वा को 100 बिस्तर का कोविड अस्पताल के लिये देने का फैसला किया है। जिसकी तैयारी अंतिम चरण में है। मड़वा पावर प्लांट के अधिकारी, कर्मचारी इस अस्पताल को षीघ्र प्रारंभ करने हेतु लगे हुए है। इसमें बड़ी संख्या में ऑक्सीजन युक्त बेड भी रहेंगे। इस अस्पताल के प्रारंभ हो जाने से जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र सहित पूरे जिले के कोरोना मरीजों को बहुत लाभ मिलेगा। क्षेत्रिय सांसद गुहाराम अजगल्ले, विधायक नारायण चंदेल, विधायक सौरभ सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, भाजपा जिला महामंत्री पुरूषोत्तम षर्मा ने संयुक्त रूप से इस अस्पताल का निरीक्षण किया तथा मड़वा पावर प्लांट के अधिकारियों के साथ अस्पताल परिसर में बैठक की तथा इस कोविड अस्पताल के संबंध में पूरी जानकारी ली।

## होम आईसोलेशन में रहकर कोरोना की जद से बाहर आए कश्यप दंपती

पायनियर संवाददाता ∢ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



होम आईसोलेशन में रहकर 72 वर्षीय रामफल कश्यप एवं उनकी 66 वर्षीय पत्नी विमला देवी कश्यप कोरोना की जद से बाहर आ गए है। कश्यप दंपती ने जागरूकता का परिचय देते हुए लक्षण आने के तुरंत बाद कोरोना की जांच करवाई और रिपोर्ट पॉजीटिव आने पर होम आईसोलेशन में रहकर इलाज शुरू करवा दिया। विकासखण्ड कोटा के ग्राम पंचायत सोनपुरी में निवासरत कश्यप दंपती का मानना है कि चिकित्सकों के परामर्श पर पूरा भरोसा रखते हुए सही समय पर दवाई ली जाए और सकरात्मक सोच हो तो कोरोना को मात दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि होम आईसोलेशन में रहने पर डॉक्टर प्रतिदिन उन्हें दो बार फोन कर स्वास्थ्य की जानकारी लेते थे और जरूरी सलाह भी देते थे। उन्होंने बताया कि 19 अप्रैल की उनकी रिपोर्ट पॉजीटिव आने के बाद उन्हें भी डर लगा था। लेकिन डॉक्टरों ने लगातार उनका मनोबल ब?ाया। उनके परिवार में उनकी 37 वर्षीय बहू श्रीमती पुष्पा कश्यप की कोरोना की भी रिपोर्ट पॉजीटिव आयी थी। इस दौरान सभी ने दवाई के साथ-साथ घरेलू उपचार एवं प्राणायाम को भी अपनी जीवनचर्या में अपनाया।

**राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में सेवा का लिया निर्णय**

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय रसोई केंद्र शुभारंभ हर जरूरतमंदों को भाजपा हर संभव मदद करेगी : विकास धर दिवान

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर एवं प्रदेश भाजपा नेतृत्व के निर्देशन पर जिला भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष व संयोजक ओम प्रकाश जोशी जी व राजेंद्र शर्मा जी के मार्गदर्शन पर सेवा ही संगठन 2 कार्यक्रम के जिला सहसंयोजक व जिला महामंत्री विकास धर दीवान जिला महामंत्री नरेंद्र वर्मा प्रदेश मंत्री संध्या परघनिया भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष परमेश्वर वर्मा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष लता वर्मा जिला महिला मोर्चा महामंत्री मति मधु राय अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष देवदास चतुर्वेदी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपेश साहू युवा मोर्चा प्रदेश कन्या संयोजिका निशा चौबे किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष बबलू राजपूत अनुसूचित जनजाति जिला अध्यक्ष महावीर ध्रुव अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष ऑकिब मलकानी पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विकास घरडे प्रदेश महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा दयावान ध'बाधे प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा सतीश कशार व सेवा ही संगठन कार्यक्रम की टोली के सदस्यों के नेतृत्व में आज बस स्टैंड बेमेतरा मैं भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय रसोई केंद्र का शुभारंभ किया गया। सर्वविदित है कि वैश्विक महामारी करो ना जिसके दूसरे लहर में पूरा हिंदुस्तान को चपेट में ले कर रखा है और ऐसे समय में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के द्वारा सेवा ही संगठन कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया है जिसमें आशाएं निशक्त जनों मजदूर सबका और खाना लोगों सुखा राशन एवं भोजन मुहैया कराने का निर्णय लिया गया था जिसके तहत यह कार्यक्रम की विधिगत शुरुआत जिले की नवागढ़ मंडल मे की गई है आज बेमेतरा जिला मुख्यालय में भी शुभारंभ किया गया इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बेमेतरा जिला के सह संयोजक व जिला महामंत्री विकास धर दीवान ने कहा कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश भाजपा के नेतृत्व व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी जी के आव्हान पर व राजेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय रसोई केंद्र की विधिवत शुरुआत बेमेतरा बस स्टैंड से की और हमारा प्रयास रहेगा कि लगातार यथासंभव हम लोगों को भोजन मुहैया कराएंगे कहां आज की स्थिति में जिस तरीके से कोविड-19 के पेशेंट हॉस्पिटल में आ रहे हैं उनके साथ उनके परिजन भी आ रहे हैं शासन द्वारा पेशंट बश को खाना उपलब्ध कराया जा रहा है उनके परिजन भटक रहे हैं आने जाने वाले लोगों को भी बहुत परेशानी हो रही है इसे देखते हुए हमारा प्रयास है बेमेतरा जिला की जहां-जहां कोविड-19 सेंटर है सभी जगह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा भाव के तहत भोजन व्यवस्था व अन्य व्यवस्था का प्रयास करेंगे अगर सुखा राशन की आवश्यकता होगी।

## विधायक छाबड़ा ने विधायक दल की बैठक में जिला अस्पताल की समस्याओं को रखा

पायनियर संवाददाता ∢ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से आयोजित विधायक दल की बैठक में (वर्चुवल) में भाग लिया बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोरोना संक्रमण से सम्बन्धित प्रदेश स्तरीय जानकारी विधायकों को बताई गई तथा विधायकों से उनके क्षेत्र में कोरोना संक्रमण से सम्बन्धित समस्याओं को पूछा गया जिस पर बेमेतरा विधायक ने बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र से सम्बन्धित स्वास्थ्य सेवाओं की समस्या को प्रभावी तरीके से बैठक में रखा गया बैठक में विधायक ने ऋञ्ज.क्कष्टक्र जांच के लिए वायरोलाजी लैब स्थापना की मांग सहित अन्य अतिआवश्यक जरूरतों को विधायक आशीष छाबड़ा ने इस बैठक मै फिर से जिला अस्पताल के लिए सिटी स्कैन मशीन सहित वेटीलेटर मशीन आपरेटर करने हेतु विशेषज्ञ चिकित्सक नियुक्त की बात मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष दोहराई साथ ही विधायक आशीष छाबड़ा ने मुख्यमंत्री के समक्ष सुझाव भी रखा जिससे उन्होंने एम.बी.बी. एस उर्तीण जिला स्तर पर कार्यरत चिकित्सको के लिए क्रिटिकल केयर क्रैश कोर्स की व्यवस्था की जाए जिसमें उन्हें वेरिलेंटर स्पोर्ट सिस्टम मरीजों में किस तरह लगाया जाय की ट्रेनिंग

# जरूरतमंद लोगों तक पका भोजन पहुंचा रहा जिला प्रशासन का आपातकालीन सेल

- स्पेशल फूड सेल की टीम 8 अप्रैल से जुटी है सेवा में
- लॉकडाउन के 34 दिनों में लगभग सवा तीन लाख लोगों तक पहुंचाया दो वक्त का भोजन
- समाजसेवी व स्वयंसेवी संस्थाएँ नि:शुल्क भोजन तैयार करने से लेकर बाँटने तक की निभा रही जिम्मेदारी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन के निर्देश पर रायपुर स्मार्ट सिटी लि. कार्यालय से संचालित आपातकालीन खानपान सेवा के माध्यम से ज़रूरत मंद लोगों तक प्रतिदिन दोपहर व रात में भोजन पैकेट पहुंचाया जा रहा है। 8 अप्रैल से शुरू इस सेवा के ज़रिए लॉकडाउन की अवधि के शुरुआत से निरंतर भोजन पैकेट ज़रूरतमंद परिवारों तक पहुँचाया जा रहा है। इस काम में नगर की समाज व स्वयं सेवी संस्थाएँ अपना निःशुल्क सहयोग व श्रम प्रदान कर रही हैं।

रायपुर स्मार्ट सिटी के कंट्रोल रूम में इसके लिए ज़िला स्तरीय अधिकारियों को भी तैनात किया गया है। रायपुर कलेक्टर डॉ. एस भारतीदासन के मार्गदर्शन व रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के प्रबंध संचालक सौरभ कुमार के निर्देशन और इस सेवा हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व में इस आपातकालीन खानपान सेल की टीम पिछले 34 दिनों में अपने विशेष वाहनों के माध्यम से सवा तीन लाख फ़ूड पैकेट बांट चुकी है। आपातकालीन खानपान सेल के दूरभाष क्रमांक 0771-4055574 पर जरुतमंदों की कॉल्स दर्ज कर स्पेशल फूड सेल की टीम को इसकी जानकारी प्रदान की जाती है। इसके बाद नगर की स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों के सहयोग से उपलब्ध निःशुल्क पका भोजन पैकेट जरूरतमंदों तक पहुँचाया है। अस्पतालों में भर्ती मरीजों के परिजन, दिहाड़ी मजदूरों, भिक्षुकों एवं लॉकडाउन अवधि में आवागमन कर रहे लोगों तक पहुंचाया जाता है।

रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड सहित नगर की विभिन्न जगहों पर ठेला एवं रिक्शा चालकों तक भी पके हुए भोजन के पैकेट पहुंचाये जा रहे हैं। इसके अलावा धार्मिक स्थलों एवं मुक्तिधाम परिसर के आसपास के क्षेत्रों को भी टीम चिन्हित कर नियमित रूप से भोजन पैकेट उपलब्ध करा रही है।





# निधि खर्च करने से कतरा रहे जनप्रतिनिधि लोगों को नहीं मिल रहा लाभ

## बैठक की औपचारिकता निभाकर ही घर बैठे पार्षद

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com




नगरीय निकाय मंत्री ने पार्षदों को विशेष पार्षद निधि से खर्च करने की स्वीकृति देते हुए कोरोना संकट से निपटने का कारगर फैसला लिया था। इसका लाभ स्थानीय जनप्रतिनिधियों के रवैये की वजह से अब तक आम लोगों को नहीं मिल पाया है। अन्य नगर पंचायतों में इस निधि का उपयोग कर राशन व अन्य जरूरी समानों पर खर्च किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार छुरिया मे अब तक सिर्फ पार्षदों द्वारा अपने वार्डों पर एक बार सेनेटाइजर का छिड़काव कराकर औपचारिकता पूरी की गई है। पार्षद निधि से खाद्यान्न सामग्री खरीदी हेतु बैठक कर सिर्फ महज दिखावा ही किया जा रहा है। नगर में पार्षदों के इस रवैय्ये को लेकर आक्रोश है। नगर पंचायत कांग्रसजनो का कहना है समय रहते जनप्रतिनिधियों ने इस पर ध्यान नहीं दिया तो लोगो के आक्रोश का सामना करना पड़ सकता है। वरिष्ठ निष्ठावान कांग्रेसजनो का आरोप है कि कुछ लोगों का मकसद हैं यहां जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचने न देने का रह गया है। स्थानीय जनप्रतिनिधी आज तक नगर की समस्याओं को लेकर कभी विधायक के समक्ष बात नहीं रख सके हैं। इस के चलते छुरिया के लोगों मे जनप्रतिनिधि व पार्षदो के लिए जमकर नाराजगी है। नगर पंचायत के पार्षदों द्वारा अब तक अपने निधि का उपयोग वार्डो पर नही किया गया है। लोगों का आरोप है अगर यही राशि पार्षदो को अन्य समान खरीदी पर खर्च करना होता तो भाजपा-कांग्रेस दोनो दलो के पार्षद आधी रात बैठक कर निर्णय ले लेते और सुबह तक खरीदी हो जाती। क्योंकि उक्त खरीदी मे इन्हें मोटी रकम कमिशन के तौर पर मिल जाती। प्रबुद्धजनों ने स्थानीय विधायक व शासन प्रसासन से मांग की है कि इस सकंट में सरकार के तरफ से जो सुविधा स्वीकृत हुई है उसका नगर के लोगो को तुरन्त लाभ दिलाया जाए।

> नगर पंचायत में इस सम्बंध मे बैठक की गई है। संभवत: दो-चार दिन मे सारी व्यवस्था हो जायेगी। प्रक्रिया जारी है।
>
> **राजकुमारी सिन्हा,** अध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया

# टीकाकरण के बाद 60 दिनों तक नहीं कर सकेंगे रक्तदान

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



प्रदेश में जारी वैक्सीनेशन को लेकर हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद अब 18 से 44 वर्ष के लोगों का वैक्सीनेशन प्रारंभ हो गया है। लेकिन जानकारी के अनुसार वैक्सीनेशन होने के पश्चात आने वाले 60 से 90 दिनों तक रक्तदान नहीं किया जा सकता। मसलन यह एक रक्त कि जरुरत वाले मरीज के लिए काफी परेशानी का सबब बन सकता है। साथ ही इस 3 माह का समय भी एक लंबा समय है। ऐसे में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् द्वारा पहल शुरू कि गई है जिसमें लगातार चौथे चरण में रक्तदान किया गया। अभाविप ने जिले सहित प्रदेशभर के युवाओं से अपील किया कि वैक्सीनेशन से पहले अधिक से अधिक रक्तदान करें। अभाविप के मुकेश ने बताया कि छुरिया क्षेत्र एक वनांचल क्षेत्र है और यहां के युवा साथी केवल रक्तदान करने के मकसद से 80 से 90 किमी तय करके रक्तदान करने आगे आते हैं। आगे बताते हुए कहा कि वह स्वयं वनांचल क्षेत्र से है और आज विषम परिस्थिति में भी 9 वां रक्तदान करने के लिए जिला मुख्यालय कि दूरी तय किये है और अन्य लोगों को भी रक्तदान करने साथ लेकर आए हैं। साथ ही कोविड 19 के वैक्सीन के पूर्व रक्तदान करने व वैक्सीन लगवाने के लिए क्षेत्र में लोगों को प्रेरित करने का काम कर रहे हैं। अभाविप के मुकेश मंडावी, मोहित वैष्णव,टाकेशवर कुमार, प्रदीप निर्मलकर,सागर कुमार ने रक्तदान किया।

## कोरोना से जंग हारे सेवानिवृत्त संगतकार उस्ताद इरशाद अहमद वारसी

**खैरागढ़।** इंदिरा कला संगीत विश्व विद्यालय में कथक विभाग के सेवानिवृत्त संगतकार उस्ताद इरशाद अहमद वारसी मंगलवार को कोरोना से लड़ते हुये जिन्दगी की जंग हार गये। 15 जनवरी 1958 को जन्मे उस्ताद ईरशाद अहमद वारसी किराना घराना के मशहूर उस्ताद मेहफूज अहमद वारसी से संगीत की तालीम ली थी जो इनके पिता भी थे। 1968 में ऑल इंडिया म्यूजिक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे। 1970 में यूपी में संगीत नाटक अकादमी से नवाजे गये। 1975 में मुंबई में आयोजित शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रहे। 1980 में बंगाल र से नवाजे गये। 1970 से आज तक आल इंडिया रेडियो में गजल गायक के रूप में अपनी सेवा देते रहे है। मरहूम इरशाद अहमद वारसी शांत व सरल स्वभाव के कलाकार रहे। वे हिन्दी, उर्दू , बंगाली भाषा के अच्छे जानकार भी थे। उन्होंने मंगलवार 11 मई की सुबह राजनांदगांव के एक अस्पताल में ईलाज के दौरान अंतिम सांस ली और उनका इंतकाल हो गया।

# घुमका में फिर एक शिक्षक की कोरोना से मौत

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

घुमका में मंगलवार को कोरोना से फिर एक 60 वर्षीय शिक्षक की मौत हो गई। मृतक समीपस्थ सलोनी हायर सेकंडरी स्कूल में व्याख्याता पद पर पदस्थ थे। अब तक यहां दो महिला, दो युवक समेत पांच लोगों की मौत हो चुकी है। खबरों के अनुसार मृत शिक्षक को पांच दिन पहले कोरोना की पुष्टि हुई थी। मृतक की पत्नी अस्पताल में बतौर मितानिन हेल्प डेस्क में कार्यरत हैं। मृतक की दो पुत्रियां भी कोरोना पॉजिटिव है। बताया गया कि कोरोना की शिकायत के बाद तबीयत बिगड़ने पर उक्त शिक्षक को कोविड अस्पताल पेंड्री में दाखिल किया गया था। जहां हालत में सुधार नहीं हो सका और मंगलवार को उसकी मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार शिक्षक का काफी लंबे समय से अन्य गम्भीर बीमारियों के चलते इलाज चल रहा था। घुमका समेत क्षेत्र में आये दिन मौतों की खबर मिल रही है। इलाके के तकरीबन सभी गांव से रोजाना पॉजिटिव मरीजों की पहचान होना काफी चिंताजनक बताया जा रहा है। इधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंटीजन किट की कमी बताकर जांच कराने पहुंचे मरीजों को आए दिन लौटा दिया जाता है। वहीं कई मरीजों के आग्रह के बाद भी आरटीपीसीआर और ट्रू नॉट टेस्ट से मना किया जा रहा है। जमीनी हकीकत को नजरअंदाज कर पॉजिटिव मरीजों के आंकड़े में कमी आने का दावा करते विभाग स्थिति नियंत्रण में बताने में लगें हैं। जबकि अभी भी पर्याप्त जांच नहीं होने की लगातार शिकायत बताई जा रही है। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार पखवाड़े भर से स्थानीय अस्पताल में रोजाना मुश्किल से महज 30 से 35 एंटीजन जांच किया जा रहा है। कमोबेश यही स्थिति आरटीपीसीआर और ट्रूनॉट की भी बताया जा रही है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि तकरीबन15 से 20 किलोमीटर के दायरे में 50 गांव के ग्रामीणों की कोरोना जांच के लिये मात्र घुमका स्वास्थ्य केंद्र में सुविधा उपलब्ध है। कोरोना जांच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सैकड़ों पीड़ितों की रोजाना लम्बी कतार लगी रहती है। वापस लौटाये जाने से पर्याप्त जांच के अभाव में सामुदायिक संक्रमण का खतरा बढ़ता जा रहा है।

# वैक्सीनेशन में सबसे आगे हैं 18 से 35 वर्ष के युवा




**राजनांदगांव।** 9 मई से शुरु हुआ कोविड-19 टीकाकरण कई सेंटरों में जारी है। यहां युवा की बड़ी तादाद वैक्सीनेशन के लिए पहुंच रही है। इनमें 18 से 35 वर्ष के युवाओं वैक्सीनेशन में आगे हैं। शहर में आधा दर्जन से अधिक सेंटर बनाए गए हैं जिन्हें अंत्योदय, बीपीएल, एपीएल की श्रेणियों में बांटा गया है। सबसे तेजी से एपीएल श्रेणी में वैक्सीनेशन जारी है। यहां रोजाना वैक्सीन की डोज दोपहर तक ही खत्म हो जा रही है। वहीं बीपीएल श्रेणी के लिए शहर के विभिन्न सेंटरों में बनाए गए वैक्सीनेशन सेंटर में भी भीड़ उमड़ रही है। वैक्सीनेशन सेंटर में बढ़ती भीड़ को देखते हुए टोकन और पहले ही रजिस्ट्रेशन शुरु किया गया है ताकि भीड़ को संतुलित रखा जा सके और लोगों को लंबी कतारों का हिस्सा न बनना पड़े। बावजूद इसके सेंटरों में लंबी कतारें लग रही है।

# ईद पर मस्जिद में केवल 5 लोग, बाकी अपने-अपने घरों पर ही अदा करेंगे नमाज

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर में 17 मई तक लॉकडाउन लगाया गया है. इस दौरान केवल आवश्यक सेवाओं पर छूट दी गई है. वहीं ईद त्योहार के मौके पर भी मस्जिद में केवल 5 लोगों की अनुमति दी है. बाकी सभी लोग अपने-अपने घरों पर ही ईद की नमाज अदा करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने निर्देश जारी किए हैं। ईद के त्योहार में कोरोना गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य होगा. नमाज के लिए दरगाह/मस्जिद में केवल 5 लोग शामिल हो सकेंगे. लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित मुतवल्ली पर कार्रवाई की जाएगी। अन्य लोग अपने-अपने घरों पर नमाज अदा करेंगे. दरगाह, कब्रिस्तान समेत तमाम स्थानों पर अनावश्यक भीड़ पर कार्रवाई होगी।




**अपर कलेक्टर ने ली थी मुस्लिम समाज की बैठक:** ईद त्योहार को लेकर अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी एनआर साहू ने समाज प्रमुखों की बैठक ली थी. उन्होंने सभी को कोविड-19 के दिशा निर्देशों का पालन करने की हिदायत दी थी। बैठक में पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा मुस्लिम समाज के लोग भी शामिल रहे।

**गाइडलाइन पर जताई सहमति:** मुस्लिम समाज के प्रमुखों ने एकमत से सहमति व्यक्त किया गया कि शासन और जिला प्रशासन की कोरोना गाइडलाइन का पालन किया जाएगा. पूर्व वर्ष की भाँति ही त्योहार मनाया जाएगा. जिससे कोरोना संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। मस्जिद में मुतल्लवी सदर समेत केवल 5 व्यक्ति जो प्रतिदिन मस्जिद में नमाज अदा करते है. वही मस्जिद में ईद की नमाज में भी शामिल होंगे. समाज के अन्य सभी व्यक्ति अपने-अपने घर पर ही रहकर ईद की नमाज अदा करेंगे।

# कांग्रेस के दोहरे चरित्र से देश की जनता वाकिफ: बृजमोहन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे पत्र व उसमें छत्तीसगढ़ के विधानसभा भवन के उल्लेख को कांग्रेस के चरित्र पर करारा तमाचा बताते हुए कहा कि कांग्रेस व कांग्रेस के नेताओं का आचरण हमेशा दोहरेपन व तूच्छता का रहा है। कोरोना की लड़ाई से लेकर सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट तक कांग्रेस का विरोध जनता को गुमराह करने वाला, झुठ फैलाने वाला व दहशतगर्दी का रहा है। पिछले 1 साल से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की जनता को लेकर कोरोना के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे है और कांग्रेस पार्टी कोरोना से लड़ाई लड़ने के बजाए मोदी से लड़ाई में लगे हुए है। अग्रवाल पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि एक तरफ सोनिया गांधी, राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी कोरोना काल की दूहाई देते हुए सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट का विरोध कर रही है। वही दूसरी ओर उनके संरक्षण में छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार, हजारो करोड़ रूपये खर्च कर नई राजधानी क्षेत्र में आवश्यकता नही होते हुए भी इसी कोरोना काल में विधानसभा भवन, मुख्यमंत्री महल, मंत्री महल व हज महल बना रही है, आखिर क्यों ? कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को यह बताना चाहिए कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा भवन, मुख्यमंत्री निवास, मंत्रिगणों के निवास के रहते हजारों करोड़ रूपये खर्च कर नये महल बनाने की क्या आवश्यकता है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी व कांग्रेस पार्टी को यह भी बताना चाहिए कि सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट जिसकी यू.पी.ए. सरकार में तत्कालीन लोकसभा अध्यक्षा मीरा कुमार ने आवश्यकता को रेखांकित किया था। अब इसी प्रोजेक्ट का किस मुंह से विरोध कर रही है। यही तो कांग्रेस व कांग्रेस के नेताओं का विरोधाभाषी चरित्र है। अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस और कांग्रेस के नेता हमेशा कॅन्फ्यूजन में रहते है। कांग्रेस पार्टी ने पहले लॉकडाउन का विरोध किया, अब सभी कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री खुद लॉकडाउन लगा रहे है और राहुल गांधी देश में लॉकडाउन की बात कर रहे है। कांग्रेस एवं कांग्रेस के नेताओं ने खुले आम टीकाकरण का विरोध कर देश के वैज्ञानिकों का अपमान किया। छत्तीसगढ़ के वैज्ञानिक स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने तो एक कदम आगे जाते हुए कहा था कि वे छत्तीसगढ़ की जनता को कोविक्सीन नही लगवायेगें। केन्द्र सरकार कोवेक्सीन की खेप छत्तीसगढ़ में न भेजे। और अब यही कांग्रेस के नेता और कांग्रेस पार्टी वेक्सीनेशन के लिए हल्ला मचा रही है। यह कांग्रेस का कैसा दोहरा चरित्र व दोहरा मापदण्ड है। अग्रवाल ने कहा कि कोविड-19 को लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने कमान अपने हाथ में लेकर पूरे देश में कोविड-19 के खिलाफ अभियान चलाना चालू किया तो कांग्रेस पार्टी व इनके राज्यों के मुख्य मंत्रियों ने कोविड-19 को लेकर अधिकार विकेन्द्रीकरण की मांग कर कार्यवाही के अधिकार राज्यों को देने की मांग की। और जब केन्द्र ने राज्यों को अधिकार दे दिया गया और जब ये कुछ नही कर पा रहे है तो फिर केन्द्र के ऊपर आरोप क्यों लगा रहे है। यही कांग्रेस और कांग्रेस नेताओं का दोहरा चरित्र है। अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ राज्य के 45 वर्ष से अधिक के लोगो के लिए 70 लाख वैक्सीन के स्थान पर अब तक 65 लाख वैक्सीन निःशुल्क उपलब्ध करा दिया है। वही दूसरी ओर छत्तीसगढ़ सरकार को 18 से 44 वर्ष के युवाओं के लिए 1 करोड़ 35 लाख वैक्सीन की व्यवस्था करनी थी उसकी व्यवस्था करने में छत्तीसगढ़ सरकार के हाथ पैर फुल रहे है। सरकार ने अभी तक यह नहीं बताया कि उन्होंने कब-कब किन-किन कम्पनियों को कितने-कितने वैक्सीन का आडर किया है, कितने पैसे एडवांस में दिये है बल्कि टीकाकरण को भी वर्ग भेद व आरक्षण के भेंट में चढ़ाकर पूरे प्रदेश आराजकता स्थिति पैदा कर दी है। छत्तीसगढ़ देश में एक मात्र राज्य जहाँ कांग्रेस ने वैक्सीनेशन में भी आरक्षण लागू किया है। अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एवं कांग्रेस के नेताओं द्वारा वेक्सीन को लेकर फैलाये गये नकारात्मक बयानों व झुठ के चलते ही आज जनता के मन में वैक्सीन को लेकर भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है और लोगों का वैक्सीनेशन की ओर झुकाव कम हुआ है। यही कांग्रेस का दोहरा चरित्र है।

कोई भूखा ना सोए
ये हमारी जिम्मेदारी
घर पर रहकर निभाइए, आप अपनी भागीदारी

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में होगी महा-वितरण की शुरुआत

माह मई एवं जून 2021 में
अतिरिक्त नि:शुल्क चावल का वितरण

अंत्योदय राशनकार्डधारियों को मई में नि:शुल्क चावल की पात्रता

(मात्रा किलो में)

| राशन कार्ड | मई एवं जून महीने का आबंटन | मई एवं जून 2021 हेतु अतिरिक्त चावल की मात्रा | मई महीने में कुल चावल की पात्रता |
|---|---|---|---|
| 01 सदस्य वाले कार्ड | 70 | 10 | 80 |
| 02 सदस्य वाले कार्ड | 70 | 20 | 90 |
| 03 सदस्य वाले कार्ड | 70 | 30 | 100 |
| 04 सदस्य वाले कार्ड | 70 | 40 | 110 |
| 05 सदस्य वाले कार्ड | 70 | 50 | 120 |

अंत्योदय राशनकार्ड में प्रत्येक सदस्य को 02 माह की अतिरिक्त पात्रता 10 किलो प्रति सदस्य (5 किलो प्रति सदस्य प्रति माह)

प्राथमिकता राशनकार्डधारियों को मई में नि:शुल्क चावल वितरण की पात्रता

(मात्रा किलो में)

| राशन कार्ड | मई एवं जून महीने का आबंटन | मई एवं जून 2021 हेतु अतिरिक्त चावल की मात्रा | मई महीने में कुल चावल की पात्रता |
|---|---|---|---|
| 01 सदस्य वाले कार्ड | 20 | - | 20 |
| 02 सदस्य वाले कार्ड | 40 | - | 40 |
| 03 सदस्य वाले कार्ड | 70 | - | 70 |
| 04 सदस्य वाले कार्ड | 70 | 10 | 80 |
| 05 सदस्य वाले कार्ड | 70 | 30 | 100 |
| 06 सदस्य वाले कार्ड | 84 | 36 | 120 |

5 या 5 से अधिक सदस्य वाले प्राथमिकता राशनकार्ड में प्रत्येक सदस्य को 02 माह की अतिरिक्त पात्रता 06 किलो प्रति सदस्य होगी (3 किलो प्रति सदस्य प्रति माह)

- अन्नपूर्णा, एकल निराश्रित, नि:शक्तजन राशनकार्डों में मई एवं जून महीने के चावल के नियमित मासिक आबंटन का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा
- सामान्य राशनकार्डों में पूर्व से प्रचलित पात्रता एवं निर्धारित निर्गम मूल्य अनुसार वितरण किया जाएगा
- राशनकार्डधारियों द्वारा उपरोक्त पात्रतानुसार चावल का उठाव माह मई में एक मुश्त अथवा मई एवं जून माह में सुविधानुसार उठाव किया जा सकेगा



श्री भूपेश बघेल
मान. मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

कोरोना के दुश्मन चार | दो गज की दूरी | हाथों को साबुन से बार-बार धोना | मास्क | वैक्सीन

samvad-28707/109

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403